23 मई, 2025
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 212


विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय कल्याण के लक्ष्य को साकार करने में मुझे अपने राष्ट्र पर गर्व : संजय सेठ




FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


# हमारी सेना पाकिस्तान को घुटनों पर लायी: मोदी

## झारखंड समेत देश के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का ऑनलाइन उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बीकानेर/रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पाकिस्तान की हर हरकत का करारा जवाब दिया जायेगा। भारतीयों की जान से खेलने वालों को कतई बख्शा नहीं जायेगा। एटम बम की गीदड़ भभकियों से भारत डरने वाला नहीं है। हिंदुस्तान का लहू बहाने वालों को कतरे-कतरे का हिसाब चुकाना पड़ेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था। गोलियां पहलगाम में चली थीं, उन गोलियों से 140 करोड़ देशवासियों का सीना छलनी हुआ था। तीनों सेनाओं को खुली छूट दे दी थी और तीनों सेनाओं ने पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया।

प्रधानमंत्री गुरुवार को बीकानेर के देशनोक में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहेल उन्होंने झारखंड के तीन समेत देश के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का ऑनलाइन उद्घाटन किया। बीकानेर-बांद्रा ट्रेन को हरी झंडी दिखायी। इसके साथ ही 26 हजार करोड़ रुपये के अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन भी किया।



### समय, तरीका और शर्त सेना तय करेगी

मोदी ने कहा कि पहलगाम हमले के जवाब में हमने 22 मिनट में आतंकियों के नौ सबसे बड़े ठिकाने तबाह किये। दुनिया ने देखा कि जब सिंदूर बारूद बन जाता है, तो नतीजा क्या होता है। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद से निपटने के तीन सूत्र तय किये। पहला, भारत पर आतंकी हमला हुआ तो करारा जवाब मिलेगा। समय हमारी सेनाएं तय करेंगी, तरीका भी हमारी सेना तय करेगी और शर्तें भी हमारी होंगी। दूसरा, एटम बम की गीदड़ भभकियों से भारत डरने वाला नहीं है। तीसरा, हम आतंक के आकाओं और आतंक की सरपरस्त सरकार को अलग-अलग नहीं देखेंगे। उन्हें एक ही मानेंगे।

**मोदी की नस में खून नहीं, गर्म सिंदूर दौड़ रहा है :** प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान भारत से कभी सीधी लड़ाई नहीं जीत सकता। इसलिए आतंकवाद को भारत के खिलाफ हथियार बनाया है। पाकिस्तान एक बात भूल गया कि अब मां भारती का सेवक मोदी यहां सीना तानकर खड़ा है। मोदी का दिमाग ठंडा है, ठंडा रहता है, लेकिन मोदी का लहू गर्म है। अब तो मोदी की नसों में लहू नहीं, गर्म सिंदूर बह रहा है।

**हर आतंकी हमले की कीमत पाकिस्तान चुकायेगा :** मोदी ने कहा कि भारत ने साफ कर दिया है कि हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। यह कीमत पाकिस्तान की सेना और पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चुकायेगी। पाकिस्तान से बात होगी तो सिर्फ पीओके और आतंकवाद पर। भारतीयों के खून से खेलना पाकिस्तान को महंगा पड़ेगा, ये भारत का संकल्प है। दुनिया की कोई ताकत हमें इस संकल्प से डिगा नहीं सकती है।

### गोविंदपुर रोड, राजमहल और शंकरपुर रेलवे स्टेशन का उद्घाटन



गोविंदपुर रोड रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में राज्य के भूमि एवं राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और तोरपा से विधायक सुदीप गुड़िया शामिल हुए

**बीकानेर / रांची (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड में तीन पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन का गुरुवार को ऑनलाइन उद्घाटन किया। गोविंदपुर रोड, राजमहल और शंकरपुर देश भर के उन 103 अमृत भारत स्टेशन में शामिल हैं, जिनका मोदी ने ऑनलाइन उद्घाटन किया है।

खूंटी जिले के गोविंदपुर रोड रेलवे स्टेशन पर आयोजित इस उद्घाटन समारोह में राज्य के भूमि एवं राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और तोरपा से विधायक सुदीप गुड़िया सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए।

### 6.65 करोड़ की लागत से विकास

दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची डिविजन के अंतर्गत हटिया-राउरकेला खंड पर स्थित गोविंदपुर रोड रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास लगभग 6.65 करोड़ रुपये की लागत से किया गया। स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की नींव 26 फरवरी, 2024 को रखी गयी थी। इस स्टेशन में पहले केवल बुनियादी सुविधाएं थीं, लेकिन अब यह एक आधुनिक, सभी सुविधाओं से सुसज्जित और पर्यावरण अनुकूल स्टेशन में बदल गया है। साहेबगंज जिले के राजमहल स्टेशन और देवघर जिले के शंकरपुर स्टेशन का करीब 15 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास किया गया। स्टेशनों को स्थानीय कला और सांस्कृतिक कलाकृतियों से सजाया गया अधिकारियों ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत झारखंड में 57 स्टेशन विकसित किये जा रहे हैं।


SMD TRADERS
कटहल मोड़ चौक
पटाखा गली, श्रीराम नगर
गुटवा, थाना - नगरी, राँची
हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता
जाओ मम्मी - पापा जाओ एसएमडी के पटाखे लाओ
क्यो ?..................इसलिए !
मम्मी पापा से कहते है बच्चे एसएमडी के पटाखे अच्छे
संपर्क करें :
6201474385
7488680098
9717720847


# बाबा साहेब के नाम से सभी जिलों में खुलेगा पुस्तकालय : हेमंत सोरेन

मुख्यमंत्री ने रांची के करम टोली में बहुमंजिले छात्रावास निर्माण की रखी आधारशिला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के छात्र-छात्राओं का बेहतर भविष्य सुनिश्चित हो। यहां के विद्यार्थी हर क्षेत्र में अच्छा मुकाम हासिल करें, इसके लिए उन्हें जो भी संसाधन की जरूरत होगी, राज्य सरकार मुहैया करायेगी। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के नाम से सभी जिलों में भव्य पुस्तकालय खोले जायेंगे। इन पुस्तकालयों में हर तरह की पुस्तकें और पत्रिकाएं उपलब्ध होंगी। राज्य में बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाने के लिए सरकार आने वाले दिनों में कई और कदम उठायेगी। मुख्यमंत्री गुरुवार को रांची के करमटोली स्थित आदिवासी कॉलेज छात्रावास परिसर में 520 शैय्या वाले अनुसूचित जनजाति बहुमंजिली छात्रावास निर्माण के भूमि पूजन कार्यक्रम के बाद बोल रहे थे।



### हमारी परिकल्पना को अब मिल रहा मूर्त रूप

मुख्यमंत्री ने कहा कि कल्याण विभाग के सभी छात्रावासों का जीर्णोद्धार करने का सरकार ने निर्णय लिया है। इसी कड़ी में आज बहुमंजिली छात्रावास निर्माण की हमारी परिकल्पना भूमि पूजन के साथ साकार हो रही है। उस दिन हमें और भी खुशी होगी, जब सभी आवश्यक सुविधाओं से संपन्न यह छात्रावास पूरी तरह बनकर तैयार होगा। राज्य के अलग-अलग हिस्सों से अपने भविष्य को संवारने का सपना लेकर आने वाले गरीब आदिवासी बच्चे यहां शिफ्ट करेंगे।

**आप केवल पढ़ाई करें, सरकार आपकी चिंताएं दूर करेगी :** हेमंत सोरेन ने छात्र-छात्राओं से कहा कि वे सिर्फ अपनी पढ़ाई पर फोकस करें, उनकी जो भी समस्याएं और चिंताएं होगी, उसे सरकार दूर करेगी। उन्होंने कहा कि छात्रावास में विद्यार्थियों को अब अपने घर से चावल, दाल और अन्य खाद्य सामग्री लाने की जरूरत नहीं होगी। उन्हें सरकार की ओर से तीनों वक्त का पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जायेगा। यहां रसोइया और चौकीदार भी होंगे। वहीं, विद्यार्थियों के पठन-पाठन से संबंधित जरूरी संसाधन की भी व्यवस्था होगी।

**यहां के बच्चे आगे बढ़ें, सरकार कर रही पूरा सहयोग :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रतिस्पर्धा का जमाना है। ऐसे में प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए विद्यार्थियों को सरकार हर स्तर से सहयोग कर रही है। यहां के गरीब बच्चों को इंजीनियरिंग और मेडिकल जैसे कोर्सेज करने में आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की गयी है।

**कार्यक्रम में थे मौजूद :** इस अवसर पर मंत्री चमरा लिंडा, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, मुख्य सचिव अलका तिवारी, सचिव कृपानंद झा, सचिव अरवा राजकमल और आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा समेत अन्य लगो मौजूद थे।

### स्कूलों-कॉलेजों में जोड़े जा रहे हैं नये आयाम

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार राज्य की शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए स्कूल-कॉलेजों में आधारभूत संरचनाओं को मजबूत किया जा रहा है। यहां जो कमियां थीं, उसे दूर कर रहे हैं।

# शराब घोटाला : एसीबी की गिरफ्त में आते ही आइएएस विनय चौबे का बढ़ा बीपी, रिम्स में भर्ती

तीन आधिकारियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में 38 करोड़ के शराब घोटाला मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने गुरुवार को जेएसबीसीएल के पूर्व जीएम सुधीर कुमार, जेएसबीसीएल के वर्तमान जीएम सुधीर कुमार दास और मार्शन कंपनी के प्रतिनिधि नीरज कुमार सिंह विशेष अदालत में पेश करने के बाद तीन जून तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। तीनों को बुधवार को गिरफ्तार किया गया था। वहीं, इसी मामले में मंगलवार को गिरफ्तार आइएएस विनय चौबे की तबियत बिगड़ गयी है। उन्हें होटवार जेल से रिम्स में भर्ती कराया गया है।

बताते चलें कि एसीबी ने विनय चौबे की गिरफ्तारी के बाद कहा था कि यह कांड अपने पद का दुरुपयोग करते हुए प्लेसमेंट ऐजेंसियों का चयन कर विहित प्रकिया एवं प्रावधान में मिलीभगत और जालसाजी धोखाधड़ी कर सरकार को लगभग 38 करोड़ का नुकसान होने संबंधित प्रर्याप्त साक्ष्य के आधार हैं। आइएएस विनय चौबे और संयुक्त सटिव गजेंद्र सिंह को गिरप्तार किया था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विनय चौबे की बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में तबियत बिगड़ गयी, जिसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेज दिया गया। उन्हें रिम्स के पेइंग वार्ड में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टर ऋषि गुरिया की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है।


BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
Admission Open 2025-26
Approved by BCI
LL.B. (3 Years) | B.A. LL.B. (Honours) (5 Years) | B.B.A. LL.B. (Honours) (5 Years)
Special Fetures -
Traditional and e-Library | Highly Qualified Faculty | Legal Research Cell | Separate Hostels for Boys & Girls | 23-Year of Academic Excellence | Practical court craft & moot court | 100 + Acre Green Campus
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
BCA | MCA | BBA | MBA
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE CSE (CYBER SECURITY) Regular & Lateral
DIPLOMA CSE | EEE | CE ME | EE Regular & Lateral
Others Job Oriented Courses
MERIT BASED SCHOLARSHIP UP TO 30% ON TUITION FEE
B.D.S | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM
B.Sc. (Medical) | B.Sc. (MLT) | M.Sc. (MLT)
B.Ed. | D.El.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical)
PARAMEDICAL | B.A. | B.Sc. | B.Com. | M.A.
M.Sc. | M.Com. | B.Sc. (Agriculture) | B.Pharm
D.Pharm | B.Lib.I.Sc. | M.Lib.I.Sc. | ITI
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
For More Details Visit : bdsu.ac.in email : bdsugarhwa@gmail.com


## न्यूज रील्स

### वक्फ कानून: सुनवाई पूरी, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के बाद तीन मुद्दों पर अपना अंतरिम आदेश सुरक्षित रख लिया है। इन मुद्दों कोर्ट द्वारा वक्फ घोषित संपत्तियों को डिनोटिफाइ करना, वक्फ-बाय-यूजर या वक्फ बाय डीड शामिल है। फैसला सुरक्षित रखने से पहले सीजेआइ बीआर गवई और जस्टिस अगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने लगातार तीन दिनों तक वक्फ कानून का विरोध करने वाले याचिकाकताओं के वकील कपिल सिब्बल, राजीव धवन, अभिषेक सिंघवी और सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें सुनीं।

## झारखंड में आउटसोर्स कर्मियों को बड़ी राहत

# पांच साल की सेवा, वेतनवृद्धि और चार लाख का बीमा होगा

कैबिनेट ने झारखंड मैनपावर आउटसोर्सिंग रेगुलेशन को दी मंजूरी

राज्य में जल संसाधन आयोग के गठन की भी मिली मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें आउटसोर्स कर्मियों के हित में एक बड़ा फैसला लिया गया। आउट सोर्सिंग पर अब पांच साल के लिए बहाली होगी। सालाना उनका वेतन वृद्धि भी होगा और ग्रुप बीमा भी कराया जायेगा। इससे संबंधित प्रस्ताव समेत कैबिनेट ने कुल 10 प्रस्तावों को मंजूरी दी। इनमें जल संसाधन आयोग के गठन, अल्पसंख्यक स्कूल के बच्चों को किताब-कॉपी देने समेत अन्य फैसले शामिल हैं।

(शेष पेज 05 पर)

### विकास आयुक्त के नेतृत्व में बनेगा जल संसाधन आयोग




कैबिनेट ने राज्य में जल संसाधन आयोग के गठन की मंजूरी दी। विकास आयुक्त के नेतृत्व में इस जल संसाधन आयोग का कार्यकाल दो वर्ष का होगा। जिस पर सरकार 23 करोड़ 97 लाख 58 हजार 225 रुपये खर्च करेगी। इस आयोग के अध्यक्ष विकास आयुक्त होंगे। विभाग के प्रधान सचिव सदस्य सचिव होंगे। इसके अलावा आयोग में कई तकनीकी विशेषज्ञ होंगे। आयोग के अंतर्गत एक कार्यकारी समिति होगी जिसके अध्यक्ष जल संसाधन विभाग के सचिव होंगे। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि इस आयोग के गठन का उद्देश्य राज्य के वाटर बेसिन में जल की उपलब्धता और इसके बहुआयामी उपयोग तथा कुशल प्रबंधन करना है।










# सवाल कर राहुल ने स्वीकारा तो कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान पर कार्रवाई की

- इस बार सबूत नहीं मांग रहे कांग्रेस के युवराज, वैसे सेना ने सबूतों का भंडार पहले ही लगा दिया है
- बार-बार पाकिस्तान परस्त सवाल क्यों पूछते हैं राहुल, पाकिस्तानी मीडिया की आंखों के तारे बने हुए हैं
- राहुल को भारत की उपलब्धियों का नहीं, उन्हें चाहिए देश को हुए नुकसान का हिसाब
- विदेश मंत्री को घेरने के चक्कर में खुद ही सवालों में घिर गये हैं नेता प्रतिपक्ष

**आजाद सिपाही विशेष**

पहलगाम हमले के जवाब में भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक बार फिर से विवादों के घेरे में हैं। राहुल गांधी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के बयान को निशाने पर लेते हुए कहा कि इससे देश की सेना को नुकसान पहुंचा है। कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हाल के वर्षों में विदेश मंत्रालय और विदेश नीति से जुड़े मुद्दों पर कई बार सवाल उठाये हैं। उनके बयान अक्सर विवादों का केंद्र रहा है। इस बार राहुल गांधी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर विदेश मंत्रालय पर सवाल उठाये। उन्होंने पूछा कि क्या भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू करने से पहले पाकिस्तान को बताया था। यदि हां, तो इससे भारतीय वायुसेना को कितना नुकसान हुआ। उन्होंने विदेश मंत्री एस जयशंकर की कथित टिप्पणी को 'अपराध' करार दिया। राहुल गांधी ने पोस्ट किया कि विदेश मंत्री की चुप्पी केवल बयानबाजी नहीं, बल्कि यह निंदनीय है। मैं फिर से सवाल पूछता हूं: हमने कितने भारतीय विमान खोये, क्योंकि पाकिस्तान को पहले से जानकारी थी? यह चूक नहीं थी, यह एक अपराध था। और देश को सच्चाई जानने का हक है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान को ऑपरेशन शुरू होने के बाद सूचित किया गया था। भाजपा ने राहुल पर 'पाकिस्तान की भाषा बोलने' का आरोप लगाया, जिससे उनके बयान को 'ऊल-जुलूल' बताने की कोशिश हुई। इससे पहले 2022 में गलवान घाटी में भारत-चीन तनाव के बाद, राहुल ने विदेश मंत्रालय की चुप्पी और सरकार की नीतियों पर सवाल उठाये थे। उन्होंने दावा किया था कि सरकार ने पारदर्शिता की कमी दिखायी। 2025 में पहलगाम आतंकी हमले के बाद भी उन्होंने विदेश नीति को निशाना बनाया है। राहुल के बयान अक्सर तथ्यों पर कम और भावनात्मक अपील पर ज्यादा आधारित होते हैं, जो सुर्खियां बटोरने का आसान तरीका है। इस बार विदेश मंत्री को घेरने के चक्कर में नेता प्रतिपक्ष खुद सवालों के घेरे में फंस गये हैं और उनसे सवाल पूछे जा रहे हैं। क्या है यह पूरा मामला और क्या हैं राहुल से सवाल, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

फ्रांसीसी दार्शनिक और लेखक वॉल्टेयर कहते हैं कि किसी भी व्यक्ति को उसके प्रश्नों से पहचानें, न कि उसके उत्तरों से। हमारे द्वारा किसी से भी पूछा गया प्रश्न वैसे तो साधारण मालूम होता है, लेकिन यह हमारी संवेदनशीलता और चरित्र का भी मूल्यांकन करता है। इसलिए लिहाजा जब भी प्रश्न करना हो, तो उससे पहले स्वयं से प्रश्न करना आवश्यक है। राहुल गांधी बार-बार ऐसे सवाल पूछते रहते हैं, जिनसे वह खुद विवादों में घिर जाते हैं। पता नहीं ऐसे सवाल पूछने का आइडिया उन्हें देता कौन है।

### विदेश मंत्री के बयान पर सवाल

पिछले लगभग 11 वर्षों में राहुल गांधी भारत सरकार और विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रश्न पूछते रहते हैं। प्रायः राहुल गांधी के प्रश्नों का मंतव्य देश, सेना और सरकार की छवि धूमिल करना होता है। अपनी आदत से मजबूर राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट कर 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर को प्रश्नों के कटघरे में खड़ा किया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर प्रश्न पूछने के कारण राहुल गांधी फिर एक बार पाकिस्तानी मीडिया की आंखों के तारे बने हुए हैं। राहुल गांधी का यह पोस्ट पाकिस्तानी मीडिया में बड़े पैमाने पर प्रचारित किया जा रहा है। राहुल गांधी के पोस्ट को पाकिस्तान के प्रमुख मीडिया चैनलों और समाचार पत्रों ने भी हाथों-हाथ लिया है। कई टीवी डिबेट में इस पर चर्चा हो रही है। राहुल गांधी ने पोस्ट किया कि विदेश मंत्री की चुप्पी केवल बयानबाजी नहीं, बल्कि यह निंदनीय है। मैं फिर से सवाल पूछता हूं: हमने कितने भारतीय विमान खोये क्योंकि पाकिस्तान को पहले से जानकारी थी? यह चूक नहीं थी, यह एक अपराध था। और देश को सच्चाई जानने का हक है।

### पहले भी सेना से प्रमाण मांग चुके हैं राहुल गांधी

वैसे यह कोई पहला अवसर नहीं है, जब कांग्रेस या उसके नेता ने देश के गौरव, उपलब्धि और सेना के पराक्रम को प्रश्नों के कटघरे में खड़ा किया है। बालाकोट एयर स्ट्राइक और उरी सर्जिकल स्ट्राइक के समय भी कांग्रेस ने सेना से प्रमाण मांगे थे। भारतीय सेना स्पष्ट कर चुकी है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारत का कोई विमान हताहत नहीं हुआ।



बावजूद इसके, राहुल गांधी सेना के बयान को झूठा साबित करने में लगे हैं। ऐसा करके वह यह साबित करना चाहते हैं कि भारतीय सेना सरकार के दबाव और कहने पर झूठ बोल रही है। सरकार 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर देशवासियों से कुछ छिपा रही है। दूसरी तरफ वास्तविकता यह है कि भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिये जैसा विध्वंस पाकिस्तान में किया है, उतना 1965 और 1971 के युद्ध में भी नहीं हुआ था। 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय सेना ने जो किया, वह चीन, तुर्किए और अमेरिका को भी सदमे में डालने वाला है। भारतीय सेना हर बार की भांति इस बार भी अतुलनीय, अपराजेय और अगम्य रही।

### सवालों के घेरे में राहुल गांधी

कांग्रेस पार्टी भी सच्चाई से अवगत है। लेकिन मोदी सरकार को 'ऑपरेशन सिंदूर' का कहीं श्रेय न मिल जाये, इसलिए वह क्षुद्र राजनीति पर उतर आयी है। वास्तव में, कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करते करते प्रायः राष्ट्र विरोध पर उतर आती है। यह सर्वविदित है कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकियों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष हिंदू पर्यटकों को निर्दयता से मारा। बावजूद इसके राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी ने पाकिस्तान की कड़े शब्दों में निंदा नहीं की। पाकिस्तान ही नहीं, हमारे शत्रु चीन के साथ कांग्रेस के मधुर संबंध जगजाहिर हैं।

### राहुल गांधी से सवाल

अब देश भी राहुल गांधी से प्रश्न पूछना चाहता है। 1962 के युद्ध में कांग्रेस की सरकार ने हजारों वर्ग किमी जमीन चीन को क्यों हड़पने दी? 1971 के युद्ध में कांग्रेस की सरकार अपने 54 वीर सैनिकों को पाकिस्तान से क्यों छुड़ा नहीं पायी? 1971 के युद्ध और शिमला समझौते से भारत को क्या हासिल हुआ? सिंधु जल संधि में भारत के हिस्से का पानी पाकिस्तान को क्यों दिया गया? चीन से गुपचुप मिलने और एमओयू साइन करने में कौन सा देश हित छिपा है? आतंकियों और उनके सरपरस्त पाकिस्तान के प्रति कांग्रेस पार्टी का रवैया हमेशा नरम क्यों रहता है? देश को यह सच्चाई जानने का भी हक है।

### आलोचना और अपयश में बारीक अंतर होता है

राहुल गांधी ने पिछले कुछ वर्षों में कई बार विदेशी मंचों का प्रयोग भारत को लेकर विवादास्पद बयान देने के लिए किया है। इस पर उनकी पार्टी का यह तर्क रहा है कि वे भारत की असली तस्वीर दुनिया के सामने रख रहे हैं। लेकिन राहुल गांधी और कांग्रेस को समझना होगा कि आलोचना और अपयश में एक बारीक अंतर होता है। एक राष्ट्रीय नेता को यह समझना चाहिए कि देश और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर दिये गये वक्तव्य केवल घरेलू राजनीति तक सीमित नहीं रहते, बल्कि वे देश की छवि, निवेशकों के भरोसे और वैश्विक कूटनीतिक संबंधों पर भी प्रभाव डालते हैं। राहुल गांधी को समझना होगा कि सच को कभी झुठलाया और छिपाया नहीं जा सकता। देश को सच जानने का हक है। जो सवाल 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर उन्होंने पूछे हैं, उनका जवाब तो सेना पहले ही दे चुकी है। लेकिन सच की आड़ लेकर वह और उनकी पार्टी जो झूठ, अविश्वास, संदेह और भ्रम फैला रही है, उससे सेना और देशवासियों के मनोबल और विश्वास को ठेस पहुंचती है।

---

# जासूसी मामले में यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की रिमांड चार दिन बढ़ी

**कोर्ट का मेन गेट बंद कर काले शीशों वाली गाड़ी में ले गयी पुलिस**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के शक में पकड़ी गयी हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को हिसार पुलिस गुरुवार सुबह साढ़े 9 बजे कोर्ट लायी। करीब डेढ़ घंटे तक उसकी रिमांड पर बहस चली। इसके बाद हिसार पुलिस को ज्योति की 4 दिन की रिमांड और मिल गयी।

हालांकि पुलिस ने 7 की रिमांड की मांग की थी। इस पर जज ने कहा कि 7 दिन की रिमांड किसलिए चाहिए। पुलिस ने कहा कि ज्योति ने देश में कई जगह ट्रैवल किया है, उसकी ट्रैवल हिस्ट्री निकालनी है। अभी उसके फोन और लैपटॉप से डिजिटल एविडेंस नहीं मिले हैं। इसको लेकर ज्योति से और पूछताछ की जानी है। कोर्ट ने चार ही दिन का रिमांड दिया।

पेशी के बाद ज्योति को मीडिया की नजरों से बचाने के लिए पुलिस फिल्मी स्टाइल में उसे बाहर ले गयी। पुलिस ने पहले काले शीशों वाली स्कॉर्पियो मंगाई, फिर कोर्ट का मेन गेट बंद करा दिया। इसके बाद ज्योति को उसमें बिठाने के बाद पुलिस वहां से रवाना हो गयी। इस दौरान किसी अधिकारी ने मीडिया से बात नहीं की।

बता दें कि ज्योति 16 मई को गिरफ्तार हुई थी। इसके बाद 5 दिन तक रिमांड पर रहते हुए हिसार पुलिस के अलावा एनआइए, मिलिट्री इंटेलिजेंस, आइबी और अन्य खुफिया एजेंसियों ने उससे पूछताछ की है।

## पहलगाम आतंकी हमले में ज्योति की भूमिका की जांच



**एनआइए सोर्सेज के मुताबिक पहलगाम आतंकी हमले में ज्योति की भूमिका की जांच की जा रही है। पहलगाम हमले से पहले और उसके बाद वह किन-किन लोगों के संपर्क में रही? किस-किस से बात की? इसे लेकर उसके मोबाइल खंगाले जा रहे हैं। इसके बाद एनआइए उसे पहलगाम भी ले जा सकती है। यह शक इसलिए गहराया, क्योंकि पहलगाम हमले से पहले कश्मीर में ज्योति ने उन्हीं जगहों के वीडियो बनाये, जहां सेना की तैनाती या मूवमेंट नहीं थी। जांच एजेंसी इस बात की पड़ताल कर रही है कि ज्योति ने सिर्फ ट्रैवलिंग के इरादे से वीडियो बनाये या फिर उसमें पाकिस्तानी एजेंट्स के लिए कोई कोड छिपा था। इसके लिए उसके बैंक खातों में कश्मीर टूर के दौरान हुई ट्रांजैक्शन की भी जांच की जा रही है। जांच में ज्योति के 4 बैंक अकाउंट मिले हैं।**

---

## सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की रवानगी पर बोला विदेश मंत्रालय

# दुनिया आतंकवाद से लड़ने के लिए भारत के साथ आये

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को साप्ताहिक ब्रीफिंग में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की रवानगी समेत तमाम मुद्दों पर जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम आतंकवाद से लड़ने के अपने संकल्प को दुनिया तक पहुंचा रहे हैं। हम चाहते हैं कि दुनिया आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से लड़ने के लिए एक साथ आये। उन्होंने कहा कि हम दुनिया से आग्रह करना चाहते हैं कि वे सीमा पार आतंकवाद के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहरायें। पाकिस्तान पिछले 40 वर्षों से भारत के खिलाफ आतंकवाद को अंजाम दे रहा है। उसके कार्यों को उजागर करने की आवश्यकता है। उसे भारत के खिलाफ किये गये आतंकी हमलों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। इसलिए सात प्रतिनिधिमंडल बनाये गये हैं। तीन प्रतिनिधिमंडल रवाना हो चुके हैं। यह एक राजनीतिक मिशन है।



### बातचीत और आतंकवाद एक साथ नहीं चल सकते

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत और पाकिस्तान के बीच जंग को समाप्त करने का श्रेय लेने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि अपनी पिछली ब्रीफिंग में मैंने इस पर बात की थी। मेरे पास कहने के लिए और कुछ नहीं है। आप हमारी स्थिति से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि भारत-पाकिस्तान के बीच कोई भी जुड़ाव द्विपक्षीय होना चाहिए। बातचीत और आतंकवाद एक साथ नहीं चल सकते। आतंकवाद के मामले में हम उन कुख्यात आतंकवादियों को भारत को सौंपने पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं, जिनकी सूची कुछ साल पहले पाकिस्तान को दी गयी थी। उन्होंने कहा कि मैं इस बात पर जोर देना चाहूंगा कि जम्मू और कश्मीर पर कोई भी द्विपक्षीय चर्चा केवल पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्जाये गये भारतीय क्षेत्र को खाली करने पर होगी। सिंधु जल संधि भी तब तक स्थगित रहेगी, जब तक कि पाकिस्तान विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को त्याग नहीं देता। जैसा कि हमारे प्रधान मंत्री ने कहा है कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते।

**अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने की पहलगाम आतंकी हमले की निंदा :** चीन, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के विदेश मंत्रियों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता पर उन्होंने कहा कि हमने कुछ रिपोर्ट देखी हैं। मुझे इसके अलावा और कुछ नहीं कहना है। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर की अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री के साथ बातचीत पर हमने जानकारी दी थी। विदेश मंत्री ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करने के लिए अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री को धन्यवाद दिया। वे कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर भी सहमत हुए। विदेश मंत्री ने हाल ही में झूठी और निराधार रिपोर्टों के माध्यम से भारत और अफगानिस्तान के बीच अविश्वास पैदा करने के प्रयासों को दृढ़ता से अस्वीकार करने का भी स्वागत किया।

### भारत में बांग्लादेश के 2369 अवैध अप्रवासी

भारत में लंबे समय से अवैध प्रवासी रह रहे हैं। इसमें से बांग्लादेश के 2369 से अधिक अवैध प्रवासियों को निर्वासित किया जाना है। इसके लिए हमने बांग्लादेश से उनके सत्यापन और उनको वापस लेने के लिए कहा है। इसमें कई प्रवासी ऐसे हैं, जिन्होंने अपनी सजा पूरी कर ली है।,जबकि कई का 2020 से सत्यापन लंबित है। बांग्लादेश इस पर जल्द कार्रवाई करे।

### हमें उम्मीद तुर्किये पाकिस्तान से आतंकवाद बंद करने के लिए कहेगा

तुर्किये के मामले में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमें उम्मीद है कि तुर्किये पाकिस्तान से सीमा पार आतंकवाद को अपना समर्थन बंद करने और दशकों से अपने यहां मौजूद आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कहेगा। रिश्ते एक-दूसरे की चिंताओं के प्रति संवेदनशीलता के आधार पर बनते हैं। सेलेबी मामले पर यहां तुर्किये दूतावास के साथ चर्चा की गयी है, लेकिन मैं समझता हूं कि यह विशेष निर्णय नागरिक उड्डयन सुरक्षा द्वारा लिया गया था।

### चीन को दिया था कड़ा जवाब

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमारे एनएसए और चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने 10 मई 2025 को एक-दूसरे से बात की थी। एनएसए ने पाकिस्तान से उत्पन्न सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख से अवगत कराया था। चीनी पक्ष अच्छी तरह से जानता है कि आपसी विश्वास, आपसी सम्मान और आपसी संवेदनशीलता भारत-चीन संबंधों का आधार बने हुए हैं।




वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 34.5 °c | 21.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.26 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.05 बजे | |

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 23 मई, 2025
www.azadsipahi.in


# भाजयुमो रांची महानगर ने निकाली तिरंगा यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा रांची महानगर द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर तिरंगा यात्रा निकाली गयी। इस यात्रा का उद्देश्य भारतीय सेना के पराक्रम को सम्मान देना और पाकिस्तानी सेना को धूल चटाने के लिए सेना की बहादुरी का जश्न मनाना था। यात्रा की शुरुआत मोरहाबादी स्थित संकल्प वाटिका से हुई। यहां शहीद संकल्प शुक्ला की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद परमवीर अल्बर्ट एक्का और शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा का समापन हुआ। इस यात्रा में हजारों की संख्या में रांची के युवाओं ने भाग लिया और देश भक्ति संगीत पर हिंदुस्तान जिंदाबाद और भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाये। यात्रा में पहलगाम घटना की झांकी और ऑपरेशन सिंदूर की झांकियां भी निकाली गयीं। भाजपा संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि आज पूरा भारत अपनी सेना के पराक्रम पर रोमांचित और गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सेना का लोहा आज पूरा विश्व भी मान रहा है और यह नया भारत है, जो किसी को भी नहीं छोड़ेगा।

शशांक राज ने कहा कि आज पूरे भारत में तिरंगा यात्रा के माध्यम से हर कोई सेना के प्रति अपना सम्मान सड़कों पर दिखाने का काम कर रहा है। वरुण साहू ने कहा कि भारतीय सेना ने दुनिया में हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा किया है।





तिरंगा यात्रा में रमेश सिंह अपने समर्थकों के साथ बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। रमेश सिंह ने कहा कि कोई भी हमारे देश की संप्रभुता पर किसी भी तरह का वार अगर करता है, तो फिर हम भी उसके देश की सीमाओं में घुस कर ऐसे तत्वों को खत्म करने का काम करेंगे। हमारी सेना का लोहा आज पूरा विश्व भी मान रहा है। यह नया भारत है, अगर इसको छेड़ोगे तो यह तुमको छोड़ेगा नहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न सिर्फ पाकिस्तान बल्कि उसके आकाओं को भी एक कड़ा संदेश दिया है। इस मौके पर मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही, राकेश प्रसाद, बालमुकुंद सहाय, मनोज सिंह, समरी लाल, शिवपूजन पाठक, योगेंद्र प्रताप सिंह, हेमंत दास, केके गुप्ता, राहुल चौधरी, जितेंद्र वर्मा, विनय सिंह, अनीता वर्मा, राजू सिंह, सुधाकर चौबे, संजीत सिंह, पवन पासवान, रंजीत नाथ शहदेव, संजय महतो, बबन बैठा, सचिन साहू, धर्मवीर सिंह, धर्मेंद्र शुक्ला, रोशन साहू, सुबेश पांडेय, भीम प्रभाकर, विनय राज, मिंटू चौबे, रणधीर सिंह, अरुण कुमार, साहिल कुमार, अमित साहू, मनोज तिर्की सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

## देश के वीरों को सलाम करते हैं और हमें देश के सैनिकों पर गर्व है : चडरी सरना समिति



रांची। तिरंगा यात्रा के दौरान कचहरी चौक, सुभाष चंद्र बोस चौक और परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक में भव्य स्वागत किया गया। अल्बर्ट एक्का चौक में चडरी सरना समिति द्वारा तिरंगा यात्रा के अगुवाई कर रहे भाजपा नेता रमेश सिंह, एनसीसी कैडेट के छात्र-छात्राओं और रांची के गणमान्य व्यक्तियों को फूल-माला पहना कर भव्य स्वागत किया गया। चडरी सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से देश के वीरों को सलाम करते हैं और हमें देश के सैनिकों पर गर्व है। प्रधान महासचिव सुरेंद्र लिंडा ने कहा कि 21वीं सदी के दौर में भारतीय सैनिकों से टकराने के लिए अच्छे अच्छे देशों को सोचने पर मजबूर करता है। इस मौके पर मुख्य सलाहकार कुमोद कुमार वर्मा, पूजा समिति अध्यक्ष सबलू मुंडा, बादल लिंडा, भोला केसरी, विक्की सोनी और नीरज गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** परिस्थिति में सुधार। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता। धनलाभ,शुभ समाचार मिलेगा।

**वृष** प्रेम प्रसंग में सफलता। विरोधियों पर विजय। पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा।

**मिथुन** व्यावसायिक स्थिति में निरन्तर मजबूती बढेगी,शत्रु पराभूत होंगे। आकस्मिक धनलाभ होगा।

**कर्क** राजनीतिक लाभ। अनेक रचनात्मक काम शुरू होंगे। परेशानियों में कमी होगी।

**सिंह** धर्म-समाज के प्रति दायित्व पूरे होंगे। गृह-भूमि-वाहन का सुख। आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे।

**कन्या** संतानपक्ष से हर्षदायक समाचार की प्राप्ति होगी,इच्छित कार्य में सफलता, मन प्रसन्न रहेगा।

**तुला** कानूनी उलझनों से छुटकारा। रोग-शोक-दुःश्चिंताओं से मुक्ति मिलेगी। विशिष्टजनों से संपर्क होगा।

**वृश्चिक** जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में अनुकूल परिस्थितियां बनेगी। चल-अचल संपत्ति से लाभ होगा।

**धनु** सरकारी नौकरी से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे। गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा।

**मकर** कामकाज की स्थिति बेहतर होगी। परिश्रम-प्रयत्न से वांछित उन्नति की ओर अग्रसर रहेंगे।

**कुंभ** जमीन-मकान, वाहन संबंधी समस्या का समाधान मिलेगा। राजकीय उलझनें दूर होंगी।

**मीन** कार्य की अधिकता, रोजगार-व्यवसाय में समस्याओं के समाधान का रास्ता निकलेगा।

### 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

# भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को सशक्त करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है : अन्नपूर्णा देवी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** बरगंडा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में 'वन नेशन, वन इलेक्शन (एक राष्ट्र, एक चुनाव)' विषय पर एक विचार-विमर्श संगोष्ठी का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री एवं कोडरमा लोकसभा क्षेत्र की सांसद अन्नपूर्णा देवी मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुईं।

अन्नपूर्णा देवी ने अपने संबोधन में कहा कि 'एक देश, एक चुनाव' की अवधारणा भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को सशक्त करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। यह प्रणाली न केवल प्रशासनिक दक्षता को बढ़ावा देगी बल्कि नीति निर्माण में स्थिरता और पारदर्शिता भी लायेगी। इससे लगातार होने वाले चुनावों में होने वाले व्यय में भी उल्लेखनीय कमी आयेगी, जिससे जनता के धन का अधिक सार्थक और प्रभावी उपयोग संभव हो सकेगा।

उन्होंने कहा कि यह पहल लोकतंत्र की जड़ों को और अधिक मजबूत करेगी। प्रशासन की गुणवत्ता में सुधार लायेगी। नीति निर्माण में निरंतरता सुनिश्चित करेगी और देश भर में सुशासन की नींव को और अधिक मजबूत बनायेगी।

कार्यक्रम में बगोदर विधायक नागेंद्र महतो, जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, बुद्धिजीवी वर्ग, अधिवक्ता, डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, व्यापारी, महिला, किसान, युवा साथियों सहित भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने मलेशिया में भारतीय प्रवासियों के साथ संवाद किया

# विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय कल्याण के लक्ष्य को साकार करने में मुझे अपने राष्ट्र पर गर्व : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/मलेशिया।** कुआलालंपुर में गुरुवार को भारतवंशियों के साथ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने संवाद किया। अपने देश से इतनी दूर भारतवंशियों से मिल कर जो आत्मिक अनुभूति होती है, उसे शब्दों में नहीं बताया जा सकता। इस क्रम में इन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बदलते भारत से रूबरू कराया। उन्हें बताया कि मोदी सरकार के नेतृत्व में नया भारत हर क्षेत्र में तेजी से कदम आगे बढ़ा रहा है। यह खुशी है कि दुनिया भर के भारतवंशी भारत को पूर्ण समर्थन कर रहे हैं। यह भारतवंशियों की विशेषता है कि वह जिस देश में रहते हैं, उस देश के लिए कर्तव्यों का निर्वहन समर्पित हो कर करते हैं। अभी भारत विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की 140 करोड़ जनता कदम से कदम मिला कर आगे बढ़ रही है। यह नया भारत अब हर क्षेत्र में नये इनोवेशन कर रहा है। अभी भारत में गौरवशाली विरासत के साथ समग्र विकास की यात्रा चल रही है।



उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भारत 'वन नेशन वन इलेक्शन' की तरफ कदम बढ़ा चुका है, ताकि चुनाव के अनावश्यक परेशानियों और संसाधनों की बर्बादी से बचा जा सके। उसका सदुपयोग देश के विकास में हो। 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे अभियान के माध्यम से हमने बता दिया कि आतंकवाद का फन कुचलने के लिए भारत सदैव खड़ा है। आतंकवाद जैसे विषय पर भारत 'जीरो टॉलरेंस' की नीति रखता है और यह आगे भी जारी रहेगा। मोदी का नया भारत अपनी गौरवशाली संस्कृति और सभ्यता को साथ लेकर आगे बढ़ रहा है। जहां हम 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' का मंत्र अपना रहे हैं। पूरी दुनिया को भी अपना महत्वपूर्ण सहयोग दे रहे हैं। इस संवाद कार्यक्रम में भारतवंशियों से कई विषयों पर परिचर्चा की। उनके सुझाव भी लिया। भारत के विकास में उनकी भूमिका से भी उन्हें अवगत कराया। इस अवसर पर मलेशिया में भारत के राजदूत बीएन रेड्डी, सहित मलेशिया के विभिन्न क्षेत्रों से भारतीय समुदाय - प्रतिष्ठित प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार विजेता, मलेशिया इंडिया हेरिटेज सोसाइटी, मलेशियाई सशस्त्र बल सिख वेटरंस एसोसिएशन, तत्त खालसा दीवान, आइएनए वेटरन, भारत क्लब कुआलालंपुर, जीओपीआइओ मलेशिया, ओवरसीज बीजेपी के मित्र, पर्मिम, मलेशिया गुरुद्वारा परिषद, गुरुद्वारा सेंटुल, नेताजी कल्याण फाउंडेशन, मलेशिया बंगाली एसोसिएशन, मलेशिया कन्नड़ संघ, कश्मीरी समुदाय के सदस्य, मलेशिया के तेलुगु एसोसिएशन, मलेशिया तेलुगु फाउंडेशन, बिहार सांस्कृतिक संघ, तमिल एक्सपैट एसोसिएशन, मलेशिया की उड़िया सोसाइटी, महाराष्ट्र मंडल मलेशिया, तेलुगु एक्सपैट्स एसोसिएशन मलेशिया, मलेशिया ओड़िया एसोसिएशन, गुजराती एसोसिएशन, दाऊदी बोहरा मलेशिया, पीआरइएसएमए, एनआरटीआइए, तमिल राइटर्स एसोसिएशन, आसियान-भारत आर्थिक परिषद के लोग शामिल थे।

# जमीन विवाद की जांच के लिए गठित एसआइटी में तीन और अधिकारी शामिल

### सात आइपीएस पहले से हैं सदस्य, शिकायतों का लगा है अंबार

अजय शर्मा

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची में बढ़ते जमीन विवाद की जांच के लिए गठित एसआइटी में तीन और अधिकारियों को शामिल किया गया है। एसआइटी के सदस्यों की संख्या आब दस हो गयी है। गृह विभाग की ओर से सीआइडी को एक पत्र भेजा गया है, जिसमें भू-राजस्व विभाग के अधिकारियों को एसआइटी में शामिल करने की जानकारी दी गयी है। इसमें अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता और सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी शामिल हैं। एसआइटी सीआइडी के आइजी सुदर्शन मंडल की अगुवाई में काम कर रही है। इसमें जैप के डीआइजी मयूर पटेल, विशेष शाखा के डीआइजी एस कार्तिक, सीआइडी की डीआइजी संध्या रानी मेहता, एसपी दीपक शर्मा, सीआइडी के एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा और ऋषभ झा को सदस्य बनाया गया है।

## क्या कर रही है एसआइटी

एसआइटी को यह टास्क दिया गया है कि रांची शहर में जमीन विवाद के जितने भी मामले दर्ज हैं, उसकी जांच करे। इसमें अवैध ढंग से जमीन कब्जा करने के आरोपों की भी जांच का जिम्मा उसे सौंपा गया है। जिन मामलों में चार्जशीट दाखिल हुई है, उनकी भी समीक्षा की जा रही है। यह भी पता किया जा रहा है कि दोषियों पर कार्रवाई हुई है या नहीं। सीआइडी की ओर से सभी थाना को निर्देश दिया गया है कि एसआइटी द्वारा मांगे गये दस्तावेज तुरंत उपलब्ध करायें। एसआइटी को यह भी निर्देश दिया गया है कि यह भी पता लगाये कि किसी मामले में कोई निर्दोष पर कार्रवाई तो नहीं हुई है।



## पेंशनधारियों को मई तक की पेंशन दी गयी

रांची (आजाद सिपाही)। जिला में सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत पेंशनधारियों को मई महीने तक के पेंशन राशि का भुगतान कर दिया गया है। राज्य संपोषित सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत जिले में कुल 2 लाख 14 हजार 350 लाभुकों के बैंक खाते में राशि डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर की गयी है। इनमें मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना, एचआइवी/एड्स पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना (थर्ड जेंडर) के लाभुक शामिल हैं। सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना के तहत 335, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना के तहत 47424, मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 166180, एचआइवी/एड्स पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना के तहत 404 और मुख्यमंत्री राज्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना (थर्ड जेंडर) के तहत 7 लाभुकों के बैंक खाते में राशि ट्रांसफर की गयी है। कुल सभी 2 लाख14 हजार 350 लाभुकों के बैंक खाते में एक-एक हजार की पेंशन राशि ट्रांसफर की गयी है।

### राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत बोर्ड, निगम, यूनिवर्सिटी के नोडल पदाधिकारियों की कार्यशाला

# यह योजना पूरी तरह से ऑनलाइन है : अबु इमरान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत राज्य सरकार के बोर्ड, निगम और विश्वविद्यालय के नोडल पदाधिकारियों के साथ एक कार्यशाला-सह-उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन आइपीएच नामकुम में किया गया। इस कार्यशाला सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम में राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना में शामिल होने की प्रक्रिया और पंजीकरण की प्रक्रिया को विस्तार से बताया गया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए कार्यकारी निदेशक, झारखंड राज्य आरोग्य सोसाइटी अबु इमरान ने कहा कि यह योजना पूरी तरह से ऑनलाइन है और इसमें ऑफलाइन की गुंजाइश नहीं है।



अंशु कुमार, वरिष्ठ परामर्शी, डाटा एनालिस्ट, झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी ने इस दौरान बीमा योजना के बारे में बताते हुए कहा कि इसमें शामिल होने के लिए संबंधित बोर्ड, निगम और विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष योजना से जुड़ने हेतु सहमति पत्र उपलब्ध करवायेंगे। इसके साथ भी पदाधिकारियों एवं कर्मियों का डेटाबेस विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराया जायेगा। संस्थानों के वास्तविक कर्मियों की संख्या के विरुद्ध एकमुश्त राशि जसास को उपलब्ध करवानी होगी। इसके बाद संबंधित पोर्टल संबंधित संस्थान के आवेदन के लिए सक्रिय हो जायेगा। संबंधित विभागाध्यक्ष के द्वारा आवेदक के ऑनलाइन आवेदन के सत्यापन के बाद संबंधित डाटा जसास के पास भेजी जायेगी।

इस दौरान विवेक कुमार नायक, वरिष्ठ परामर्शी ने कार्यशाला के दौरान अपने संबोधन में पंजीकरण की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। उन्होंने डीडीओ या एचओडी के स्तर पर आवेदनों के अनुमोदन और स्वीकृति के बाद की जाने वाली सारी प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में टाटा एआइजी के चीफ मैनेजर मुकेश पराशर और जैप आइटी के सीइओ राजकुमार के साथ जेएसएएस के सारे पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW




# मलेशिया में लांगकावी अंतरर्राष्ट्रीय समुद्री और एयरोस्पेस प्रदर्शनी में भारत ने दिखायी ताकत

## राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ ने भारत मंडप का उद्घाटन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/मलेशिया।** राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ ने मलेशिया के लांगकावी में 20 से 24 मई, तक आयोजित लांगकावी अंतर्राष्ट्रीय समुद्री एवं एयरोस्पेस प्रदर्शनी में भारत मंडप का उद्घाटन किया। यह मंडप भारत की मजबूत, आत्मनिर्भर और विकसित होती स्वदेशी रक्षा उद्योग की क्षमताओं को दशार्ता है। इस मंडप में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, भारत डायनेमिक्स लिमिटेड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बीईएमएल, आइओएल, जीआइएल, मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स



लिमिटेड और एमआइएल सहित प्रमुख रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के साथ-साथ कई प्रमुख निजी रक्षा कंपनियों ने भाग लिया है।

उद्घाटन समारोह में मलेशिया में भारत के उच्चायुक्त बीएन रेड्डी तथा एचएएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ डीके सुनील, एयर मार्शल इंदरपाल सिंह वालिया, एवीएसएम, वीएम भी उपस्थित थे, सहित कई गणमान्य अतिथि और उद्योग जगत के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। लीमा 2025 में भारत की प्रभावशाली उपस्थिति यह दशार्ती है कि भारत वैश्विक रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में एक उभरती हुई शक्ति बन चुका है। यह उपलब्धि भारत सरकार की रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता (आत्मनिर्भर भारत) को लेकर की जा रही प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व में संभव हो रही है। इस अवसर पर मंत्री ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंडपों का दौरा किया और विश्वभर की निजी रक्षा कंपनियों के प्रतिनिधियों से भी संवाद किया। इन बातचीतों से भारत की रणनीतिक साझेदारियों को बढ़ावा देने, रक्षा निर्यात को प्रोत्साहित करने और रक्षा प्रौद्योगिकी में नवाचार तथा सहयोग को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है।

## पुस्तक गोदान का लोकार्पण 24 मई को

रांची (आजाद सिपाही)। प्रभात प्रकाशन के तत्वावधान में हिंदी साहित्य भारती, झारखंड के प्रांतीय महामंत्री राकेश कुमार रचित व प्रभात प्रकाशन, नयी दिल्ली द्वारा प्रकाशित पुस्तक गोदान (काव्य रूपांतरण) का लोकार्पण पद्मश्री बलबीर दत्त द्वारा साहित्यकार डॉ अशोक प्रियदर्शी, डॉ मयंक मुरारी, डॉ राकेश कुमार सिंह और डॉ अरुण सज्जन की उपस्थिति में 24 मई को अपराह्न 3 बजे से रांची रेलवे स्टेशन रोड स्थित प्रभात प्रकाशन के सभाकक्ष में किया जायेगा। लोकार्पण समारोह का संचालन रांची विश्विद्यालय के शोधार्थी विद्यावैभव भारद्वाज करेंगे। रांची जिला हिंदी साहित्य भारती के अध्यक्ष बलराम पाठक, उपाध्यक्ष संजय सर्राफ, संगठन सचिव अजय राय, सचिव सुकुमार झा ने बताया कि इस अवसर पर रांची, पलामू, हजारीबाग, जमशेदपुर, धनबाद, गढ़वा,लातेहार सहित झारखण्ड के विभिन्न जिलों के शताधिक गणमान्य साहित्यकार एवं साहित्य प्रेमी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने लोगों से इस लोकार्पण कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की।

## महत्वपूर्ण खबरें

### फातमा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन आज




रांची (आजाद सिपाही)। फातमा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, दुबलिया, चंदवे, रांची में कौशल भारत मिशन, प्रोग्राम का आयोजन 21 से 23 मई तक किया जा रहा है। यह कार्यक्रम तीन दिवसीय है। इसका मूख्य उद्देश्य छात्रों को व्यावसायिक कौशल में प्रशिक्षित करना है, ताकि उनकी आजीविका और समाज में सम्मान में सुधार हो सके। इस कार्यक्रम के द्वारा छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। एनएसडीसी द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का सहयोग सहेयक प्रोफेसर डॉ इशरत परवीन के द्वारा किया जा रहा है।

### संत जेवियर्स कॉलेज में विज्ञान मेला का आयोजन




रांची (आजाद सिपाही)। संत जेवियर्स कॉलेज के विज्ञान क्लब ने आइक्यूएसी के सहयोग से 22 मई को फादर सी डिब्रावर सभागार में विज्ञान मेला का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि को बढ़ावा देना, वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना तथा उसे सभी विभागों और धाराओं के छात्रों में प्रसारित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी रांची अविनाश कुमार और अन्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। एएसपी की उपस्थिति ने माहौल को गौरवमयी बना दिया । मुख्य अतिथि ने अपने व्यक्तिगत जीवन की कुछ स्मरणीय झलकियां साझा की और साथ ही पुलिस सेवा के उनके अनुभव, साइबर अपराधियों और साइबर पुलिस के बीच चल रही लगातार लड़ाई और नागरिकों को भौतिक एवं डिजिटल दोनों ही दुनिया में सुरक्षित रखने की जिम्मेदारियां जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चाएं शामिल थीं। उन्होंने एक महत्वपूर्ण जीवन-संदेश के साथ अपना संबोधन समाप्त किया, जिसमें युवाओं को सतर्क रहने की सलाह दी गयी, चाहे वह वास्तविक जीवन हो या डिजिटल, और मनो दैहिक पदार्थों से दूर रहने की चेतावनी भी दी। कार्यक्रम में प्रायोजक गवर्नमेंट एग्जाम वाला (फिजिक्स वाला द्वारा समर्थित) का संदेश प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात विज्ञान प्रदर्शनी आरंभ हुआ, जिसमें कॉलेज के सभी विभागों के विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपने जटिल मॉडलों के साथ एक-दूसरे को चुनौती दी । इस प्रतियोगिता के लिए कुल पुरस्कार मशि 1000 रुपये रखी गयी थी। इसी के साथ-साथ वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया , जिसमें विद्यार्थियों ने शब्दों को अपना हथियार बना कर सामाजिक और सामयिक मुद्दों पर गहन चर्चा की। कॉलेज के विद्यार्थियों के असीम ज्ञान के अंतिम प्रदर्शन के रूप में 'क्यूरियोसिटी क्विज प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया , जिसमें 25 से अधिक टीमों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता तीव्र प्रतिस्पर्धा और रोमांचक अंत के साथ समाप्त हुई, जिसमें एक अप्रत्याशित मोड़ भी देखने को मिला। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें प्रतिभागियों को उनके कौशल और ज्ञान के लिए सम्मानित किया गया और ज्ञान की सर्वोच्च संपत्ति का उत्सव मनाया गया। मौके पर भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ मनोहर लाल, डॉ स्वरत चौधुरी, डॉ सुमित रॉय, डॉ मितेश चक्रवर्ती, डॉ राजेश कुमार, डॉ रवि सहित फिजिक्स वाला के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### मोरहाबादी वेंडर मार्केट की लॉटरी 27 को

रांची (आजाद सिपाही)। रांची नगर निगम में टाउन वेंडिंग कमेटी (टीवीसी) की बैठक उप प्रशासक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मोरहाबादी में बनाये गये वेंडर मार्केट को लेकर कई अहम फैसले लिये गये। बैठक में संजय कुमार ने जानकारी दी कि मोरहाबादी वेंडर मार्केट की दुकानें आवंटित करने के लिए 27 मई को लॉटरी निकाली जायेगी। इसके लिए कुल 175 वैध आवेदन प्राप्त हुए हैं। 31 ऐसे मामले हैं, जिनमें पति-पत्नी दोनों ने आवेदन किया है, लेकिन नियमानुसार एक ही व्यक्ति को स्थान दिया जायेगा। बैठक में बताया गया कि इस वेंडर मार्केट में प्राथमिकता उन वेंडरों को दी जायेगी, जिन्हें पांच मार्च 2022 को मोरहाबादी स्थित रजिस्ट्री ऑफिस और एमटीएस के पास अस्थायी रूप से जगह दी गयी थी। निगम ने तय किया है कि दुकानदारों से पांच सौ रुपये मासिक किराया लिया जायेगा, वहीं जो वेंडर केवल पत्ता या दातून बेचेंगे, उनसे ढाई सौ रुपये प्रति माह किराया लिया जायेगा। सुरक्षा की दृष्टि से मार्केट में गार्ड की भी नियुक्ति की जायेगी, ताकि दुकानदारों के सामान की रक्षा हो सके। साथ ही शौचालय और पीने के पानी की व्यवस्था भी की जा रही है। बैठक में मौजूद वेंडरों ने एक प्रस्ताव भी रखा कि इस मार्केट का नाम बिरसा मुंडा के नाम पर रखा जाये।

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का नागरिक अभिनंदन 25 मई को



रांची (आजाद सिपाही)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का नागरिक अभिनंदन 25 मई को डांगरा टोली स्थित स्वर्ण भूमि बैंक्वेट हॉल में होगा। कार्यक्रम शाम पांच बजे प्रारंभ होगा। यह आयोजन राजस्थान फाऊंडेशन , रांची चेप्टर की ओर से किया जा रहा है। फाउंडेशन के अध्यक्ष अजय मारू संयोजक मुकेश काबरा ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पहली बार रांची आ रहे हैं। इस अवसर पर नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का भी अभिनंदन किया जायेगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जी रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आग्रह पर रांची पधार रहे हैं। इस आयोजन में धार्मिक, सामाजिक और व्यापारी संस्थाओं के पदाधिकारीयो सहित कई प्रबुद्ध जन उन्हें सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम की सफलता के लिए राजस्थान फाउंडेशन के सदस्यों की बैठक आज अजय मारू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सदस्यों के बीच कार्यों का दायित्व भी सौंपा गया। मुकेश काबरा को कार्यक्रम संयोजक बनाया गया है। वही सहयोगी के रूप में पुनीत पोद्दार, ऐश्वर्य सेठ, राम बांगड़, रोहित अग्रवाल, राहुल मारू, प्रमोद सारस्वत, अमित चौधरी, मनीष लोधा, जय प्रकाश सिंघानिया, विकास अग्रवाल, विकास गोयल, गौरव काबरा, नितिन भालोटिया समेत अन्य लोग सहयोग कर रहे है।

# पारस हॉस्पिटल एचइसी में न्यूरो और गैस्ट्रो हेल्थ कैंप 24 मई को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सिरदर्द, चक्कर और पेट की दिक्क्त से परेशान मरीजों के लिए पारस हॉस्पिटल एचइसी न्यूरो और गैस्ट्रो हेल्थ कैंप लगा रहा है। यह कैंप 24 मई शनिवार को सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक लगेगा। इस कैंप में निःशुल्क विशेषज्ञ डॉक्टरों की ओर से परामर्श दिया जायेगा। वहीं, डॉक्टरों की सलाह पर बीपी, शुगर, लीवर फंक्शन टेस्ट (एलएफटी), इसीजी की भी जांच की जायेगी। साथ ही डॉक्टरों द्वारा अन्य जांच की सलाह पर जांच पर 50 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। कैंप का लाभ उठाने के लिए 8080808069 पर पंजीकरण




कराना होगा। पारस हॉस्पिटल एचईसी के मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने कहा कि पारस हॉस्पिटल मरीजों की सेहत को प्राथमिकता देता है और यह हेल्थ कैंप उसी का हिस्सा है। यदि मरीजों को सिरदर्द, चक्कर या पेट से संबंधित कोई दिक्कत है तो यह हेल्थ कैंप आपके लिए एक अच्छा अवसर हो सकता है। उन्होंने मरीजों से अपील की है कि वे इस सुविधा का भरपूर लाभ उठायें।

# संत जेवियर्स कॉलेज में 'युवाओं और एचआइवी' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज, रांची में एनएसएस इकाइ एवं रेड रिबन क्लब द्वारा झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सहयोग से 'युवाओं और एचआइवी' विषय पर एक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रवि प्रकाश, संचार एवं सूचना शिक्षा निदेशक, झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति थे। संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ देवाशीष चक्रवर्ती, उपनिदेशक, मुख्यधारा तथा डॉ अनिर्बान गुप्ता, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में रवि प्रकाश ने युवाओं को एचआइवी/एड्स के प्रति जागरूक




रहने और इसकी रोकथाम हेतु सतर्क रहने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ देवाशीष चक्रवर्ती ने सरकारी योजनाओं और जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी दी, जबकि डॉ अनिर्बान गुप्ता ने एनएसएस और रेड रिबन क्लब की भूमिका पर प्रकाश डाला। कॉलेज के प्रोफेसर संजय और प्रोफेसर राहुल ने भी युवाओं को नशा मुक्त जीवन और सुरक्षित यौन व्यवहार अपनाने की सलाह दी। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया और विषय से संबंधित प्रश्नों के माध्यम से गहरी रुचि दिखायी। संगोष्ठी का उद्देश्य युवाओं को एचआइवी के प्रति जागरूक करना और समाज में इसकी रोकथाम हेतु सकारात्मक संदेश देना था।

# 26 वाहन मालिकों से 6.03 लाख का जुर्माना वसूला गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** परिवहन विभाग ने गुरुवार को रांची शहर में वाहनों की जांच का अभियान चलाया। शहर के कचहरी चौक, मोरहाबादी और मेसरा में वाहनों की जांच की गयी। इस दौरान 26 वाहन मालिकों से 6.03 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। जांच अभियान गुरुवार तड़के तीन बजे से शुरू की गयी थी।

जानकारी के मुताबिक रांची के डीसी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर डीटीओ अखिलेश कुमार की टीम ने वाहनों को रोक कर उसके कागजात, टैक्स, ओवरलोड, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, परमिट, पॉल्यूशन सर्टिफिकेट, टैक्स रसीद आदि की जांच की। डीटीओ अखिलेश कुमार ने बताया कि



गुरुवार को चले अभियान में कुल 189 वाहनों की जांच की गयी। इनमे से 26 गाड़ियों के कागज पूरे नहीं मिले। इन वाहन मालिकों से 6,03,002 रुपये का जुर्माना वसूला गया। डीटीओ ने बताया कि तीन जगहों पर चली जांच के दौरान पांच वाहनों को जब्त किया गया। मेसरा में चार, मोरहाबादी में एक वाहन को जब्त किया गया है। उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा। नियम तोड़ने पर जुर्माना लगाया जायेगा।

# सिदो-कान्हू कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ रांची को मिला शेयर होल्डर सर्टिफिकेट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सिदो-कान्हू कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ, रांची के निदेशक पर्षद की बैठक 22 मई को संपन्न हुई। इसमें वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी तथा निदेशक पर्षद के अन्य सदस्य शामिल हुए। सिदो-कान्हू कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ, रांची के प्रतिनिधि के रूप में राकेश कुमार सिंह, सचिव सिद्धकोफेड भी बैठक में उपस्थित हुए तथा उनके द्वारा जिला सहकारी संघ, रांची को 50 हजार रुपये मूल्य का शेयर




सर्टिफिकेट वन प्रमंडल पधाधिकारी सह प्रबंध निदेशक को समर्पित किया गया। बैठक के दौरान सिद्धकोफेड के सचिव राकेश कुमार सिंह ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि रांची जिला संघ की सदस्यता से हमारी पहलकदमियां क्षमता निर्माण से लेकर मूल्य श्रृंखला विकास तक ग्रामीण किसानों तक और प्रभावी रूप से पहुंचेंगी।

बता दें कि गत वर्ष सिद्धकोफेड ने राज्य भर में विविध कार्यक्रम संचालित किये हैं। अब तक 5000 से ज्यादा किसानों को लाह की खेती के लिए वैज्ञानिक प्रशिक्षण एवं 100 प्रतिशत अनुदान पर उत्पादन हेतु टूलकिट और बिहन उपलब्ध कराया गया है। राज्य में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देते हुए 500 मधुमक्खी पालकों को प्रशिक्षण एवं 100 प्रतिशत अनुदान पर बक्सा एवं अन्य टूलकिट दिया गया है। इसके साथ ही शहद की खरीदारी के लिए लैंडहिंटर एग्रोके साथ एकरारनामा किया गया, जिससे राज्य में उत्पादित शहद विदेश के बाजारों में बेचा जा सके।

# 26 को वटसावित्री पूजा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 26 मई सोमवार को वटसावित्री पूजा है। इस दिन चतुर्दशी 10:34 बजे तक है। इसके बाद अमावस्या शुरू होकर मंगलवार दिन 8:30 बजे तक है। इस लिए सोमवार को ही सावित्री अमावस्या तथा रात्रि मे फलहारिणी कालिका पूजा है। पंडित रामदेव पांडेय ने बताया कि वट सावित्री का नहाय-खाय रविवार 25 मई को होगा। सोमवार को दिनभर वट सावित्री की पूजा होगी। इस दिन फलदार बरगद के पेड़ की पूजा और कच्चा धागा या मोली से 108 बार लपेट कर परिक्रमा की जाती है। बरगद पेड़ में पूजा करने से इसे बरगदाही भी कहते हैं। इस पूजा से स्त्री अखंड सौभाग्यवती होती है। कहीं-कहीं कुमारी युवतियां भी इस व्रत को करती हैं। पर्व करने वाली (परवैती) नहा-धोकर उपवास होकर सोलह श्रृंगार कर बर पेड में सत्यवान सावित्री, मृत्यु के देवता यमराज की पूजा करती है। श्रृंगार का सामान, पंखा ब्राह्मण को दान कर कथा सुनती हैं। बरगद का



पंडित रामदेव पांडेय

पता जुड़ा में लगाती हैं।

**स्त्री चतुरता की कथा है वटसावित्री :** सावित्री नेसत्यवान को मृत्यु से जीत लिया। एक वरदान में ससुर के राज्य, नवयौवन, पोता का आशीर्वाद लेकर लिया। हिंदु धर्म में सावित्री और नचिकेता है, जो मृत्यु के देवता यमराज से लड़ कर बात मनवा लिया। नवविवाहित दंपति साथ बैठ कर यह पूजा करते हैं। इस दिन सास- ससुर को नया वस्त्र देकर पूजन किया जाता हैं। पूजा बाद पारण कर लिया जाता है, तो कहीं दूसरे दिन सूर्योदय बाद किया जाता है। परवैती बरगद की छाया में बैठ कर आराम करते हैं, जहां पेड न हो, तो नर्सरी से पेड़ लाकर पूजा करें। फिर बड़ा होने पर पेड़ को जंगल या सडक किनारे लगा दें।

### 27 को शनि जयंती

इस दिन शनि महाराज का जन्मदिन मनाया जाता है। हालांकि भादो माह की अमावस भी शनि अमावस मनाया जाता है। मालूम हो कि शनि और हनुमान की जयंती दोनों अयन उत्तरायन और दक्षिणायन में मनाने की परंपरा है। इस दिन गंगा स्नान और दान का विशेष फल होता है। शनि के अधिष्ठित देव शंकर, इष्टदेव श्री कृष्ण, मित्र देव हनुमान और पिता सुर्य, बहन यमुना हैं। कुंभ, मीन और मेष राशि वाले साढ़ेसाती में है। मकर, वृश्चिक, धनु और सिंह राशि वाले की ढैया चल रही है। उपरोक्त राशि के लोगों को इस दिन दान, जप, हवन करने से सिद्धि मिलती है।

# रेलवे सुरक्षा बल ने 9 बच्चों को मानव तस्करों से कराया मुक्त

**ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते के तहत 4 बच्चों को बरामद कर चाइल्ड हेल्पलाइन को सौंपा गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हाजीपुर।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्व मध्य रेल द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर-पकड़ के साथ ही यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरंतर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में, गुरुवार को रेलवे सुरक्षा बल, बेगूसराय के द्वारा ट्रेन पासिंग ड्यूटी के दौरान गाड़ी सं. 15713 अप के खुलने पर चोर-चोर की आवाज सुनकर भाग रहे एक व्यक्ति को दौड़कर पकड़ा गया, जिससे एक यात्री द्वारा चोरी किया गया मोबाइल बरामद किया गया। जांच के उपरांत यात्री को लौटा दिया गया। ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत गुरुवार को रेलवे सुरक्षा बल, खगड़िया स्टेशन पर गस्त के दौरान प्लेटफॉर्म सं. 02 के पूर्वी छोर पर 4 नाबालिक बच्चों को संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए पाया गया।



सुरक्षा की दृष्टिकोण से उन्हें 1098 पर चाइल्ड हेल्पलाइन, खगड़िया को सुपुर्द कर दिया गया। ऑपरेशन आहाट के तहत रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट, मुजफ्फरपुर द्वारा बुधवार को मुखबीर द्वारा मिली सूचना के आधार पर गाड़ी सं. 12407 कर्मभूमि एक्सप्रेस के सामान्य कोच की जांच की गयी। जांच के दौरान वहां से कुछ डरे सहमे बालक पाए गए जिन से पूछताछ करने पर पता चला कि उनलोगों को मजदूरी कराने के वास्ते मुरादाबाद, सहारनपुर एवं अंबाला ले जाया जा रहा था। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा बरामद कुल 9 बच्चों को मानव तस्कर के चंगुल से मुक्त कराते हुए बालकों के निशानदेही पर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जीआरपी मुजफ्फरपुर को अग्रिम कार्रवाई हेतु सौंप दिया गया। आपॅरेशन सतर्क के तहत 21 मई को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट, सीतामढ़ी को गाड़ी सं. 15558 अमृत भारत एक्सप्रेस से उतरे पार्सल (04 बण्डल सामान) को जांच के दौरान अंग्रेजी शराब बरामद हुआ जिसकी कुल अनुमानित कीमत 77,400 रुपये है ।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW




# जीएसटी घोटाला: शेल कंपनियों के खाते से इडी ने 60 लाख जब्त किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने जीएसटी घोटाले की जांच के दौरान शेल कंपनियों के बैंक खातों में जमा 60 लाख रुपये जब्त कर लिये हैं। जब्त की गयी राशि 10 शेल कंपनियों के बैंक खातों में जमा थी। आठ सौ करोड़ रुपये के इस जीएसटी घोटाले में मास्टरमाइंड सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इडी इसमें से दो लागों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर चुकी है। अब घोटाले के मास्टरमाइंड शिव कुमार देवड़ा को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। बता दें कि इडी ने आठ मई को आठ सौ करोड़ रुपये के घोटाले में रांची, जमशेदपुर और कोलकाता में छापेमारी की थी। छापामारी के दौरान मिले दस्तावेज के आधार पर जीएसटी घोटाले के मास्टर माइंड सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इसमें शिव कुमार देवड़ा, मोहित देवड़ा, अमित गुप्ता और अमित अग्रवाल उर्फ विक्की भालोटिया का नाम शामिल है। जांच के दौरान यह पाया गया था कि जीएसटी घोटाले का मास्टरमाइंड कोलकाता का शिव कुमार देवड़ा है। उसका बेटा मोहित देवड़ा, अमित गुप्ता, विक्की भालोटिया उसके साथ मिल कर फर्जी जीएसटी इनवॉयस बनाते थे और आइटीसी का गलत लाभ लेते हैं। इन लोगों ने अब तक 14325 करोड़ रुपये का फर्जी जीएसटी बिल बनाया था। जांच में पाया गया कि जीएसटी घोटाले में शामिल इस गिरोह ने 135 शेल कंपनियां बनायी हैं। इडी ने इन शेल कंपनियों के खातों की जांच की। इसमें शेल कंपनियों के 10 बैंक खातों में 60 लाख रुपये जमा होने की जानकारी मिली। इसके बाद इडी ने इसे जब्त कर लिया। इडी ने जीएसटी घोटाले में आगे की जांच के लिए मोहित देवड़ा और अमित गुप्ता को चार दिनों के रिमांड पर लेकर पूछताछ की है। अब मास्टरमाइंड शिव कुमार देवड़ा को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।




# लखनऊ ने गुजरात को 33 रनों से हराया

## मिचेल मार्श का पहला आइपीएल शतक, पूरन की फिफ्टी, विलियम ओरुर्के को 3 विकेट

आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद।** लखनऊ सुपरजायंट्स ने आइपीएल के 64वें मैच में टेबल टॉपर गुजरात टाइटंस को 33 रन से हरा दिया है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुरुवार को 236 रन का टारगेट चेज कर रही गुजरात टाइटंस की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 202 रन ही बना सकी। लखनऊ ने 20 ओवर में 2 विकेट खोकर 235 रन बनाये। लखनऊ की ओर से विलियम ओरुर्के ने 3 विकेट झटके। आवेश खान और आयुष बडोनी को 2-2 विकेट मिले। गुजरात के शाहरुख खान ने 57, शेरफेन रदरफोर्ड ने 38, और जोस बटलर ने 33 रन बनाये। कप्तान शुभमन गिल ने 35 रन और साई सुदर्शन ने 21 रन का योगदान दिया। सुपरजायंट्स की ओर से मिचेल मार्श ने 64 बॉल पर 8 छक्कों के सहारे 117 रन बनाये। निकोलस पूरन ने 27 बॉल पर 56 रनों का योगदान दिया। अरशद खान और साई किशोर को एक-एक विकेट मिला। 18वां ओवर लेकर आए शाहबाज अहमद ने किफायती गेंदबाजी की। उन्होंने एक विकेट लिया। साथ ही अरशद खान को आउट भी किया। अरशद एक रन ही बना सके।



## महत्वपूर्ण खबरें

### नक्सल हिंसा में शहीद और घायल पुलिसकर्मियों के लिए 4.50 करोड़ आवंटित

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार ने नक्सल और असामाजिक तत्वों की हिंसा में शहीद या गंभीर रूप से घायल हुए पुलिसकर्मियों और सुरक्षाबलों के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने स्पेशल कंपनसेशन स्कीम के तहत 4.50 करोड़ की राशि आवंटित की है। आवंटित राशि उन पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों, केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल के जवानों, स्पेशल पुलिस ऑफिसरों, झारखंड सशस्त्र पुलिस के कर्मियों और होमगार्ड के जवानों के लिए हैं, जो नक्सली या असामाजिक तत्वों की हिंसा में शहीद या गंभीर रूप से घायल हुए हैं। गृह सचिव द्वारा जारी आदेश के अनुसार 4.50 करोड़ का यह आवंटन विशेष क्षतिपूर्ति योजना के कार्यान्वयन के लिए किया गया है। बहादुर जवानों और उनके परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से यह योजना शुरू की गयी है।

### अबुआ अधिकार मंच की रांची विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभाग इकाई का किया गया गठन

**रांची (आजाद सिपाही)।** अबुआ अधिकार मंच की रांची विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभाग इकाई का गठन किया गया। यह इकाई छात्रों की समस्याओं को निस्वार्थ भाव से उठाने और उनके समाधान की दिशा में संघर्ष करेगी। अबुआ अधिकार मंच के रांची विश्वविद्यालय प्रभारी अभिषेक शुक्ला ने कहा कि मंच की सबसे बड़ी ताकत स्वयं छात्र-छात्राएं हैं। उनका उद्देश्य छात्र हितों की रक्षा करना, शैक्षणिक वातावरण को सशक्त बनाना और प्रशासन को छात्रों की समस्याओं की ओर ध्यान दिलाना है। गठित कमेटी में अध्यक्ष राहुल यादव, कार्यकारी अध्यक्ष आयुष कुमार श्रीवास्तव, महासचिव सुदीप मिंज, मीडिया प्रभारी शेखर सुमन शामिल है।

### मौमिता चौधरी की तीन किताब का विमोचन



**रांची (आजाद सिपाही)।** मौमिता चौधरी की तीन किताब इकोस ऑफ लव, इन सर्च ऑफ लव पार्ट 1 और 2 की लौंचिंग गुरूवार को ओकेविल्ले नामकुम में आयोजित किया गया। इस मौके पर लेखिका मौमिता चौधरी ने कहा कि मुझे लिखने का बचपन से रूचि थी। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मैंने अपनी कई कवितायें लिखी। इसी क्रम में पिताजी के सपोर्ट पर मैंने 2019 से किताब लिखना शुरू किया। अपनी पहली किताब तो 2022 में इन सर्च ऑफ लव और इन सर्च ऑफ लव पार्ट 2 भी लिखा तीसरी किताब द सर्च ऑफ लव इसका विमोचन लिटरेचर फेस्टिवल मुंबई में किया गया। मौमिता चौधरी ने कहा कि हमारे सभी किताबें प्यार पर है। उन्होंने कहा कि अगर हम प्यार खुद से ज्यादा करेंगे तभी दूसरे से प्यार कर सकते हैं।

### फ्लाईओवर के नीचे गली के सामने लगे बोर्ड काफी विसंगतियां, दूर किया जाये

**रांची (आजाद सिपाही)।** सदान विकास परिषद रांची महानगर के अध्यक्ष शैलेश्वर दयाल सिंह, डॉ सत्य प्रकाश मिश्रा, विजय महतो ने संयुक्त रूप से बयान जारी कहा है कि फ्लाईओवर का उद्घाटन जल्द होनेवाला है। फ्लाईओवर के नीचे गली के नाम और जो बोर्ड लगाये जा रहे हैं, उसमें काफी विसंगतियां हैं। बोर्ड गली के आगे एवं पीछे लगाया गया है। यही नहीं, दयाल नगर गली जो रजिस्टर्ड है, यहां के स्थानीय लोग पत्राचार भी दयाल नगर से करते हैं, इस गली का बोर्ड न लगाकर मनेर गली का बोर्ड लगाया गया है। पिलर संख्या 45 में मेट्रो गली लिखा बोर्ड लगाया गया है, जबकि मेट्रो गली पिलर संख्या 46 के सामने होना चाहिए। लाहकोठी का बोर्ड पिलर संख्या 56 पर होना चाहिए, जबकि बोर्ड पिलर संख्या 50 पर लगा है। इस संबंध में फ्लाईओवर कार्य करने वाले कंपनी को भी मौखिक रूप से अवगत कराया गया, लेकिन उन्होंने कहा कि हम लोगों को जो लिस्ट उपलब्ध करायी गयी है, उसके तहत ही बोर्ड लगाया गया है। इसी मार्ग से हमेशा सांसद एवं विधायक आते-जाते हैं, लेकिन इन्होंने अब तक संज्ञान नहीं लिया है। परिषद के लोगों ने कहा है कि इस मुद्दे के बारे में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी एवं रांची जिला प्रशासन को पत्र भेज कर अवगत कराया जायेगा। परिषद के लोगों ने कहा है कि उद्घाटन के पूर्व गलतियों में अविलंब सुधार किया जाये।

# कोचाटोली आर्मी ग्राउंड में पौधरोपण




**रांची (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद रांची के जिला अध्यक्ष सूबेदार मेजर नारायण प्रसाद एवं मातृ शक्ति अध्यक्ष नीरा के नेतृत्व में गुरुवार को कोचाटोली आर्मी ग्राउंड में पौधरोपण का किया गया। इन पौधों की देखरेख जिला अध्यक्ष द्वारा किया जायेगा। पौधरोपण में संगठन के सदस्यों एवं मातृ शक्ति के सदस्यों का सहयोग रहा, जिसमें उपाध्यक्ष सूबेदार मेजर धनराज सिंह, सूबेदार मेजर डीसी वर्मा, आशननेरी कैप्टन बीके सिंह, सूबेदार देवराज पासवान, सूबेदार राम मंगल सिंह, सूबेदार डीके सिंह, नायक सुधार विश्वजीत सिंह, फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुरुषोत्तम ओधार आधार, भुवनेश्वर झा, हवलदार कमलाकात ठाकुर, हलदर शिवनारायण प्रसाद, रूपा, इंदु, श्वेता, मीना, संगीता, संजू, दुर्गा उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि पौधरोपण का कार्यक्रम चलता रहेगा। इसमें अलग-अलग इलाकों में हर तरह के पौधे लगाये जायेंगे।

# बहादुरी-बलिदान के लिए जवानों को मिले गैलेंट्री अवॉर्ड्स

- राष्ट्रपति ने 6 कीर्ति चक्र और 33 शौर्य चक्र दिये



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में पहले चरण के गैलेंट्री अवॉर्ड्स दिये। ये अवॉर्ड ड्यूटी के दौरान असाधारण बहादुरी, समर्पण और बलिदान देने वालों के सम्मान में दिये गये। राष्ट्रपति ने 6 कीर्ति चक्र प्रदान किये। इनमें 4 मरणोपरांत दिये गये। इस दौरान 33 शौर्य चक्र भी प्रदान किये गये। इनमें 7 मरणोपरांत दिये गये। कीर्ति चक्र भारत का दूसरा सबसे बड़ा शांतिकालीन वीरता पुरस्कार है। राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में हुए समारोह में पीएम मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहे। इस दौरान मेजर आशीष ढोंचक (सेना मेडल) और द सिख लाइट इन्फैंट्री 19 राष्ट्रीय राइफल्स सिपाही प्रदीप सिंह को मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान दो बार राष्ट्रपति मुर्मू डाइस से नीचे उतरकर आईं। जब शहीद जवानों की मां और पत्नियां अवॉर्ड लेने पहुंचीं। राष्ट्रपति ने उन्हें गले लगा कर सांत्वना दी। शौर्य चक्र पाने वालों में स्क्वॉड्रन लीडर दीपक कुमार, राजपूत रेजिमेंट 44वीं बटालियन राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर विजय वर्मा, डिप्टी कमांडेंट विक्रांत कुमार, सीआरपीएफ के जेफरी हमिंगचुल्लो, इंस्पेक्टर (जीडी), जम्मू और कश्मीर पुलिस के स्पेशल पुलिस ऑफिसर अब्दुल लतीफ, पैराशूट रेजिमेंट के लेफ्टिनेंट कर्नल सीवीएस निखिल, आर्मी सर्विस कोर के मेजर तृप्तप्रीत सिंह का नाम शामिल है। इनके अलावा जम्मू और कश्मीर राइफल्स 5वीं बटालियन के सूबेदार संजीव सिंह जसरोटिया, लेफ्टिनेंट कमांडर कपिल यादव, कर्नल पवन सिंह, 666 आर्मी एविएशन स्क्वॉड्रन, विंग कमांडर वर्नोन डेसमंड कीन, स्क्वाड्रन लीडर दीपक कुमार, द आर्टिलरी रेजिमेंट के सूबेदार पी. पबिन सिंगा, मेजर साहिल रंधावा को शौर्य चक्र दिया गया। लेफ्टिनेंट कमांडर कपिल यादव, अएड क्थर विशाखापट्टनम को शौर्य चक्र प्रदान किया है। आर्मी सर्विस कोर्प्स 34 राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर तृप्तप्रीत सिंह को शौर्य चक्र प्रदान किया गया।

# जन आरोग्य योजना के तहत निजी अस्पतालों का 140 करोड़ रुपये बकाया है : आइएमए




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना राज्य के प्राइवेट अस्पतालों के लिए बड़ी चुनौती साबित हो रही है। आइएमए सभागार, रांची में गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में आइएमए (हॉस्पिटल बोर्ड ऑफ इंडिया), झारखंड के सचिव डॉक्टर शंभू सिंह ने इस संबंध में कहा कि यह योजना आयुष्मान भारत योजना के नाम से भी झारखंड में जानी जाती है। पिछले 10 माह से जन आरोग्य योजना के तहत अस्पतालों को लंबे समय से भुगतान नहीं हो पा रहा है। राज्य में 750 प्राइवेट अस्पताल हैं। इनमें से करीब करीब सबों को योजना के तहत इस साल फरवरी की शुरुआत से भुगतान नहीं मिला है। 212 अस्पताल तो ऐसे हैं, जिन्हें पिछले 10 महीनों से ही पेमेंट राज्य सरकार के स्तर से नहीं हो पाया है। इसके कारण अस्पतालों को चलाना बहुत कठिन हो रहा है। राज्य की करीब 88 प्रतिशत आबादी के पास अब जन आरोग्य योजना के तहत इलाज कराने की सुविधा उपलब्ध हो चुकी है। अब ऐसे में इलाज तो अस्पताल कर रहे हैं, पर इसका भुगतान नहीं मिलने से आफत आ रही है। हजारीबाग में तो 20 छोटे अस्पताल बंद भी हो चुके हैं। इस तरह की स्थिति पलामू, गिरिडीह में भी आ रही है। डॉ प्रदीप सिंह ने कहा कि राज्य के 212 अस्पताल नेशनल एंटी फ्रॉड यूनिट के आरोप से संबंधित समस्याओं का सामना कर रहे हैं। अब ऐसी स्थिति में 10 महीने से भुगतान बंद रहने से अस्पताल बंदी की कगार पर पहुंच रहे हैं। राज्य सरकार के विभागीय मंत्री और संबंधित अधिकारियों के स्तर से केवल आश्वासन मिलता है, तो कभी सॉफ्टवेयर में समस्या बतायी जाती रही है। करीब 140 करोड़ रुपये जन आरोग्य योजना के तहत निजी अस्पतालों के बकाया हैं। उम्मीद है कि सरकार सप्ताह भर में गंभीर पहल करेगी। इस मौके पर झारखंड स्टेट के चेयरमैन डॉ अनंत सिन्हा, सचिव डॉ प्रदीप सिंह,वाइस चेयरमैन डॉ अमित मोहन, ज्वाइंट सेक्रेट्री डॉ लाल मांझी, ट्रेजरर डॉ राजेश कुमार, आइएमए एचबीआइ के स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ अभिषेक रामधीन और अन्य उपस्थित थे।

# सीबीआइ अधिकारी बनकर 59.44 लाख की ठगी करने वाले दो साइबर अपराधी धराये

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड सीआइडी ने एक बड़ी साइबर धोखाधड़ी का भंडाफोड़ करते हुए, खुद को सीबीआइ अधिकारी बताकर 59.44 लाख की ठगी करने वाले दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किये गये अपराधियों की पहचान पटना के अजय कुमार सिन्हा और सौरभ शेखर के रूप में हुई है। इनके पास से दो मोबाइल फोन, तीन सिम कार्ड और अन्य संदिग्ध सामग्री बरामद की गयी है। सीआइडी ने गुरुवार को इस मामले की जानकारी देते हुए बताया कि साइबर क्राइम थाना में 28 मार्च को कांड संख्या 29/25 दर्ज किया गया था, जिसके बाद गहन जांच शुरू की गयी थी। महिला एवं ग्रामीण विकास कल्याण समिति की आड़ में धोखाधड़ी जांच में खुलासा हुआ कि अभियुक्तों ने धोखाधड़ी को छिपाने के लिए महिला एवं ग्रामीण विकास कल्याण समिति के नाम पर एचडीएफसी बैंक में एक खाता खुलवाया था। पीड़ितों से ठगे गये पैसे इसी खाते में जमा किये जाते थे। चौंकाने वाली बात यह है कि इस खाते में सिर्फ एक दिन में कुल 1.47 करोड़ रुपये जमा हुए थे। इस खाते से संबंधित धोखाधड़ी की कुल सात शिकायतें विभिन्न राज्यों में दर्ज की गयी हैं। इनमें झारखंड से एक, महाराष्ट्र से दो, पुडुचेरी से एक, उत्तराखंड से दो बिहार से एक शिकायत शामिल है।

# गैरमजरुआ भूमि की रजिस्ट्री, दाखिल-खारिज और रसीद काटना आरंभ करे सरकार : चैंबर

**रांची (आजाद सिपाही)।** गैरमजरुआ भूमि से संबंधित मुद्दे पर झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने गुरुवार को रांची स्थित चैंबर भवन में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया। सदस्यों ने कहा कि सीएनटी-एसपीटी एक्ट के कारण झारखंड में ऐसे ही उद्योग-व्यापार लगाने में भूमि से संबंधित एक जटिल समस्या हमेशा बनी रहती है। उसके बावजूद पूर्व की सरकार ने 26.08.2015 को पूरे राज्य में गैरमजरूआ भूमि की रजिस्ट्री, दाखिल-खारिज रसीद काटना बंद कर दिया था। इस कारण झारखंड में बड़े-बड़े उद्योग-व्यापार को बड़ा झटका लगा था। जो भूमि पट्टा बैंक में मॉर्गेज था, बैंक द्वारा आदेश पारित कर दिया गया था। अब बैंक को दूसरी कॉल लेटर सिक्योरिटी दीजिए नहीं तो आपका लोन बंद कर दिया जायेगा। इस मौके पर चैंबर सह सचिव नवजोत अलग, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य मुकेश अग्रवाल, रोहित पोद्दार, सदस्य पूनम आनंद, अमित अग्रवाल, तेजविंदर सिंह, प्रवक्ता सुनील सरावगी समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# 6 राज्यों के सचिवों को सुप्रीम कोर्ट ने अवमानना नोटिस जारी किया

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी समेत अन्य 6 राज्यों के सचिवों को सुप्रीम कोर्ट ने अवमानना नोटिस जारी किया है। हाइकोर्ट के रिटायर्ड जजों को चिकित्सा सुविधाओं और अन्य भत्तों से संबंधित अपने आदेशों का पालन नहीं करने के संबंध में यह नोटिस दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई 25 जुलाई को होगी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि छत्तीसगढ़, झारखंड, महाराष्ट्र, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और दिल्ली ने 18 फरवरी को जारी निदेशों का पालन नहीं किया। पीठ ने कहा, जहां तक छत्तीसगढ़, झारखंड, महाराष्ट्र, तेलंगाना, प बंगाल और दिल्ली राज्य का सवाल है, उन्होंने इस न्यायालय द्वारा जारी सभी निदेशों का पालन नहीं किया है। इन राज्यों के मुख्य सचिवों को नोटिस जारी कर उनसे कारण बताने को कहा जाये कि इन राज्यों के खिलाफ न्यायालय की अवमानना अधिनियम के तहत कार्रवाई क्यों नहीं की जाये।


**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (कैरिज वर्क्स), खड़गपुर वर्कशॉप, खड़गपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है : क्रम सं., ई-निविदा सूचना सं. एवं कार्य का नाम निम्नानुसार हैं: **1. सीडब्ल्यू-एडब्ल्यूएफए-24-25-01-आर-2,** अतिरिक्त जल-भराव व्यवस्था का प्रावधान। **मात्रा:** 1400 कोच। **निविदा मूल्य:** रु. 2,69,49,039/-, **बयाना राशि:** रु.2,84,800/- **2. सीडब्ल्यू-एआरटी-एआरएमई-13-24-25-01-आर,** बीजी कोचों का एआरटी/एआरएमई में रूपांतरण, मात्रा-13 कोच। **मात्रा:** 13 कोच। **निविदा मूल्य:** रु.1,93,42,092.60, **बयाना राशि:** रु.2,46,700/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य प्रत्येक हेतु। **अनुबंध की अवधि:** क्रम सं. 1 के लिए एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह और क्रम सं. 2 के लिए एलओए जारी करने की तिथि से 06 माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 24.06.2025, 15.00 बजे प्रत्येक हेतु। **कार्य स्थल:** खड़गपुर वर्कशॉप, दक्षिण पूर्व रेलवे, पोस्ट-खड़गपुर, जिला: पश्चिम मिदनापुर, पिन-721301, **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट प्रणाली प्रत्येक हेतु। **अनुबंध का प्रकार:** कार्य-सामान्य प्रत्येक हेतु। विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा कागजात ई-पोर्टल वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** में उपलब्ध है।(PR-188)

**पूर्व मध्य रेल**

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई-निविदा सूचना**
**विद्युत/क०वि विभाग के लिये खुली निविदायें**

मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।
**ई-निविदा संख्या : TRD-OT-08-REPL-WIRE-25-26, क्रम सं० : 01. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** Replacement of 65 sq.mm. copper cadmium catenary wire in G.C. Section of Dhanbad Division (100 KM) (Ph-I). (कार्य समापन की अवधि :– (06) छः माह, **02. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रूपया 1,05,25,346.13/– निविदा प्रपत्र का मूल्य – शून्य/–, **3. बीड सिक्युरिटि :** 2,02,700/–, **4. ई-निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय :** ई-निविदा बंद होने की तिथि दिनांक 10.06.2025 को 11:00 बजे। ई-निविदा खुलने की तिथि दिनांक 10.06.2025 को 11:30 बजे। **5. वेबसाईट का विवरण :** वेबसाईट **www.ireps.gov.in** ई-निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक/क०वि०
पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/0292/डीएचएन/टीआरडी/टी/25–26/32


# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर स्पेशल लेक्चर

## योगदा कॉलेज में कॉमर्स विभाग एवं आइक्यूएसी की ओर से आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** योगदा कॉलेज के कॉमर्स विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के संयुक्त तत्वावधान में कॉलेज के सेमिनार हॉल में छात्रों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनआइएएमटी, रांची की सहायक प्राध्यापक एवं एआइ विशेषज्ञ डॉ शालिनी महतो मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थीं। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग आदि की विस्तृत जानकारी दी. डॉ. महतो ने छात्रों को एआई टूल्स, कैनवा, ग्रामरली, चैटजीपीटी, एआइ स्टूडियो सहित एआइ टूल्स के उपयोग से अवगत कराया, जिससे वे पढ़ाई, लेखन, प्रेजेंटेशन, वीडियो निर्माण और वेबसाइट डिजाइनिंग में दक्षता प्राप्त कर सकते हैं।

**टूल्स का नैतिक और जिम्मेदाराना उपयोग :** डॉ महतो ने बताया कि अधिकांश एआइ टूल्स का फ्री वर्जन उपलब्ध है, जो सीमित फीचर्स के साथ छात्रों के लिए उपयोगी है। उन्होंने एआइ के नैतिक और जिम्मेदाराना उपयोग पर भी जोर दिया, ताकि इसका सही और सकारात्मक इस्तेमाल सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम का संचालन डॉ मयूरी गौर ने किया, जबकि आइक्यूएसी समन्वयक प्रो सिमरन कौर ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कॉमर्स विभाग के लगभग 70 छात्रों के साथ कर्नल हिमांशु शेखर (डायरेक्टर, आईक्यूएसी क्वालिटी वर्टिकल), डॉ रविंद्र कुमार (विभागाध्यक्ष), डॉ मृणाल गौरव, डॉ मल्लिका कुमारी, डॉ लवनीश गौतम, डॉ आभा कुमारी एवं सीएमए हेमंत कौशिक उपस्थित रहे।

**तकनीक की ओर एक कदम :** यह आयोजन छात्रों के लिए तकनीकी ज्ञान को बढ़ावा देने और उन्हें आधुनिक युग की आवश्यकताओं के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना गया. कार्यक्रम ने छात्रों में एआइ के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी

## पेज 01 को शेष

### पांच साल की सेवा, वेतनवृद्धि ...

**हर वर्ष तीन फीसदी वेतन वृद्धि का प्रावधान:** राज्य सरकार ने 'झारखंड मैनपावर आउटसोर्सिंग रेगुलेशन' नीति को मंजूरी दी है। इसके तहत आउटसोर्स कर्मियों को न्यूनतम पांच वर्षों के लिए सेवा में रखा जायेगा। इसके बाद तीन वर्षों का अतिरिक्त एक्सटेंशन दिया जा सकेगा। कर्मचारियों को हर वर्ष तीन फीसदी वेतनवृद्धि (इंक्रीमेंट) मिलेगा। सेवा प्रदाता को न्यूनतम वेतन अनिवार्य रूप से देना होगा। वेतन निर्धारण के लिए एक अलग कमेटी का गठन किया जायेगा। आरक्षण नीति का पूरी तरह पालन किया जायेगा। जैप आइटी में 'ग्रिवांस सेल' की स्थापना की जायेगी। कर्मियों को 4 लाख रुपये तक का ग्रुप दुर्घटना बीमा भी मिलेगा।

**41755 विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा:** राज्य सरकार के मदरसा और संस्कृत अल्पसंख्यक विद्यालय में पढ़ने वाले वर्ग 9 से 10 तक में नामांकित और अध्ययनरत सभी कोटि के विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक और कॉपी मुफ्त देगी। कैबिनेट ने एक अन्य प्रस्ताव पर मुहर लगाते हुए सरकारी विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए साइंस मैगजीन और कक्षा 11 से 12 के लिए प्रतियोगी पत्रिका प्रकाशित और वितरण करने का निर्णय लिया है। इसके तहत राज्य के कुल 41755 विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा।


**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 1898 date 08.05.2025, I Mana Ram Manjhi, S/o. Mahabir Manjhi, Resident of - 72, Kendua, Giddi A P.O.- Giddi A. P.S.- Giddi, Dist.- Ramgarh, Jharkhand- 829108, do hereby solemnly affirm and declare on oath as follows :- 1. That i am a permanent employee of N.K. Area CCL Having employee No./ PIS No. 14326532 and presently working as Exp. Carrier Grade -V at Churi Colliery, N. K. Area. 2. That my wife real and actual Name is Pano Devi and her date of Birth is 01-01-1975 which is recorded in her Aadhar Card Vide No.- 9058 0560 9769 and Pan Card Vide No. - BXOPD0234K. 3. That Due to my mistake the D.O.B. of my wife (Pano Devi) Recorded in my service-sheet is in year only i.e. 26 Yrs. as on 21-12-2001 but her actual date of birth is 01-01-1975 which is mentioned in her Aadhar Card and other Official Documents. 4. That the actual date of my wife is required to be entered in my original service-sheet and other service records for all purposes. 5. That when it has brought to my notice, I do hereby apply for correction of my wife date of birth as 01-01-1975. 6. That para 1 to 5 are correct and genuine to the best of my knowledge and belief if found wrong or concealing that Fact at any point of time I Shall be held.

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

(मुख्य परियोजना प्रबंधक) गति शक्ति इकाई पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है।
ई-निविदा संख्या:02-GSU-DHN-2025-26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य परियोजना प्रबंधक) गति शक्ति इकाई) (सीपीएम/जीएसयू), धनबाद की परियोजनाओं के सामान्य सलाहकार) जीसी (की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव हेतु अनुरोध) आरएफपी (24 (चौबीस महीने) । कार्य की लगभग लागत (रूपये में) : ₹2,34,46,636.48, ब्याने की रशि (रूपये में) : ब्याने की राशि (रूपये में) : http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागु। निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख एवं समय : ई-निविदा बंद होने की तारीख 16.06.2025 को 11.00 बजे तक ई-निविदा खुलने की तारीख 17.06.2025 को 17.00 बजे से। वेबसाईट का विवरण : http://www.ireps.gov.in ई –निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।
नोट : (i) प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा की जारी होने की कोई भी परिवर्तन और शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाईट http://www.ireps.gov.in अवलोकन करें।

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गतिशक्ति)/
पूमरे/धनबाद
पीआर/0282/डीएचएन-जीएस/एस एण्ड टी/टी/25–26/36

# बेनकाब होगा पाकिस्तान

ऑपरेशन सिंदूर के जरिये पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ढांचों को नष्ट करने के बाद अब समय है इस्लामाबाद की हकीकत और भारत के बदले रुख से दुनिया को वाकिफ कराने का। पाकिस्तान तब तक अपनी हरकतों से बाज नहीं आयेगा, जब तक उसे कुछ देशों का समर्थन मिलता रहेगा। इस समर्थन को कूटनीति के जरिये ही खत्म किया जा सकता है।

**बदली रणनीति :** पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने देश को आतंकवाद के खिलाफ अपनी रणनीति बदलने पर मजबूर किया है। अभी तक पाकिस्तान अपनी करतूतों को परमाणु बम की ओट में छिपाता रहा था, लेकिन नयी दिल्ली ने साफ चेतावनी दे दी है कि यह धमकी अब नहीं चलेगी। अगर पाकिस्तानी सेना ने आतंकियों की आड़ में भारत में अस्थिरता फैलाने की कोशिश की, तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा।

**दुनिया के हक में :** ऑपरेशन सिंदूर आतंक के खिलाफ लड़ाई में भारत का न्यू नॉर्मल है और दुनिया को पता होना चाहिए कि पाकिस्तान की टेरर पॉलिसी के चलते यह नौबत आयी है। अपने यहां मौजूद आतंकी ढांचों पर एक्शन तो दूर, पाकिस्तान ने उन्हें हमेशा बचाने की कोशिश की। ये अड्डे हिंदुस्तान और बाकी दुनिया के लिए भी बड़ा खतरा बने हुए थे।

**पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने देश को आतंकवाद के खिलाफ अपनी रणनीति बदलने पर मजबूर किया है। अभी तक पाकिस्तान अपनी करतूतों को परमाणु बम की ओट में छिपाता रहा था, लेकिन नयी दिल्ली ने साफ चेतावनी दे दी है कि यह धमकी अब नहीं चलेगी।**

**झूठ खुलेगा :** पाकिस्तान ने संघर्ष को भड़काने के लिए खूब झूठ फैलाया। उसका यह चेहरा बेनकाब करने की जरूरत है कि भारत से टक्कर की चाहत में वह अपने नागरिकों को भी ढाल बना लेता है, और नयी दिल्ली की लड़ाई आम लोगों से नहीं बल्कि आतंकियों और उनके आकाओं से है। हिंदुस्तान ने सिंधु जल संधि को इसलिए निलंबित किया, क्योंकि एक तो इस ट्रीटी में भारतीय हितों का ख्याल नहीं रखा गया था और दूसरे, पाकिस्तान ने कभी पड़ोसी धर्म नहीं निभाया। पाकिस्तान को पानी पर सहानुभूति बटोरने का मौका नहीं मिलना चाहिए।

**चीन पर दबाव :** पाकिस्तान बार-बार दुस्साहस इसलिए कर पाता है, क्योंकि उसे चीन और तुर्किये जैसे देशों से मदद मिल जाती है। इस बार भी इन दोनों मुल्कों ने अपने निहित स्वार्थ के चलते पाकिस्तान को सपोर्ट किया। भारत की कूटनीतिक पहल से दोनों देशों पर दबाव पड़ेगा और दूसरे देश भी पड़ोसी मुल्क की सच्चाई से वाकिफ होंगे।

**एकजुट है देश :** सरकार ने सातों डेलिगेशन में सभी दलों के प्रतिनिधियों को शामिल किया है। यह दिखाता है कि राजनीतिक मतभेदों को भुला कर राष्ट्रीय हित के मसले पर पूरा देश एक है - आतंकवाद से लड़ाई में सरकार को सभी का समर्थन हासिल है। भारत की एकजुटता संदेश है और चेतावनी भी कि पाकिस्तान से सीमापार आतंक का सच हम सभी देशों के सामने लाने को प्रतिबद्ध हैं।

अभिमत
आजाद सिपाही

**...सत्तारूढ़ भाजपा और उसकी धुर विरोधी कांग्रेस के बीच तुच्छ राजनीति की तू-तू, मैं-मैं चल रही है। यह तू-तू, मैं-मैं पहलगाम के बाद नयी दिल्ली की कूटनीतिक पहुंच को मजबूत करने के लिए 30 विश्व की राजधानियों में सांसदों के प्रतिनिधिमंडलों को भेजने को लेकर है। यह सच है कि 7 प्रतिनिधिमंडलों में विपक्षी नेताओं को शामिल करने का मोदी सरकार का निर्णय चतुराईपूर्ण है। इसके अलावा, सहयोगी दलों जद(यू) और शिवसेना के अलावा कांग्रेस, एनसी और डीएमके के 3 विपक्षी नेताओं को इन समूहों का नेतृत्व करने के लिए नामित करने का निर्णय भी लिया गया।**

# राष्ट्र और राष्ट्रीय हित ही सर्वोपरि होते हैं, पार्टी नहीं

**पूनम आई कौशिश**



**अब समय आ गया है कि हमारे नेतागण सर्वप्रथम भारत माता की प्रगति के बारे में सोचें तथा सभी व्यक्तिगत प्राथमिकताओं को किनारे रखें। वास्तविक विकास और प्रगति तभी होगी जब पूरा देश एकजुट होकर देखना शुरू करेगा। तर्कपूर्वक कहा जा सकता है कि लोकतंत्र का सार यही है। हालांकि दुख की बात है कि लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांत पिछले कुछ वर्षों में ध्वस्त हो गये हैं।**

यह आक्रोश, दुख और प्रतिशोध का एक अल्पकालिक हम-साथ-साथ-हैं का प्रदर्शन था। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए क्रूर हमले में 26 लोगों की मौत के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' की स्याही अभी सूखी भी नहीं है कि यह फिर से शुरुआती स्थिति में आ गयी है।

यह आक्रोश, दुख और प्रतिशोध का एक अल्पकालिक हम-साथ-साथ-हैं का प्रदर्शन था। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए क्रूर हमले में 26 लोगों की मौत के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' की स्याही अभी सूखी भी नहीं है कि यह फिर से शुरुआती स्थिति में आ गयी है। सत्तारूढ़ भाजपा और उसकी धुर विरोधी कांग्रेस के बीच तुच्छ राजनीति की तू-तू, मैं-मैं चल रही है। यह तू-तू, मैं-मैं पहलगाम के बाद नयी दिल्ली की कूटनीतिक पहुंच को मजबूत करने के लिए 30 विश्व की राजधानियों में सांसदों के प्रतिनिधिमंडलों को भेजने को लेकर है। यह सच है कि 7 प्रतिनिधिमंडलों में विपक्षी नेताओं को शामिल करने का मोदी सरकार का निर्णय चतुराईपूर्ण है। इसके अलावा, सहयोगी दलों जद(यू) और शिवसेना के अलावा कांग्रेस, एनसी और डीएमके के 3 विपक्षी नेताओं को इन समूहों का नेतृत्व करने के लिए नामित करने का निर्णय भी लिया गया। फिर भी, कांग्रेस और टीएमसी दोनों ने ही अपने-अपने कारणों से खेल बिगाड़ने का फैसला किया।

**कांग्रेस की बेचैनी को बढ़ाते हुए थरूर ने सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इसका पार्टी की राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है।**

ममता की तृणमूल कांग्रेस ने एक प्रतिनिधिमंडल में अपने सांसद को भेजने का फैसला लिया है। वहीं कांग्रेस ने सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि वह शरारती मानसिकता के साथ खेल खेल रही है, क्योंकि उसने हमारे द्वारा सुझाये गये 4 सांसदों को दरकिनार करते हुए संयुक्त राष्ट्र के पूर्व राजनयिक से सांसद बने थरूर को एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का प्रमुख बनाया है। जैसा कि अनुमान था, भाजपा ने कांग्रेस पर आंतरिक पाखंड का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी अपने उस सांसद का विरोध करती है जो भारत के लिए बोलता है...कांग्रेस नेतृत्व ऐसे किसी भी व्यक्ति से असहज महसूस करता है जो हाईकमान को प्रभावित करता है।

कांग्रेस की बेचैनी को बढ़ाते हुए थरूर ने सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इसका पार्टी की राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। इसलिए निश्चित रूप से, पूर्व संयुक्त राष्ट्र राजनयिक को शामिल किये जाने से बहुतों को आश्चर्य नहीं होगा, क्योंकि वह भारत-पाकिस्तान गतिरोध पर सरकार के मुखर समर्थकों में से एक रहे हैं, जिन्होंने कहानी को स्पष्ट और सशक्त तरीके से बताया है। यह पार्टी लाइन से ऊपर उठकर सामूहिक राजनीतिक एकजुटता को दर्शाता है। लेकिन यह उनकी पार्टी के रुख से भी अलग है। इतना ही नहीं, कांग्रेस को यह घोषणा करने के लिए बाध्य होना पड़ा कि उनके बयान उनके अपने विचार थे, न कि पार्टी का रुख।

निष्पक्ष रूप से कहा जाये तो, कांग्रेस भी किसी अन्य विपक्षी दल की तरह चाहेगी कि जहां तक आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का सवाल है, उसके प्रतिनिधि सरकार का समर्थन करें, लेकिन क्लीन चिट न दें या लगभग सभी सरकारी नीतियों को उचित न ठहराएं, जैसा कि थरूर कर रहे हैं। एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि उन्होंने लक्षण रेखा पार कर ली है। कांग्रेस में होना और कांग्रेस का होना में जमीन-आसमान का अंतर है। यह पहली बार नहीं है जब थरूर अपनी पार्टी के साथ मतभेद में फंसे हैं। इससे पहले, कांग्रेस सांसद ने स्वीकार किया था कि रूस-यूक्रेन युद्ध पर भारत के रुख का विरोध करने के कारण उनकी बदनामी हुई।

पूर्व संयुक्त राष्ट्र राजनयिक से राजनेता बने थरूर ने व्हाइट हाऊस में पीएम मोदी की ट्रम्प के साथ बैठक के परिणाम की भी प्रशंसा की। मुद्दा थरूर को शामिल करने या भाजपा-कांग्रेस के बीच झगड़े का नहीं है लेकिन इससे एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है: राष्ट्र पहले आता है या पार्टी? इसके अलावा, वयस्क मताधिकार का प्रयोग करते समय नागरिकों को पूरी तरह से अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। जाहिर है, राष्ट्र और राष्ट्रीय हित ही सर्वप्रथम आते हैं। प्रत्येक भारतीय, चाहे वह किसी भी जाति, पंथ या धर्म का हो, पहले वह भारतीय है। राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं और विचारधाराएं अपनी जगह हैं, लेकिन देश हमेशा पहले आता है। नेताओं और पार्टियों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि किसी प्रतिद्वंद्वी या व्यक्ति का विरोध करना राष्ट्र के सर्वोत्तम हितों के विरुद्ध नहीं होना चाहिए। बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ भारत की वैश्विक छवि तेजी से बदल रही है और वह महाशक्ति बनने की राह पर है, इसलिए यह राजनीतिक चलन के अनुरूप है। इसके अलावा युद्ध, महामारी या झगड़े के समय में सरकार को बिना शर्त समर्थन देना होगा। एक नेता दूसरे का विरोध कर सकता है, या किसी पार्टी के खिलाफ आवाज उठा सकता है, लेकिन देश के खिलाफ आवाज नहीं बन सकता।

अब समय आ गया है कि हमारे नेतागण सर्वप्रथम भारत माता की प्रगति के बारे में सोचें तथा सभी व्यक्तिगत प्राथमिकताओं को किनारे रखें। वास्तविक विकास और प्रगति तभी होगी जब पूरा देश एकजुट होकर देखना शुरू करेगा। तर्कपूर्वक कहा जा सकता है कि लोकतंत्र का सार यही है। हालांकि, दुख की बात है कि लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांत पिछले कुछ वर्षों में ध्वस्त हो गए हैं। आज बहुत कम लोग यह याद रखना चाहते हैं कि लोकतंत्र अपने आप में कोई लक्ष्य नहीं है। यह केवल एक साधन मात्र है, जिसका लक्ष्य लोगों की बेहतर भलाई और खुशी है। अब समय रुक कर भविष्य के दीर्घकालिक परिणामों पर विचार करने का है। क्या व्यक्तिगत अहंकार सामूहिक बुद्धिमत्ता पर हावी हो जाएगा? समय आ गया है कि हमारी राजनीति ऐसे नेताओं के रूप में विकसित हो जो पार्टी से पहले राष्ट्र को प्राथमिकता दें। किसी राष्ट्र में नेताओं का अनुपात जितना अधिक होगा, राष्ट्र के समृद्ध, आत्मनिर्भर और सफल बनने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। हमें भारत के निर्माण के लिए ऐसे और अधिक नेताओं की आवश्यकता है जो विवेकशील, निष्ठावान और विश्वसनीय हों।

## कोल्हान की खबरें

### मानगो पेयजल परियोजना की दुर्दशा और कानून व्यवस्था की लचर स्थिति को लेकर धरना

# जमशेदपुर पुलिस को अपना इकबाल बुलंद करने की जरूरत : सरयू राय

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सरयू राय ने मानगो पेयजल परियोजना की दुर्दशा और कानून व्यवस्था की लचर स्थिति को लेकर डीसी कार्यालय के समक्ष एक विशाल धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। गुरुवार को श्री राय ने सभा को संबोधित करते हुए गंभीर सवाल उठाए। विधायक ने हजारों की संख्या में जुटी भीड़ को संबोधित करते हुए कहा अगर बड़े अधिकारी आदेश दे रहे हैं और निचले स्तर पर उसका पालन नहीं हो रहा तो इसका साफ मतलब है मानगो पेयजल परियोजना को विफल करने की साजिश चल रही है। उन्होंने सवाल किया कि आखिर वो कौन लोग हैं जो सीनियर अफसरों के आदेशों को जमीन पर लागू नहीं होने दे रहे? ऐसे लोगों की पहचान होनी चाहिए और उन्हें सख्त सजा मिलनी चाहिए।

**परियोजना को जानबूझ कर बनाया जा रहा विफल :** श्री राय ने बताया मानगो पेयजल परियोजना पर 125 करोड़ रुपये से अधिक खर्च हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद मानगो के करीब 75 फीसदी घरों में पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। केवल एक मोटर चालू है जबकि इंटक वेल, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट और टंकियों के मोटर जले हुए हैं। उन्होंने कहा पिछले चार महीनों में उन्होंने कार्यपालक अभियंता, उप नगर आयुक्त से लेकर रांची के मंत्री और सचिवों तक सभी से बातचीत की, लेकिन केवल आश्वासन मिले।विधायक ने आरोप लगाया कुछ लोग जानबूझ कर योजना को विफल कर रहे हैं। ये वही लोग हैं जो जब चाहें किसी इलाके में पानी की सप्लाई चालू करते और जब चाहें बंद कर देते हैं।

**बालीगुमा में एक बूंद पानी नहीं :** सरयू राय ने बताया बालीगुमा क्षेत्र में एक बूंद पानी नहीं आ रहा है।जबकि नेशनल हाईवे से पाइपलाइन पार कराने के लिए विभाग को 10 लाख रुपये देने हैं, जो सरकारी खजाने में उपलब्ध है। लेकिन अब तक तय नहीं हो पाया है ये पैसा देगा कौन?

**पुरानी टंकी, नयी परेशानी :** विधायक श्री राय ने बताया 2014 के उनके कार्यकाल में मानगो पृथ्वी पार्क के पास जो पानी की टंकी बनी थी, उसका उद्घाटन हो चुका है लेकिन पानी अब तक नहीं पहुंच रहा। उन्होंने सवाल उठाया क्या इसका संचालन करने वाले ही योजना को असफल करने की साजिश रच रहे हैं?

**लचर कानून व्यवस्था पर प्रहार :** शहर की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चिंता जाहिर करते हुए सरयू राय ने कहा महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। सड़कों पर चलना भी मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने कहा अब समय आ गया है जमशेदपुर पुलिस को अपना इकबाल बुलंद करना होगा।

**धरने में जुटा राजनीतिक और सामाजिक जनसैलाब :** विधायक सरयू राय के द्वारा मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर धरने में बड़ी संख्या में एनडीए गठबंधन के नेताओं, सामाजिक कार्यकताओं और स्थानीय नागरिकों की भागीदारी रही। उपस्थित प्रमुख नेताओं में आशुतोष राय, डॉ पवन पांडेय, कन्हैया सिंह, सतीश सिंह, सुबोध श्रीवास्तव, केपी सिंह, लल्लन दिवेदी, शत्रुघ्न गिरी, अजीत सिंह भीम, संजय तिवारी, बजरंगी पांडे, फातिमा शाहीन, और अन्य नेताओं के नाम शामिल हैं।

### मंगल कालिंदी ने बोड़ाम-पटमदा की 23 सड़कों के निर्माण की सीएम से की मांग




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने रांची में सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की। गुरुवार को मुलाकात के दौरान विधायक ने जुगसलाई विधानसभा के बोड़ाम और पटमदा प्रखंड अंतर्गत 23 प्रमुख सड़कों के निर्माण को प्राथमिकता देने की मांग की।मौके पर विधायक श्री कालिंदी ने सीएम को एक ज्ञापन सौंपते हुए कहा जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र की ग्रामीण जनता लंबे समय से जर्जर सड़कों से परेशान है। इस कारण आवागमन में कठिनाई और विकास की रफ्तार धीमी हो गयी है। उन्होंने 23 महत्वपूर्ण सड़कों की सूची शामिल करते हुए निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति शीघ्र देने का अनुरोध किया। सीएम ने विधायक की मांगों पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए जल्द कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

### विधवा ने ससुराल वालों पर शारीरिक शोषण और जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप, दिया आवेदन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जुगसलाई थाना अंतर्गत पंविष्ठ मोहल्ला पुरानी बस्ती रोड निवासी नाजिया परवीन ने एसएसपी कार्यालय पहुच कर ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाये। गुरुवार को उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगायी। पीड़िता नाजिया परवीन ने बताया 2012 में मुस्लिम रीति-रिवाज से स्वर्गीय खेरात गुल के छोटे बेटे सरफराज गुल से निकाह हुई थी। 19 दिसंबर 2018 को उनके पति का देहांत होने के बाद 12 वर्षीय पुत्री के साथ ससुराल में रह रही है। लेकिन उसकी सास सुरैया बीबी और दोनों जेठ सरताज गुल एवं मीराज गुल उर्फ जमशेद द्वारा न केवल पति की संपत्ति हड़पने का प्रयास किया बल्कि मानसिक, शारीरिक और यौन उत्पीड़न की घटनाओं को भी अंजाम दिया गया। अब तो 12 वर्षीय पुत्री के साथ मेरा जान का खतरा भी सामने आने लगा। उन्होंने कहा इसके लिए कई बार थाना में लिखित आवेदन दिये। महिला थाना में दिये, डीएसपी को दिए लेकिन अब तक न्याय नही मिला। बीते बुधवार को मेरा जेठ सरताज गुल मारने के लिए दौड़ा जिससे मेरा बच्ची को शोक लगा उसका इलाज करा रहे। पीड़िता ने एसएसपी के नाम पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगायी। बताया कि शारीरिक रूप से प्रताड़ित के साथ अब जान से मारने की धमकी भी दी जाती है। सास की सहमति से झाड़-फूंक की जाती है। पीड़िता ने बताया 14 मार्च 2025 को बाजार गयी थी, उसके कमरे का ताला तोड़कर बहुमूल्य सामान, सोने-चांदी के आभूषण,पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, जमीन संबंधी दस्तावेज एवं दुकान की चाबी चोरी कर ली। घटना की सूचना देने जुगसलाई थाना पहुंची तो आरोपियों ने उसे और उसकी पुत्री को जान से मारने की धमकी दी।

### बीडीओ ने बड़ाबांकी पंचायत का किया दौरा, विकास कार्यों की ली जानकारी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जिले के प्रखंड विकास पदाधिकारी बड़ाबाँकी ग्राम पंचायत का दौरा किया। शुक्रवार को दौरा के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का बारीकी से अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने लाभार्थियों से सीधा संवाद स्थापित कर योजनाओं के क्रियान्वयन, पारदर्शिता और प्रभाव के बारे में जानकारी ली। साथ ही क्षेत्रीय ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और जल्द समाधान का आश्वासन दिया। बड़ाबांकी ग्राम पंचायत के मुखिया राकेश चंद्र मुर्मू ने कहा बीडीओ का यह दौरा पंचायत क्षेत्र में संचालित योजनाओं के मूल्यांकन और विकास कार्यों की निगरानी के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रहा।

# उत्तरी करनडीह में पंचायत भवन का संजीव सरदार ने किया शिलान्यास

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत उत्तरी करनडीह में गुरुवार को पंचायत भवन निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास पोटका विधायक संजीव सरदार ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक संजीव सरदार ने कहा यह भवन केवल एक संरचना नहीं, बल्कि यह ग्रामीण प्रशासन और विकास की नींव है। यहां से न सिर्फ सरकारी योजनाओं का संचालन होगा, बल्कि यह भवन ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान और पंचायत बैठकों के आयोजन का मुख्य केंद्र बनेगा। विधायक ने कहा राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के चहुंमुखी विकास को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में और भी कई योजनाएं धरातल पर उतरेंगी, जिनका सीधा लाभ ग्रामीणों को मिलेगा।इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती बारी मुर्मू, उपाध्यक्ष पंकज, सदस्य पुर्णिमा मल्लिक, झामुमो नेता बहादुर किस्कू, प्रखंड सचिव जगत मार्डी, पप्पू उपाध्याय, मनोज नाहा, शंकर हेंब्रम, अनिल मुंडा, मुखिया मायावती टुडू, सिनी सोरेन, पसं. सदस्य द्रोपदी मुंडा, नीता सरकार, दीपक पाल, कन्हाई हेंब्रम समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### सिंहभूम चैंबर के प्लेटिनम जुबिली समारोह की तैयारियों का डीसी ने किया स्थल निरीक्षण

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्लेटिनम जुबिली समारोह का उद्घाटन 25 मई को लोयला स्कूल फेसी ऑडिटोरियम में होगा। गुरुवार को इसकी तैयारियों का जायजा लेने डीसी अनन्य मित्तल,ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, सिटी एसपी कुमार शिवाशीष सहित अन्य पदाधिकारी ने स्थल का निरीक्षण किया। चैंबर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने बताया उद्घाटन समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मुख्य अतिथि होंगे।

### सरना धर्म कोड लागू करने की मांग को लेकर झामुमो का 27 को राज्यव्यापी धरना



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने केंद्र सरकार द्वारा सरना धर्म कोड पर अब तक कोई निर्णय नहीं लेने के विरोध में कड़ा ऐतराज जताया। पार्टी ने स्पष्ट किया कि जबतक सरना धर्म कोड नहीं, तबतक जनगणना नहीं₹ के नारे के साथ झारखंड में चरणबद्ध आंदोलन किया जायेगा। केन्द्रीय समिति के महासचिव विनोद कुमार पांडेय की ओर से जारी निर्देश के अनुसार 27 मई को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में एकदिवसीय विशाल धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया जायेगा। धरना-प्रदर्शन में पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी, सांसद, मंत्री, विधायक सहित सभी स्तर के नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकताओं की उपस्थिति रहेगी। गुरुवार को झामुमो संपर्क कार्यालय में बैठक के दौरान इसकी जानकारी दी गयी। बैठक में आगामी 27 मई को होने वाले धरना को सफल बनाने की रणनीति तैयारी के लिए 24 मई को आदिवासी एसोसिएशन हॉल, सीतारामडेरा मे झामुमो जिला संयोजक मंडली की आवश्यक बैठक बुलायी गयी। बैठक सुबह 11 बजे से शुरू होगी। मौके पर मंत्रीगण, विधायकगण, पूर्व सांसद, केन्द्रीय समिति के पदाधिकारी, जिला एवं महानगर संयोजक मंडली के सदस्य, प्रखंड और नगर समिति के पदाधिकारी भाग लेंगे। झामुमो ने सभी जिम्मेदारों से समय पर बैठक में शामिल होने और कार्यक्रम को जन आंदोलन में बदलने का आह्वान किया।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 23 मई, 2025
www.azadsipahi.in
07

## सेवानिवृत्त सेलकर्मी राम प्रसाद बैठा का निधन


राम प्रसाद बैठा फाइल फोटो।

भवनाथपुर। प्रखंड के झुमरी गांव निवासी और सेल के सेवानिवृत्त कर्मचारी राम प्रसाद बैठा का निधन हो गया। वह पिछले कुछ वर्षों से गंभीर बीमारी से पीड़ित थे और इलाज के लिए गढ़वा स्थित परमेश्वरी अस्पताल में भर्ती थे, जहां इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गयी। राम प्रसाद बैठा एक मिलनसार और समाजसेवी व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे। उनके निधन की खबर सुनते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में उनके आवास पर पहुंच कर शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना देने लगे। ग्रामीणों ने उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जाना समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। मनोज कुमार प्रजापति, जयराम पासवान, सुमेर राम, सुदर्शन बैठा, संजय तिवारी, जगदीश बैठा, माखन बैठा, सुरेश गुप्ता, वरुण बिहारी यादव, संजीव कुमार, अली हुसैन, अनूप गुप्ता सहित कई लोगों ने शोक व्यक्त किया।

# गढ़वा में नियमों और शर्तों को ताक पर रखकर सोन नदी से हो रहा है बालू उठाव

विमलेश कुमार

**गढ़वा/भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य खनिज विकास निगम (जेएसएमडीसी) की ओर से संचालित गढ़वा जिला के खरौंधी प्रखंड के खोखा बालू घाट पर सोन नदी से बालू उठाव में माइनिंग एक्ट की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही है। बालू उठाव के लिए अधिकृत ठेकेदार ने बड़े मशीनों से खनन कर सोन नदी का सीना छलनी कर दिया है। सोन नदी के गर्भ में दिन रात बेखौफ गरजती बड़ी-बड़ी पोकलेन मशीनें और नदी में जगह जगह लगभग 20 से 25 बने गहरे गड्ढे चीख-चीख कर नदी और माइनिंग एक्ट दोनों की दुर्दशा की व्यथा कथा बयान कर रहे हैं।



जानकारी के अनुसार खोखा बालू घाट संचालन का जिम्मा झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड (जेएसएमडीसी) के हाथों में है। जेएसएमडीसी ने इसे माइनिंग नियमों और शर्तों के साथ लीज पर दिया है, लेकिन लीजधारक ठेकेदार माइनिंग नियमों को ताक पर रखकर खनन और उठाव कर रहे हैं। खोखा में मेन रोड से सोन नदी के भीतर सड़क बना दिया गया है। पोकलेन मशीन से नदी में बालू का खनन कर हाइवा पर धुंआधार लोडिंग का काम किया जा रहा है। नाव के माध्यम से भी बालू का खनन किया जा रहा है। नाव में लगी मशीन के जरिये भी सोन नदी में लगभग 20 से 25 फीट खुदाई कर बालू निकाला जा रहा है। नाव के माध्यम से बालू निकाल रहे नाव के चालक जितेंद्र कुमार ने बताया कि सोन नदी में 20 से 25 फीट का खुदाई कर बालू निकाला जा रहा है। उसने बताया कि इस काम के लिए बालू घाट के ठेकेदार के आदेश पर गहराई से बालू निकाल रहे है। जिस कदर बालू का खनन हो रहा है उससे सोन नदी के स्वरूप बिगड़ने का खतरा है। बालू खनन के दौरान बने बड़े बड़े गढ्ढे में अनहोनी होने का अंदेशा है। आस पास के इलाकों और सोन तटीय क्षेत्रों में जलस्तर पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने का खतरा है।

बताया जाता है, कि खोखा बालू घाट से प्रतिदिन सैकड़ों हाइवा बालू यूपी और झारखंड के विभिन्न स्थानों पर भेजा जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि हाईवा ट्रक और टीपर वाहन में पासिंग से अधिक माल की ढुलाई धड़ल्ले की जा रही है। बुधवार को भी बड़ी संख्या में हाईवा बालू घाट पर लगे हुए थे, जिसमे पोकलेन से बालू लादा जा रहा था।

खनन मामलों के जानकारों का कहना है कि जेएसएमडीसी का गठन देश के दूसरे राज्यों तेलंगाना आदि की तर्ज पर रोजगार का सृजन और सुरक्षित खनन के लिए हुआ था। मशीन से बालू खनन और उठाव होने से जेएसएमडीसी के गठन के उद्देश्यों पर पलीता लग रहा है। जानकारों के अनुसार सोन नदी से मजदूरों से ट्रैक्टर पर लोडिंग के बाद स्टॉक यार्ड में डंपिंग का प्रावधान है, लेकिन वहां सब कुछ गड़बड़ हो रहा है। पोकलेन द्वारा सीधे नदी से बालू का खनन कर हाइवा लोड किया जा रहा है यह बहुत बड़ा अपराध है।

इस संबंध में पूछे जाने पर जिला खनन पदाधिकारी राजेंद्र उरांव ने कहा कि मामले को पहले समझ लेते हैं, फिर इस विषय में जानकारी देंगे।

**Jharkhand UrjaSancharan Nigam Limited**
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
Office of the General Manager,
Transmission Zone-I, Kusai Colony, Doranda, Ranchi- 834002
E-mail ID :-, gm.jusnl@gmail.com Mob. No. :- 0651- 2490513

**Cancellation Notice**

e-NIT No. 80/ PR/JUSNL/ 2025-26 is hereby cancelled due to unavoidable reasons..

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR No. 352287

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-I, Ranchi

PR 353271 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (25-26)D

**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
(CIN No.:U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building Kusai Colony, Doranda, Ranchi - 834002
(E-mail:cetjusnl@gmail.com)

**e-TENDER NOTICE**

NIT No. – 122/PR/ JUSNL/ 2025-26

E-tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part – II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works : -

| | |
|---|---|
| Name of work | Design, Engineering, Supply of materials/ equipment, Erection, Testing & Commissioning of 04 nos. 220 kV bays at TTPS Switchyard within premises of TVNL, Lalpania (Bay no. 07, 09, 10 & 13) for the termination of 220 kV D/C Hazaribagh-TTPS and Gomia – TTPS transmission line along with dismantling, loading & unloading transportation of existing damaged/ available equipment from site store of TVNL, Lalpania on turnkey basis. |
| Estimated cost (Rs.) | Rs. 11,73,88,267.00 (including GST) |
| Earnest Money Deposit | Rs. 23,47,800.00 (On line mode) |
| Completion Period | 06 (Six) Months |
| e-Tender fee | Rs. 15,000.00 + 18% (Online mode). |
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | 27.05.2025 at 11:00 AM |
| Start Date and time of upload of BID | 27.05.2025 at 11:00 AM |
| End date and time of upload of BID | 16.06.2025 upto 04:00 PM |
| BID Opening date for technical part | 17.06.2025 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, C&M (NWBP), 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned (6202162568) during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
C&M (NWBP)

PR 353235 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (25-26)_D

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर मेराल में निकाली गयी तिरंगा यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा निकाली। मेराल के दोनों भाजपा मंडल के नेतृत्व में निकाली गयी तिरंगा यात्रा में सभी पंचायत के कार्यकर्ताओं के साथ जिला के कई नेता अतिथि के रूप में शामिल हुए। यात्रा अस्पताल चौक से प्रारंभ होकर बस स्टैंड सहित विभिन्न क्षेत्रों से गुजरी। इस दौरान सभी हाथ में तिरंगा लिए जोश एवं उत्साह से लेवरेज देश की सेना



जिंदाबाद, भारत माता की जय, वंदे मातरम, वीर शहीद जवान अमर रहें के गगन भेदी नारे लगा रहे थे। इस दौरान नेताओं ने भारतीय सेना का शौर्य, ऑपरेशन सिंदूर की अप्रत्याशित सफलता की चर्चा करते रहे। यात्रा में वरिष्ठ भाजपा नेता विनय चौबे, ब्रजेश उपाध्याय, हरेंद्र द्विवेदी, उदय कुशवाहा, रुपू महतो, मनोज जायसवाल के साथ कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, इंदेश पांडे, धनंजय शर्मा, महेंद्र सिंह, चंद्रमणि पाठक, रविंद्र प्रसाद, राधेश्याम यादव, राजेश यादव, अमित, वीरेंद्र, भोला, विकास, कामेश्वर, नरेश सिंह, कंचन, शिव नारायण, खुर्शीद, अशोक आदि शामिल थे।

## पुलिस निरीक्षक ने कांडी थाना का औचक निरीक्षण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** मझिआंव अंचल के पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी ने कांडी थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान नये चौकीदारों को उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों की जानकारी दी गयी। साथ ही थाना के सभी अभिलेखों और पंजी का गहन निरीक्षण कर उन्हें अद्यतन करने का निर्देश दिया गया। पुलिस निरीक्षक तिवारी ने बताया कि वर्ष 2021 से पूर्व के लंबित अनुसंधान कांडों की समीक्षा की गयी है और उन्हें इसी माह में निपटाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने थाना परिसर की साफ-सफाई, जनसाधारण से बेहतर व्यवहार और उनकी समस्याओं



का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। विशेषकर महिला संबंधी मामलों का त्वरित निष्पादन करने पर जोर दिया गया। एमवी एक्ट के तहत वाहन जांच के दौरान यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि केवल आपराधिक प्रवृत्ति के या संदिग्ध व्यक्तियों पर ही कार्रवाई हो, जिससे आम जनता को कोई असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त, सभी पुलिसकर्मियों, पदाधिकारियों और चौकीदारों को शारीरिक फिटनेस के महत्व और जनता के साथ उचित व्यवहार के बारे में जागरूक किया गया। कार्यों के समयबद्ध और प्रभावी निष्पादन को लेकर भी दिशा-निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी अविनाश राज, एसआई विद्यासागर प्रसाद, रौशन कुमार राम, अरविंद कुमार सिंह, रवि शंकर मिश्रा, जूली टुडू, एएसआई आशीर्वाद महतो, विनय मांझी, अंचल रीडर सुशील कुमार, मुंशी निरंजन कुमार समेत कई पदाधिकारी, पुलिसकर्मी और चौकीदार उपस्थित थे।

### 'नयी दिशा परियोजना' का हुआ शुभारंभ

## शिक्षा और विकास की ओर एक ठोस कदम : शुभम बेला



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** गढ़वा जिला के रंका प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, भलूवानी में बदलाव फाउंडेशन एवं लार्सन एंड टूब्रो (एल एण्ड टी) के संयुक्त प्रयास से 'नई दिशा परियोजना' का भव्य शुभारंभ एल एंड टीके प्रशांत, राजशेखर पांडेय, एलएंडटी कंस्ट्रक्शन के जेनरल मैनेजर के आर रामकृष्णन और अजीत जॉन बेक की गरिमामई उपस्थिति में गुरुवार को मुख्य अतिथि रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला तोपनों के द्वारा किया गया। यह परियोजना गढ़वा जिले के दो प्रखंडों - रंका एवं गढ़वा में प्रारंभ की जा रही है, जिसका उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु विद्यालयों में एक बेहतर शैक्षणिक वातावरण और संरचना विकसित करना है। इस अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय समुदाय के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सोनदाग पंचायत के मुखिया रिमा देवी, पंचायत सचिव सोनी कुमारी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय भलूवानी के प्रधानाध्यापक, सहायक शिक्षक, बदलाव फाउंडेशन के सचिव अरविंद जी, वरिष्ठ सहयोगी आशा और सबिता सहित स्थानीय प्रशासन एवं समुदाय के कई अन्य अतिथि उपस्थित थे।

## प्रमुख ने विधायक को मध्य विद्यालय को अपग्रेड और पाचाडूमर सड़क चौड़ीकारण के लिए लिखा पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने अपने क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को विधायक अनंत प्रताप देव को पत्र लिखकर अवगत कराया। प्रखंड क्षेत्र के 85 वर्ष पुराना मध्य विद्यालय पाचाडूमर को हाईस्कूल में अपग्रेड करने के लिए हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर मांग किया है। आवेदन में उल्लेख किया गया है की मध्य विद्यालय पाचाडूमर हाई स्कूल के लिए सारी अर्हता पूरा करता है। यह विद्यालय अपग्रेड होने से दस किमी की दायरे में स्थित मध्य विद्यालय खैरवा, बीजडीह तक के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए केतार या 15 किमी दूर छाताकुंड नहीं जाना पड़ेगा। नजदीक हाई स्कूल नहीं रहने से दर्जनों छात्राओं को आठवीं के बाद पढ़ाई छोड़ देते थे। मध्य विद्यालय पाचाडूमर को हाई स्कूल में अपग्रेड हो जाने से सुदूरवर्ती सोन तटीय इलाके के छात्र छात्राओं को शिक्षा सुगमता



से मिल जायेगा। वहीं प्रमुख के द्वारा विधायक अनंत प्रताप देव को दिये गये दूसरे आवेदन में पाचाडुमर मुख्य सड़क से प्रताप शाह के घर तक चौड़ीकरण की मांग किया है। आवेदन में जिक्र किया गया की भवनाथपुर केतार थाना होते हुए पाचाडूमर तक मुख्य सड़क का मरम्मती कार्य प्रगति पर है। परंतु केतार थाना से पाचाडूमर मध्य विद्यालय होते हुए प्रताप शाह के घर तक सिंगल रोड में मरम्मती के लिए निर्धारित है। उक्त सड़क अत्यंत जर्जर है। जिससे आये दिन दुर्घटना घटित होती रहती है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने केतार थाना से पाचाडूमर मध्य विद्यालय होते हुए प्रताप शाह के घर तक लगभग 1.5 किलोमीटर की सड़क का चौड़ीकरण कर मरम्मती कार्य कराने का आग्रह किया गया है।

**कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा।**
**अल्पकालीन ई–निविदा**
**आमंत्रण सूचना संख्या – 04/2025–26**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में पंचायती राज विभाग द्वारा जिला परिषद कोडरमा अंतर्गत विभिन्न भवनों, परिसम्पत्तियों का निर्माण, मरम्मति एवं नवीनीकरण मद से स्वीकृति प्रदत्त क्रमांक 01 में वर्णित कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरणी निम्नवत् है:–

| क्र0 स0 | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कोडरमा | Construction of Zila Parishad Koderma Office Building | 80812524.00 | 1616500.00 | 10000.00 | 24 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 30.05.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 31.05.2025 से 06.06.2025, अपराह्न 05:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 09.06.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– जिला अभियंता, जिला परिशद कोडरमा।
5. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरमाश सं0 7280967608 एवं ई–मेल ddczpkoderma@gmail.com
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता/संवेदक की होगी।
8. निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, कोडरमा।

PR 353276 Panchayati Raj (25-26)D

# फर्जी जांच रिपोर्ट बनाने के आरोप में एसडीएम ने पैथोलॉजी सेंटर को किया सील

**सदर अस्पताल के एक चिकित्सक की भी भूमिका संदिग्ध, जांचोपरांत होगी कार्रवाई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार ने गुरुवार को सिविल सर्जन डा अशोक कुमार, बीडीओ गढ़वा कुमार नरेंद्र और सीओ गढ़वा सफी आलम तथा गढ़वा थाने के पुलिस बल की मौजूदगी में संयुक्त जांच करते हुये चिनिया मोड़ काली मंदिर के पास अवस्थित साई पैथो लैब को एहतियातन मौके पर सील कर दिया। मामले की अपने स्तर से नियमानुसार जांच करने ओर दोषी पाये जाने वालों पर प्राथमिकी दर्ज कराने व अन्य अग्रेतर विधिक कार्रवाई सिविल सर्जन गढ़वा के द्वारा की जायेगी।




दरअसल मंडल कारा में पोक्सो के तहत निरुद्ध एक विचाराधीन कैदी की लिवर जांच इस पैथोलॉजी केंद्र के द्वारा की गई थी, जिसमें रिपोर्ट संदिग्ध दिखने के बाद डॉक्टर लाल पैथ लैब से दोबारा जांच करायी गयी, इस दूसरी रिपोर्ट में सभी रिपोर्ट नॉर्मल आई। साईं पैथोलॉजी के टेक्नीशियन एवं संचालक का पक्ष जानने के लिए अधिकारी इस जांच केंद्र पहुंचे हुए थे, जांच के लिए पहुंचने पर वहां जांचों का कोई डिजिटल रिकॉर्ड नहीं मिला, मैनुअल रजिस्टर में भी उक्त कैदी की विवरणी में काट छांट और ओवरराइटिंग पाई गई, संचालक नित्यानंद त्रिपाठी तथा टेक्नीशियन खुशबुल्ला अंसारी ने तुरंत ही स्वीकार कर लिया कि उस व्यक्ति की जांच पहले नॉर्मल ही थी किंतु सदर अस्पताल के एक चिकित्सक के दबाव में आकर उन्होंने रिपोर्ट में छेड़छाड़ की तथा रजिस्टर में काट छांट कर नई रिपोर्ट दे दी। इस जांच के दौरान एसडीएम गढ़वा संजय कुमार के साथ सिविल सर्जन गढ़वा एवं अन्य पदाधिकारी भी थे, इस मौके पर सिविल सर्जन ने मामले को अत्यंत गंभीर बताते हुए संलिप्त लोगों की जांच कर कड़ी कार्रवाई की वकालत की, फलस्वरुप एहतियात के तौर पर अनुमंडल दंडाधिकारी संजय कुमार के निर्देश पर इस जांच केंद्र को सील कर दिया गया। संजय कुमार ने बताया कि इस संबंध में सिविल सर्जन गढ़वा के स्तर से अग्रेत्तर जांच करते हुए संबंधित चिकित्सक एवं जांच केंद्र पर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मामले की विषय वस्तु से जिले के वरीय पदाधिकारियों को भी अवगत करा दिया गया है। इस पैथोलॉजी केंद्र में अन्य विसंगतिया भी सामने आई हैं, जैसे जांच करने वाले तकनीशियन का फिलहाल 12वीं पास होना, जांच कर्ता द्वारा फर्जी हस्ताक्षर करना, कोई रिकॉर्ड नहीं रखना, जांच को बदल देना तथा ज्यादातर एक ही डॉक्टर द्वारा रेफर किए गए रोगियों की जांच करना जैसे गंभीर तथ्य सामने आये हैं। एसडीएम ने शहर के अन्य जांच केंद्र संचालकों को भी चेतावनी दी है कि वे विहित प्रावधानों के अनुसार ही अपने यहां जांच कर्मी एवं विशेषज्ञ रखें। सभी जांच केंद्र अपना रिकॉर्ड मेंटेन करें तथा कोई भी ऐसा काम नहीं करें जो मरीजों के हित में न हो। उन्होंने कहा कि इन जांच केंद्रों से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर ही लोग अपना इलाज कराते हैं, जब जांच केंद्र ही छोटे लालच में आकर रिपोर्ट्स को बदल देंगे तब लोगों की चिकित्सा बुरी तरह प्रभावित होगी, इसलिए ऐसा कृत्य करने वालों को कठोर दंड मिलना तय है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया**
Email ID: eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com

**आम सूचना**

एतद द्वारा आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि आसन्न ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल समस्या के निदान एवं नलकूपों के साधारण मरम्मति हेतु पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया अंतर्गत प्रखण्डवार निम्न संवेदक एवं मिस्त्री है जिससे शिकायतकर्ता सीधे शिकायत दर्ज करा सकते है। जिनकी विवरणी निम्नवत है :–

| क्रं0 स0 | प्रखंड | संवेदक का नाम | मोबाइल नम्बर | वाहन संख्या | मिस्त्री का नाम मोबाइल नम्बर | कनीय अभियंता का मोबाइल नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा | श्री जीतेन्द्र सिंह, चतरा | 9546049421 | JH12N-2592 | 1. अशोक यादव – 8002286149<br>2. धीरज कुमार – 6299918395 | श्री विकास कुमार दास 9471329527 |
| 2 | डोमचाँच | श्री सुनील पासवान, जयनगर I | 9939119291 | JH02B-4572 | 1. पप्पु रजक – 6202662974<br>2. जयराम कुमार– 9955354247 | श्री अभिजीत कुमार 8789932957 |
| 3 | सतगावाँ | Sheetal Shakshi | 7004725390 | JH12J-4974 | 1. शंकर कुमार - 9934124809<br>2. राहुल कुमार – 9955795783 | श्री अमित कुमार– 7250105348 |
| 4 | जयनगर | श्री सुनील पासवान, जयनगर | 9939119291 | JH02B-4572 | 1. संतोष पसाद - 9693252010<br>2. पप्पु रजक – 6202662974<br>3. जयराम प्रसाद 9955354247 | श्री ओम प्रकाश 7033773207 |
| 5 | मरकच्चो | श्री कमलेश कुमार शुक्ला झुमरीतिलैया | 7870051193 | JH12E-5311 | 1. राजकुमार ठाकुर- 9693260025<br>2. राजेश दास- 9955304999<br>3. तेजलाल राणा - 9798183797 | श्री– जहेन्द्र भगत 8084416065 |
| 6 | चंदवारा | Jharkhand Traders | 9934337802 | JH09AH-9799 | 1. विकास यादव- 8521655596<br>2. पंकज यादव- 7004922708<br>3. रंजीत पासवान - 9142039952 | श्री प्रमोद कुमार सिन्हा – 6203658893 |

(2) पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, झुमरीतिलैया एवं कोडरमा तथा सभी प्रखंड कार्यालय में शिकायत पंजी संधारित किया गया है। जिसमें चापाकल मरम्मति की शिकायत दर्ज करायी जा सकती है।,

(3) शिकायकर्ता जिला नियंत्रण कक्ष/प्रखण्ड/संवेदक को निम्न सूचना के साथ शिकायत देना चाहेंगे ताकि साधारण मरम्मति कर चालू करने के उपरांत आपके मोबाइल पर सूचना दी जा सके :–
(क) प्रखण्ड का नाम :– ........................................
(ख) पंचायत का नाम :– ........................................
(ग) ग्राम का नाम :– ........................................
(घ) टोला/निकटवर्ती व्यक्ति का नाम :– ........................................
(ङ) ग्रामीण जलापूर्ति योजना का नाम :– ........................................
(च) शिकायतकर्ता का नाम :– ........................................
(छ) मोबाईल नं0 / दूरभाष नं0 (यदि हो) :– ........................................

(4) ग्रामीण जनता को सूचित किया जाता है कि नलकूप मरम्मति के दौरान किसी भी नलकूप मिस्त्री द्वारा मरम्मति हेतु राशि की माँग की जाती है तो उक्त संबंधित प्रखण्ड के कनीय अभियंता/सहायक अभियंता एवं नियंत्रण कक्ष, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के मोबाईल/दूरभाष पर तुरन्त सूचित करें ।

(ई0 अनुज कुमार सिन्हा), कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल झुमरीतिलैया

PR 353236 Drinking Water and Sanitation(25-26)#D

## मंत्री रामदास सोरेन आज तोरपा में

खूंटी (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन शुक्रवार को तोरपा आयेंगे। झामुमो खूंटी जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने बताया कि मंत्री रामदास सोरेन तोरपा आगमन के क्रम में प्रखंड के जिबिलोंग गांव में बनने वाले कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के भवन का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद मंत्री वापस लौटकर सर्किट हॉउस खूंटी पहुंचेंगे। यहां वे जिले के कार्यकार्ताओं से मिलेंगे तथा यहां चल रहे विकास योजनाओं की जानकारी लेंगे। शिलान्यास कार्यक्रम में तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया तथा खूंटी के विधायक रामसूर्या मुंडा भी शामिल रहेंगे। रामदास सोरेन के तोरपा आगमन के दौरान झामुमो कार्यकर्ता उनका जोरदार ढंग से स्वागत करेंगे। जुबैर अहमद ने बताया कि सुबह 10 बजे जिले के झामुमो कार्यकर्त्ता पार्टी के झंडा बैनर के साथ तोरपा हिल चौक के पास जुटेंगे। यहां से सभी कार्यकर्ता कर्रा मोड़ पहुंचेंगे। कर्रा मोड़ पर मंत्री का स्वागत किया जायेगा।

# हम नया इतिहास लिखने जा रहे हैं: दीपक बिरूवा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित रांची रेल मंडल के गोविंदपुर रोड स्टेशन सहित 103 अमृत स्टेशनों का ऑनलाइन ऑनलाइन उद्घाटन किया। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत झारखंड के तीन स्टेशनों गोविंदपुर रोड, राजमहल और शंकरपुर को भी शामिल किया गया है। ऑनलाइन शिलान्यास के दौरान गोविंदपुर रोड स्टेशन पर आयोजित समारोह में राज्य के भूमि सूधार एवं राजस्व मंत्री दीपक बिरूवा, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया, पूर्व विधायक कोचे मुंडा, रांची रेल मंडल के डिविजनल रेल प्रबंधक जीएज बिंद्रा, वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शुचि सिंह, खूंटी के उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम, अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी, कर्रा की प्रखंड विकास पदाधिकारी स्मिता नागेशिया सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और स्कूली बच्चे मौजूद थे। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार भी ऑनलाइन माध्यम से शिलान्यास सामरोह में शामिल हुए।

शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए राज्य के परिवहन एवं भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री दीपक बिरूवा ने कहा कि पूरा देश 75वें वर्ष में अमृत महोत्सव मना रहा हे। इसी के तहत देश के 103 रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन के रूप में पुनर्विकसित किया गया है। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश नया इतिहास लिखने जा रहा है। आज देश ने एक अलग मुकाम हासिल कर लिया है। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने देश एक मजबूत स्थिति में है।

कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि उन्होंने देश के कई अमृत स्टेशनों के जीणोद्धार कार्य के शिलान्यास के दौरान मैं भी उपस्थित था। इसका उद्घाटन में भी शामिल हो रहा हूं। अर्जुन मुंडा ने कहा कि कि रेलवे के माध्यम से देश में कनेक्टिविटी को बढ़ाना और बहुआयामी व्यक्तित्व का विकास करना है। उन्होंने कहा कि युगद्रष्टा प्रधानमंत्री के देश विकास का हम साक्षी बने हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आयोजन मात्र एक उद्घाटन भर नहीं, बल्कि भविष्य के भारत के निर्माण का संकलप लेने का उद्देश्य है। उद्घाटन के अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक हेमराज मीन, मुख्य परियोजना प्रबंधक (गतिशक्ति) गिरीश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजू तिर्की, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक श्रेया सिंह, सेवानिवृत्त सैनिक, क्षेत्रीय एवं मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य, स्टेशन परामर्शदात्री समिति के सदस्य, मंडल के अन्य शाखा अधिकारी, केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के विभिन्न कार्यालयों / विभागों के प्रतिनिधि, विभिन्न बैंकों एवं संस्थानों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

### इस क्षेत्र में व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा: सुदीप गुड़िया

विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने विश्व पटल पर एक नया मुकाम हासिल कर लिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केंद्र की योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि गोविंदपुर रोड स्टेशन का कायाकल्प होने से इस क्षेत्र में व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा और लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी।

### 2047 तक देश के स्वरूप को बदल देना है : कोचे मुंडा

पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि 26 फरवरी 2023 को प्रधानमंत्री ने इस योजना का ऑनलाइन शिलान्यास किया था और बहुत कम समय में इस योजना का उद्घाटन भी प्रधानमंत्री ने कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जनता से जो वादा किया था, उसे पूरा कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश को पूरे विश्व में सर्वोच्च सथान दिलाया है। प्रधानमंत्री का सकल्प है कि 2047 तक देश के स्वरूप को बदल देना है। कार्यक्रम को डीआरएम जीएस बिंद्रा ने भी संबोधित किया।

## ब्लास्टिंग के कारण घरों के पास गिरे पत्थर



खलारी (आजाद सिपाही)। रोहिणी खदान से होने वाले हैवी ब्लास्टिंग का असर दिखने लगा है। घरों में दरार पड़नी शुरू हो गया है।बुधवार की दोपहर खदान में हुई ब्लास्टिंग के कारण खदान से पत्थर उड़कर घरों के पास गिरे। हालांकि इस घटना में किसी को चोट नही लगी है, लेकिन घरों के बाहर पत्थर गिरने से ढुब बस्ती के ग्रामीण भयभीत है। ग्रामीण मनोज गंझु ने बताया कि खदान अब ढुब बस्ती के काफी नजदीक आ गया है और ब्लास्टिंग से उड़ने वाले कोयला और पत्थरों से खतरा बढ रहा है। बुधवार की दोपहर में जिस समय ब्लास्टिंग हुई उस समय ग्रामीण घर के बाहर थे उसी समय ब्लास्टिंग से खदान से उड़कर कोयला और पत्थर के टुकड़े घर के नजदीक गिरे। कुछ पत्थर ग्रामीणो के समीप भी जाकर गिरे है। ग्रामीणों के अनुसार इस तरह हैवी ब्लास्टिंग के कारण इसी तरह घरों तक पत्थर गिरेंगे तो निश्चित रूप से किसी दिन कोई ग्रामीण घायल हो सकता है। प्रबंधन को ब्लास्टिंग से पहले ग्रामीणों की सुरक्षा का भी ख्याल रखना होगा, अन्यथा कोई दुर्घटना हुई तो खदान को बन्द कराया जायेगा। तुमांग के विस्थापित नेता पूर्व मुखिया मुकद्दर लोहरा ने कहा कि घर के काफी नजदीक में खदान चल रहा है और कई बार कंट्रोल ब्लास्टिंग के लिए भी प्रबंधन को कहा गया है उसके बावजूद ब्लास्टिंग के कारण घरों में पत्थर कोयला गिरने लगे तो यह चिंता की बात है। प्रबंधन पहले ग्रामीणों को विस्थापन और पुर्नवास की व्यवस्था करें उसके बाद ही ब्लास्टिंग होने दिया जायेगा। ग्रामीणों के सुरक्षा के साथ किसी तरह का कोताही बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। खदान के नजदीक घरों को जल्द विस्थापन करने की प्रक्रिया में तेजी लाये अन्यथा कोई क्षति होने पर खदान बन्द कराया जायेगा।

## दिवंगत रामध्यान सिंह के घर पहुंचे अर्जुन मुंडा, स्वजनों को दी सांत्वना



खूंटी (आजाद सिपाही)। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुडा गुरुवार को भाजपा गोविंदपुर मंडल के अध्यक्ष रहे दिवंगत रामध्यान सिंह के कर्रा प्रखंड के मास्को गांव स्थित आवास गये और स्वजनों को संत्वना दी। मौके पर अर्जुन मुंडा ने कहा कि रामध्यान सिंह न सिर्फ भाजपा के कार्यकर्ता थे, पर सामाजिक गतिविधियों में हमेशा सक्रिय रहते थे। उनके असामयिक निधन से अपूरणीय क्षति हुई है। मौके पर पूर्व विधायक कोचे मुंडा, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष जायसवाल, अरूण चंद्र गुप्ता,, जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुंप्ता, आनंद राम, विनोद सोनी विष्णु सोनी सहित कई लोग मौजूद थे।

# कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में विकास करना प्राथमिकता: सुदीप गुड़िया

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने गुरुवार को कर्रा प्रखंड की डेहकेला पंचायत के रंजू, कोटलो, जोरको ग्राम का दौरा किया और ग्रामीणों के साथ बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। मौके पर विधायक ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान किया जाएगा। समस्याएं बहुत हैं, धीरे-धीरे सभी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करूंगा। आप सभी के सहयोग से कृषि, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में विकास कार्य करने का प्रयास किया जायेगा। आप सभी ने मुझे विजयी बनाया है हम सभी पूरे विधानसभा के लोग एक परिवार हैं। भले ही मुझे सुख में याद न करे, पर दुःख में जरूर याद कीजिए, मैं सदैव आपकी सेवा में तत्पर रहूंगा। उन्होंने ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। मौके पर कोटलो ग्राम प्रधान पतरस होरो, रंजू ग्राम प्रधान कैलाश टोपनो, जोरको ग्राम प्रधान मंगरा पाहन, झामुमो प्रखंड सचिव बिनोद उरांव, उपाध्यक्ष मार्शल आईंद, सह सचिव लछुवा लोहरा, सुखराम कंडुलना, खिलेश्वर गोप, रूसो पाहन, रोसलिया होरो, बहामनी होरो, शिशिर होरो, डेह-केला पंचायत अध्यक्ष कार्तिक उरांव, खेदन लकड़ा, गंदुरा उरांव आदि मौजूद थे।

### केंद्र सरकार को हर हाल में सरना कोड लागू करना होगा : विधायक

खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा के झामुमो विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि केंद्र सरकार को हर हाल में सरना कोड लागू करना होगा। बैठक में विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि सरना कोड लागू करने की मांग को लेकर हम लड़ेंगे और जीतेंगे भी। जनगणना में सरना कोड का कॉलम रहना चाहिए। खूंटी के विधायक रामसूर्या मुंडा ने कहा कि केंद्र सरकार को सरना धर्म कोड लागू करना होगा।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू थाना क्षेत्र के आईबी के निकट टीवीएस शोरूम के पास अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती देर रात सोनाहातू थाना क्षेत्र के लादुपडीह निवासी नीतीश कुमार उम्र 23 वर्ष पिता मकर महतो पैदल बस स्टैंड की ओर आने के क्रम में टीवीएस शोरूम के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही बुंडू पुलिस शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

## सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बनुवाडीह विद्यालय में छात्राओं से छेड़छाड़

मुरी (आजाद सिपाही)। सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बनुवाडीह विद्यालय में छात्राओं के साथ विद्यालय के तीन शिक्षको के द्वारा छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें ग्रामीणों ने स्पोर्ट्स शिक्षक, अंग्रेजी के शिक्षक और इतिहास के शिक्षक को आरोपी बनाया है। मिली जानकारी के अनुसार इस विषय को लेकर ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और विद्यालय के प्रधानाध्यापक को भी आवेदन दिया था। कार्रवाई न होने पर ग्रामीण नाराज हुए और विद्यालय पहुंचकर हंगामा किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने तीनों आरोपित शिक्षकों को दूसरे रास्ते से भागने में मदद किया जिससे ग्रामीण और उग्र हो गये। बुधवार के दिन विद्यालय छुट्टी होने के बाद रामपुर के चारलू बाजार के समीप आरोपित शिक्षकों समेत प्रधान अध्यापक और ग्रामीणों के बीच हाथापाई भी हुई। इस संबंध में प्रधान अध्यापक के मोबाइल से संपर्क करने पर उन्होंने घटना को स्वीकार किया लेकिन विशेष जानकारी देने से इनकार कर दिया।

## चार दिवसीय समेकित कृषि प्रणाली पर आधारित प्रशिक्षण शिविर का समापन




तमाड़ (आजाद सिपाही)। कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, कृषि निदेशालय झारखंड एवं भारतीय लोक कल्याण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला तमाड़ में आयोजित चार दिवसीय कृषक क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज दूसरा बैच का सफलतापूर्वक समापन हुआ। ये बैच 18- 05- 2025 से 21- 05- 2025 तक चला। इस कार्यक्रम में जिला अनुमंडल कृषि पदाधिकारी मुकेश कुमार गागराई, अनिमेष दास, जिला योजना और मूल्यांकन पदाधिकारी, किशोरी लाल सोनी, सहायक कृषि पदाधिकारी रांची, अनूप कमल, सुरेंद्र सेठ, रॉबिन कच्छप, अनंत टोपनो, राहुल कुमार, दीनानाथ भगत, बीटीएम अनजीव कुमार श्रीवास्तव, कुणाल कुमार सिंह, डॉक्टर बीके प्रसाद, गुरुवा लोहरा, पंकज कुमार, निर्मल महतो आदि इस अवसर पर उपस्थित हुए।

## जंगली हाथी ने फसलों और घरों को किया क्षतिग्रस्त



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के डुमरा गांव में झुंड से बीछड़े एक हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। हाथी ने बसंत मछुआ का दरवाजा को तोड़ दिया। बसंत मछुआ का खेत में लगे लौकी खेती को नष्ट कर दिया। वहीं हाथी ने कालीचरण मछुआ, अनिल सिंह मुण्डा का खेत में लगे लौकी खेती को भी रौंदकर नष्ट कर दिया। हाथी ने मिलु सिंह मुंडा का कटहल वृक्ष को भी उखाड़ दिया। किसानों ने वन विभाग से समुचित मुआवजा का मांग किया है। बताया जा रहा है कि कुटाम पहाड़ में 5 हाथियों का झुंड डेरा जमाया हुआ है। शाम ढलते ही हाथियों का झुंड गांव की ओर कुच कर जाते हैं। वहीं झुंड से बीछड़े एक हाथी घरों और फसलों को अपना निशाना बना रहे हैं। हाथियों का झुंड फिर से क्षेत्र में आने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

# बेंती पंचायत के ग्रामीणों ने मूलभूत सुविधा की मांग को लेकर चुरी पीओ को दिया ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता


चुरी पीओ को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण।

**पिपरवार।** पिपरवार थाना क्षेत्र के बेंती पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम जोबिया, पाहनटोगंरी और सखुवाटांड बेती के ग्रामीण गांव के मूलभूत सुविधा की मांग को लेकर एनके एरिया के चूरी परियोजना पदाधिकारी अनुज कुमार से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उक्त गांव में सड़क बिजली व पानी जैसी गंभीर समस्या से अवगत कराया, साथ ही इसके समाधान की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणो ने कहा कि करीब 40 वर्ष बीत जाने के बाद भी गांव के लोग मूलभूत सुविधा से वंचित है। जिसके कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव में पानी का जल स्त्रोत नीचे चले जाने के कारण गांव के सभी कुंआ, तालाब सूख चुका है, जिसके कारण पानी की समस्या उत्पन्न हो गयी है। इंसान तो इंसान जानवरो को भी पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। पानी के अभाव में गांव में खेती का काम भी प्रभावित हो रहा है। इसके अलावे नियमित बिजली व बेहतर सड़क नही होने के कारण भी गांव के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने कहा कि यदि जल्द गांव में मूलभूत सुविधा बहाल नहीं होती है तो ग्रामीणों के द्वारा उग्र आंदोलन किया जायेगा। इधर ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद परियोजना पदाधिकारी अनुज कुमार ने समस्या का समाधान करने का भरोसा दिया।

ज्ञापन सौंपने वालो मे मुख्य रूप से बालेश्वर गंझू, नरेश गंझू, सुरेश गंझू, मनोज कुमार, आनंद गंझू, पिंटू गंझू, सुनील गंझू, भीम गंझू, राजेंद्र गंझू, राजकुमार गंझू, जगदीश गंझू, अनिल कुमार, बासुदेव, रवि, विजय, सुमित, मनीष, तुलसी, सिकेंद्र, कर्मा, मोहित, बैजनाथ, संकर, फुलचंदन सहित कई ग्रामीणों का नाम शामिल है।

## सीओ को देखते ही सड़क पर बालू फेंक हाइवा गाड़ी लेकर फरार हुए तस्कर



खूंटी (आजाद सिपाही)। प्रशासन अवैध बालू की तस्करी रोकने का लाख प्रयास करे, पर बालू तस्करों को प्रशासन का रति भर भी डर नही है। यही कारण है कि रात को कौन कहे, दिन दहाड़े बालू माफिया नदियों से बालू का अवैध उत्खनन कर ट्रैक्टर और हाइवा ट्रक से उसे रांची और अन्य स्थानों पर ले जाकर ऊंची कीमत पर बेचते है। बालू तस्करी का खुलासा गुरुवार को उस समय हुआ जब तोरपा की अंचलाधिकारी पूजा बिन्हा सुबह अचानक छापामारी करने के लिए कुलडा जंगल की ओर निकली। सीओ की गाड़ी को देखते ही बालू तस्कर हाइवा पर लदे अवैध बालू को बीच सड़क पर फेंक कर गाड़ी लेकर भाग निकले। हालांकि छापामारी में बालू का अवैध परिवहन करते बिना नंबर के दो ट्रैक्टरों को सीओ ने जब्तकर तोंरपा थाने को सुपुर्द कर दिया।

## रैयत विस्थापित मोर्चा ने की नये पीओ से मुलाकात



मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। रैयत विस्थापित मोर्चा रोहिणी करकट्टा ओसीपी शाखा ने नये परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार से मुलाकात किया। मोर्चा के शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा के नेतृत्व में मुलाकात कर बधाई दिया। साथ ही सीसीएल द्वारा ड्रोन कैमरा से कराये जा रहे सर्वे एव रोजगार को लेकर चर्चा की गयी। इस मौके पर विनोद मुंडा, भरत महतो, किसुन मुंडा, पंकज मुंडा, शत्रुघ्न मुंडा, सुकरा गंझु, कृष्णा गंझु, रॉकी पाहन, शिवकुमार, ताहिर अंसारी आदि उपस्थित थे।

### पिपरवार के आरसीएम साइडिंग के पास सीआइएसएफ ने चलाया कोल रेड अभियान

# डेढ़ टन अवैध कोयला और तस्करी में प्रयुक्त की जाने वाली दो बाइक जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कोयला खदानों की सुरक्षा में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ ने गुरुवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के आरसीएम साईडिंग के समीप एरिया में कोल रेड अभियान चलाया। सीआईएसएफ कमांडेंड कमलेश कुमार चौधरी के निर्देश पर चलाये गये इस अभियान में काफी संख्या में सीआईएसएफ के पदाधिकारी और जवान शामिल थे। जानकारी के अनुसार सीसीएल पिपरवार एरिया के आरसीएम क्षेत्र में एक कोल रेड आपरेशन को अंजाम दिया गया, जिसमें आरसीएम एरिया के समीपवर्ती क्षेत्र से डेढ़ टन अवैध कोयला को बरामद किया गया। इसके साथ ही कोयला तस्करी में उपयोग किए जाने वाले दो बिना नंबर के मोटरसाइकिल को भी जप्त किया गया है। जब्त कोयले को सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन को सौंप दिया गया है, जबकि दोनों बाइक जो कोयला चोरी के कार्य में प्रयोग की जा रही थीं उसे खलारी थाना को अग्रिम कानूनी कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया। इस संबंध में सीआईएसएफ के अधिकारियों ने बताया कि सीआईएसएफ की इस कार्यवाही से क्षेत्र मे कोयला चोरी के अपराध पर अंकुश लगेगा। इससे पूर्व भी इस तरह का अभियान पिपरवार और एनके क्षेत्र चलाया चलाया जा चुका है, जिसमें सीआईएसएफ को सफलता भी मिली है।

कोल रेड अभियान मे मुख्य रूप से निरीक्षक संतोष नेगी, उप निरीक्षक अनिल कुमार राय, सहायक उप निरीक्षक जयकांत और अन्य बल सदस्य मौजूद शामिल थे। इधर सीआईएसएफ के इस कार्रवाई के बाद बाइक और छोटे वाहनों से कोयला तस्करी करने वाले तस्करों में हड़कंप मच गया है। ज्ञात हो कि 15 मई को सीआईएसएफ के द्वारा डकरा साईडिंग मे कोल रेड किया गया था, जिसमें तीन टन अवैध कोयला को बरामद किया गया था, साथ ही तस्करी में उपयोग किये जाने वाले छः मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया था।

## बच्चों को दी पाठ्य सामग्री और स्कूल बैग



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्र के स्कूलों में सीएसआर योजना के तहत स्कूल बैग और पाठ्य सामग्री का वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को पिपरवार क्षेत्र के बहेरा पंचायत अंतर्गत पिपरवार महाविद्यालय कारो और ऑक्सफोर्ड स्कूल सीएसआर योजना के तहत स्कूल बैग और पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप मे बहेरा पंचायत की मुखिया रेखा कुमारी और सीसीएल के सीएसआर पदाधिकारी उज्ज्वल कुमार ने बच्चों को सामग्री वितरित करते हुए उन्हें पढ़ाई में उत्कृष्टता लाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर ऑक्सफोर्ड स्कूल बहेरा के 100 और पिपरवार महाविद्यालय कारो के 50 छात्रों के बीच स्कुल बैग और पाठ्य सामग्री वितरित की गयी। मौके पर कारो कॉलेज की प्राचार्य रीता कुमारी और ऑक्सफोर्ड स्कूल के प्रधानाचार्य वहाजुल हक की मौजूदगी में विद्यालय परिसर उत्सव में तब्दील हो गया। मौके पर रमेश मुंडा, टिकेश्वर महतो, दिलीप महतो, रतन महतो, कुमारी मिंज, प्रवेज आलम, मोहम्मद जुल्फान, इदरीस अंसारी, लियाकत सहित बड़ी संख्या में शिक्षक अभिभावक और ग्रामीण मौजूद थे।

## जाह्नवी सरस्वती शिशु मंदिर प्रबंधन समिति ने की पीओ से मुलाकात



मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। जाह्नवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मैकलुस्कीगंज के प्रबंध समिति के सदस्यों ने रोहिणी परियोजना पदाधिकारी से मुलाकात किया। विद्यालय प्रबंधन समिति के द्वारा रोहिणी परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। साथ ही विद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के संरक्षक रामसेवक प्रसाद, सचिव सरजू प्रसाद साहू, कोषाध्यक्ष कुलदीप प्रसाद साहू, विद्यालय के प्रधानाचार्य लखन कुमार गुप्ता और विद्यालय के आचार्य संजय प्रसाद आदि मौजूद थे।

## आरटीसी पब्लिक स्कूल में भारतीय भाषा समर कैंप का हुआ आयोजन




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आरटीसी पब्लिक स्कूल में पांच दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप का गुरुवार को समापन हुआ। कैंप का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में बहुभाषावाद को प्रोत्साहित करना और उन्हें भारत की भाषायी एवं सांस्कृतिक विविधता से परिचित कराना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न भारतीय भाषाओं में अभिवादन, पोस्टर निर्माण, प्रश्नोत्तरी, सांस्कृतिक गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए। साथ ही देश के विभिन्न राज्यों के पारंपरिक व्यंजनों का भी स्वाद लिया। लगभग 70 से 80 छात्रों ने इस शिविर में भाग लेकर अपनी रचनात्मकता और जिज्ञासा का परिचय दिया। विद्यालय द्वारा आयोजित इस पहल ने छात्रों को भारत की समृद्ध भाषायी और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया। प्रधानाचार्य नरेंद्र नाथ महतो ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं। भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक और रचनात्मक आयोजनों के माध्यम से शिक्षा को आनंददायक और जीवनोपयोगी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। शिविर को सफल बनाने में प्राचार्या नरेंद्र नाथ महतो सहित अन्य शिक्षकों का योगदान रहा।

## सीआरसी-सीआरइ के छात्रों का केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान में शैक्षणिक भ्रमण



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** रांची सीआरसी-सीआरई की ओर से एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान में किया गया। इसमें डिप्लोमा इन स्पेशल एजुकेशन (आईडीडी) एवं डिप्लोमा इन इंडियन साइन लैंग्वेज इंटरप्रिटेशन (डीआईएसएलआई) पाठ्यक्रमों के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के कुल 44 छात्र-छात्राओं ने भागीदारी निभाई। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रांची सीआरसी के निदेशक सूर्यमणि प्रसाद के मार्गदर्शन में हुआ। इस दौरान छात्रों के साथ सहायक प्राध्यापक डॉ प्रीति तिवारी, डेवलपमेंटल थेरेपिस्ट रंजीत रंजन एवं सांकेतिक भाषा के संकाय सदस्य रामप्रकाश राय, मोहम्मद अली और सुमन कुमारी भी उपस्थित रही। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य, मनोरोग चिकित्सा एवं पुनर्वास सेवाओं की वास्तविक कार्यप्रणाली से परिचित कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने सीआईपी के विभिन्न विभागों का अवलोकन किया, विशेषज्ञों से संवाद किया और क्लीनिकल प्रक्रियाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्हें मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के बहु-विषयक दृष्टिकोण को भी समझने का अवसर मिला। विद्यार्थियों ने इस अनुभव को अत्यंत लाभकारी बताया। उनका मानना है कि इससे न केवल उनके व्यावसायिक कौशल में वृद्धि हुई है, बल्कि पाठ्यक्रम में प्राप्त ज्ञान को व्यवहारिक रूप से समझने में भी सहायता मिली है।

## विधायक प्रतिनिधि ने मजदूरों की दुर्दशा पर जताई चिंता, मुख्यमंत्री को लिखी चिट्ठी



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे निवासी विधायक प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने प्रदेश में मजदूरों की बदतर हालत को लेकर गहरी चिंता जाहिर की है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को संबोधित करते हुए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक खुली चिट्ठी लिखी है। इसमें रामदेव सिंह ने औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत मजदूरों की दयनीय स्थिति पर सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि अधिकांश कारखानों में ठेका मजदूरी पर काम कर रहे मजदूरों को न तो पर्याप्त वेतन मिल रहा है और न ही उन्हें बुनियादी सुविधाएं प्राप्त है। रामदेव सिंह ने मांग की है कि सभी ग्रेड के ठेका मजदूरों की दैनिक मजदूरी में तत्काल वृद्धि की जाए, ताकि वे और उनके परिवार दो वक्त की रोटी जुटा सके। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कई कंपनियों में न्यूनतम मजदूरी कानून का पालन नहीं किया जा रहा है। मजदूरों का शोषण लगातार बढ़ता जा रहा है। चिट्ठी में उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की है कि वे इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कदम उठाएं और ऐसे नियम बनाएं जिससे मजदूरों और उनके परिवारों को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिल सके।

## कुल्ही सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के विद्यार्थियों का हजारीबाग खो-खो प्रतियोगिता में उम्दा प्रदर्शन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग में आयोजित प्रांत स्तरीय खो खो प्रतियोगिता में कुल्ही सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के विद्यार्थियों का उम्दा प्रदर्शन रहा। किशोर वर्ग 17 में विद्यालय के छात्रों ने पूरे झारखंड प्रांत में तृतीय स्थान लाकर ब्रांच मॉडल पर कब्जा किया। वहीं छात्राओं ने द्वितीय स्थान लाकर सिल्वर मेडल पर कब्जा किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के मुख्य संरक्षक और राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि इसी तरह मेहनत करते हुए आगे बढ़ते हुए विद्यालय एवं प्रखंड का नाम रोशन करें। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष बिरजू महतो, सचिव चुन्नू महतो, उपाध्यक्ष शशि भूषण कुमार, सुरेंद्रनाथ महतो, सह सचिव कुसेंद्र महतो, नेवालाल महतो, कलेश्वर महतो, बुधराम महली, संरक्षक भारत प्रसाद गुप्ता, दिलेश्वर साहू, प्रधानाचार्य जय प्रकाश महतो आदि ने विजेताओं को बधाई दी।

### एक्सआइएसएस और उषा मार्टिन फाउंडेशन की संयुक्त पहल

# एक एकड़ जमीन से एक लाख रुपये की आमदनी का लक्ष्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** ग्रामीण क्षेत्र में किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस रांची के ग्रामीण प्रबंधन विभाग के छात्रों ने उषा मार्टिन फाउंडेशन के साथ मिलकर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें 18 गांवों के प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। उन्होंने अपने खेती के अनुभव साझा किए और वर्तमान में अपनाई जा रही फसल प्रणाली, चुनौतियों और संभावनाओं पर चर्चा की। फाउंडेशन के प्रमुख डॉ मयंक मुरारी ने बताया कि अब समय आ गया है कि किसान नकदी फसलों और इंटरक्रॉपिंग पद्धति को अपनाएं। कहा कि स्ट्रॉबेरी, तरबूज और ग्राफ्टेड सब्जियों की सफलता के बाद इस वर्ष हल्दी, गेंदा फूल, सूरजमुखी और सहजन की खेती को प्राथमिकता दी जा रही है। वहीं, जानुम के किसान अघनु महतो ने कहा कि अगर किसान ईमानदारी से 8 घंटे खेती करें, तो यह नौकरी से बेहतर साबित हो सकती है। मासू के प्रेमनाथ महतो ने फसलों की बिक्री प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए बताया कि डीलर से सीधे संपर्क कैसे किसानों को बेहतर मुनाफा दिला सकता है। गांव के ही एक अन्य किसान गोर्वधन मुंडा ने बताया कि उन्होंने केवल छह डिसमिल जमीन पर शिमला मिर्च की खेती कर एक महीने में 30 हजार रुपये की आमदनी की, जिससे यह साबित होता है कि सीमित जमीन भी स्मार्ट खेती से अधिक लाभ दे सकती है। कार्यशाला में शोधार्थी सैफ अली रहमान और निहारिका सिंह 'मिट्टी से अधिशेष तक' विषय पर और मुकुल मक्कर एवं आर्य सिंह 'स्वास्थ्य पहल में सीएसआर हस्तक्षेप' पर शोध कर रहे है। एक्सआईएसएस के प्रोफेसर निरंजन साहू ने छात्रों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि उषा मार्टिन फाउंडेशन के सहयोग से ग्रामीण विकास के क्षेत्र में ठोस कार्य हो रहे हैं और आगे भी इस सहयोग की अपेक्षा की जाती है। इस आयोजन में 50 से अधिक किसानों ने भाग लिया और खेती को व्यावसायिक दृष्टिकोण से अपनाने पर विचार-विमर्श किया।



कार्यशाला में शामिल 18 गांवों के प्रगतिशील लोग।

## सूक्ष्म शिक्षण कौशल पर कार्यशाला का आयोजन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** चुटुपालु रामशोभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में बीएड सत्र 2024-26 के प्रशिक्षुओं के लिए 14 से 22 मई गुरुवार तक सूक्ष्म शिक्षण कौशल पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रथम दिन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ज्योति वालिया ने सूक्ष्म शिक्षण के नियमों को बताया। कहा कि सूक्ष्म शिक्षण वह है जिसका उपयोग शिक्षकों को प्रशिक्षित करने और उनके शिक्षण कौशल को बेहतर बनाने के लिए किया जाता है। यह तकनीक शिक्षकों को एक छोटे, नियंत्रित वातावरण में शिक्षण के विभिन्न पहलुओं का अभ्यास करने और उन पर प्रतिक्रिया प्राप्त करने की अनुमति प्रदान करती है। वहीं, आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर अभिषेक कुमार पांडेय ने सूक्ष्म शिक्षण कौशल की बारिकियों से प्रशिक्षुओं को अवगत कराया, जबकि महाविद्यालय के सभी सहायक व्याख्यातागणों ने सूक्ष्म शिक्षण कौशल की क्रमशः जानकारी दी। सर्वप्रथम शिवानी कुमारी ने प्रस्तावना कौशल के बारे में जानकारी दी। वहीं, सुनीति बाला चंद्रा ने सुदृढीकरण कौशल, अनिल कुमार प्रजापति ने सूक्ष्म कौशल मे चित्रण कौशल प्रज्ञा आदित्य ने उद्दीपन परिर्वतन कौशल पर जानकारी दी। जबकि संध्या खलखो ने खोज पूर्ण प्रश्न कौशल पर जानकारी दी। प्रशिक्षुओं ने सुक्ष्म शिक्षण पाठ योजना तैयार करने के लिए प्रशिक्षण लिया।

## बिरसा जैविक उद्यान में अब कभी नहीं सुनायी देगी शेरनी 'प्रियंका' की दहाड़

### पेट के संक्रमण ने ली जान, अब उद्यान में बचा महज एक शेर

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** चकला बिरसा जैविक उद्यान में बेंगलुरु से लाई गई शेरनी प्रियंका की दहाड़ अब कभी सुनाई नहीं देगी, क्योंकि उसका निधन हो गया। जैविक उद्यान के पशु चिकित्सक डॉ ओम प्रकाश साहू ने बताया कि शेरनी की तबीयत 21 मई को अचानक खराब हो गयी। इसकी सूचना पर प्रारंभिक इलाज करते हुए रक्त का नमूना जांच के लिए रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय भेजा गया था। पर इसी बीच रात में ही शेरनी प्रियंका की मौत हो गयी। गुरुवार को रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय के पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ एम के गुप्ता एवं उनके टीम ने पोस्टमार्टम किया तो उसके गर्भाशय में संक्रमण पाया गया। डॉ गुप्ता ने कहा कि हाइब्रिड शेरों की प्रजाति में संक्रमण से लड़ने की क्षमता बहुत कम होती है। शेरनी की उम्र भी 15 -16 वर्ष के लगभग बताई जा रही है, जो इन प्रजातियों की औसत आयु होती है। शेरनी प्रियंका को पोस्टमार्टम के बाद शव दाह गृह में दफना दिया गया। बतातें चलें कि जैविक उद्यान में अब मात्र एक ही शेर बचा हुआ है।



## भाजपाइयों ने बीडीओ को ज्ञापन सौंपा

**बेड़ो (आजाद सिपाही)। भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को बीडीओ राहुल उरांव को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रखंड कार्यालय परिसर में इन दिनों मनचले किस्म के लोगों का जमावड़ा लगा रहता है। जिससे यहां भय का माहौल है। इस किस्म के लोग आपस में ही एक दूसरे से तू-तू, मैं-मैं कर लोगों से अभद्र व्यवहार करते हैं। जिससे प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों से आनेवाले गरीब किसान, महिलाओं और महिला कर्मियों में भय का माहौल बना हुआ है। वहीं आम लोग प्रखंड कार्यालय आने में असहज महसूस करते हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रखंड कार्यालय परिसर में विधि व्यवस्था दुरूस्त करने एवं अनैतिक कार्यों में अविलंब रोक लगाने की मांग की है।**

## ग्रामीण बैंक की ओर से वित्तीय सहायता शिविर का आयोजन




**लापुंग (आजाद सिपाही)।** झारखंड ग्रामीण बैंक की ककरिया शाखा की ओर से देवी मंडल स्थित बगीचा के सामने गुरुवार को जादू खेल के माध्यम से वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां शाखा प्रबंधक प्रिय नरायण झा ने बैंक और उसके माध्यम से चल रही सरकार की योजनाओं से अवगत कराया। किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड को चलाने के तरीकों की जानकारी दी गयी। बताया गया कि किसान क्रेडिट कार्ड की राशि को सालाना रिन्यूअल किया जाय तो सात फीसदी लगने वाला ब्याज तीन फीसदी केंद्र सरकार औ चार फीसदी राज्य सरकार की ओर से माफ किया जाता है। इस मौके पर बैंककर्मी मनीष कुमार, श्रवण गोप बैंक सखी फूलवती कुमारी आदि मौजूद रहें।

## संत जगत स्कूल में समर कैंप का शुभारंभ

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पुरियो गांव स्थित संत जगत ज्ञान महर्षि मेंही पब्लिक स्कूल में गुरुवार को ग्रीष्मावकाश के पहले छोटे बच्चों के लिए तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर द्वितीय तक के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य संदीप राज ने विद्यालय के संस्थापक स्व नंद किशोर मेहता की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर प्राचार्य संदीप राज ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों पर पढ़ाई का बोझ बढ़ता जा रहा है, जिससे वे मानसिक तनाव का शिकार हो रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए इस समर कैंप की रूपरेखा तैयार की गई है, जहां बच्चे खेल-कूद और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपनी छिपी प्रतिभाओं को निखार सकेंगे। इन तीन दिनों में बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां जैसे कला और शिल्प, कहानी सुनाना, खेल-कूद, संगीत और नृत्य आदि का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों में बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया और खूब मस्ती की। इन आयोजनों में नंबर गेम, गुब्बारों में चेहरा बनाने, पेपर फोल्डिंग आर्ट्स एंड क्राफ्ट गतिविधियां, फोक पेंटिंग ऑन द सन और कार्ड निर्माण प्रतियोगिता शामिल थे। इसका संचालन ज्योत्सना कुमारी ने किया। इस मौके पर अमला कुमारी, दुलारी एक्का, लक्ष्मी उराव, विवेक कुमार, राज कुमार आदि मौजूद थे।



## एसएमएल इसुजु ने क्लींग कार्स से मिलकर किया 3एस डीलरशिप का उद्घाटन

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** व्यावसायिक वाहनों के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी एसएमएल इसुजु ने झारखंड में अपने विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए नामकुम में क्लींग कार्स के साथ मिलकर 3एस (सेल्स, सर्विस और स्पेयर) डीलरशिप शोरूम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर एसएमएल इसुजु के चीफ जनरल मैनेजर प्रशांत कुमार के साथ ईस्टर्न इंडिया के बिजनेस हेड जयंत खोसला भी उपस्थित रहे। कंपनी का यह कदम न केवल रांची, बल्कि पूरे झारखंड क्षेत्र में व्यावसायिक वाहन ग्राहकों को बेहतर सेवा देने की दिशा में एक नई शुरूआत है। क्लींग कार्स पिछले चार दशकों से ऑटोमोबाइल डीलरशिप के क्षेत्र में एक भरोसेमंद नाम रहा है। यह कंपनी अपनी गुणवत्तापूर्ण सेवा और ग्राहक संतुष्टि के लिए जानी जाती है। उद्घाटन समारोह के दौरान एसएमएल इसुजु के अधिकारियों ने झारखंड के उभरते बाजार को देखते हुए भविष्य में और भी डीलरशिप केंद्र खोलने की संभावना जताई।



### झूलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मंडा पूजा का समापन

# मंडा पूजा हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग: सन्नी टोप्पो





आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के मुरतो गांव में तीन दिवसीय मंडा पूजा झूलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। इससे पहले सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने किया। इसके साथ ही शिवभक्तों ने लोटन सेवा, धूआं सूआं एवं फूलखुंदी के धधकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर भगवान भोलेनाथ एवं देवी देवताओं की पूजा-अर्चना की। इसके बाद झूलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें शिवभक्तों ने आस्था के फूल बरसाए। जिसे पाने की ललक श्रद्धालुओं में देखा गया। इस अवसर पर सन्नी टोप्पो ने कहा कि मंडा पूजा हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग है। मंडा पूजा हमारी समृद्ध परंपराओं और आस्था का प्रतीक है। यह पर्व हमें त्याग, भक्ति और प्रकृति के प्रति सम्मान का संदेश देता है। ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हमारी युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़े रखने और अपनी विरासत को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे कार्यक्रम हमारी ग्रामीण संस्कृति को जीवंत रखते हैं। इस मौके पर उपमुखिया आशीष तिग्गा, पंचायत समिति बिगा मिंज, नरकोपी मंडल के महामंत्री राजेश साहू, अरविंद साहू और रंजन गुप्ता आदि मौजूद थे। वहीं, समारोह को सफल बनाने में श्री श्री मंडा पूजा समिति मुरतो के पूर्व अध्यक्ष सुदर्शन प्रसाद, अध्यक्ष राजकुमार उरांव, उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार, कोषाध्यक्ष पवन भगत, सदस्य पिंटू उरांव, मंटू डीजे, आनंद गुप्ता, अजय सिंह, रोहित कुमार, विष्णु कुमार, तपेश्वर ठाकुर, विष्णु गोप, अंकित कुमार, आनंद गुप्ता, चारे उरांव और सोमरा भगत आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## नगड़ी मंडा पूजा 28-29 को, संचालन को लेकर कमेटी गठित, चूड़ामणी महतो अध्यक्ष













**पिस्कानगडी (आजाद सिपाही)।** ऐतिहासिक नगडी मंडा पूजा के आयोजन को लेकर गुरुवार को नगड़ी स्थित होटल कोयल में संवाददाता सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें लोक आस्था और श्रद्धा का पर्व मंडा पूजा को शिव भक्ति और धार्मिक रीति रिवाज के साथ धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने की जानकारी दी गई है। इस अवसर पर नगडी मंडा पूजा समिति के अध्यक्ष चुडामणी महतो, महामंत्री दिनेश केसरी, कार्यकारी अध्यक्ष बालकरण महतो, राहुल चौधरी और सह कोषाध्यक्ष रवि केसरी उपस्थित रहे। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि नगडी प्रखंड का ऐतिहासिक मंडा पूजा पिछले 70 साल से हमारे पुर्वज धूमधाम से मनाते आ रहे हैं। इस सिलसिला को जारी करते हुए 28 मई को फुलसुंदी और 29 मई को झुलन सह मेला का भव्य आयोजन श्री राधाकृष्ण मंदिर परिसर में होगा। इसमें पश्चिम बंगाल से 25 महिलाओं की टीम रामायण और महाभारत पर आधारित छऊ नृत्य प्रस्तुत करेंगीं। वहीं, दो दिवसीय मंडा पूजा के सफल सचालन को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष चुड़ामणि महतो, कार्यकारी अध्यक्ष बालकरण महतो, राहुल चौधरी, महामंत्री दिनेश केशरी, कोषाध्यक्ष आदित्य केशरी, सह कोषाध्यक्ष रवि केशरी. वरीय संरक्षक के रूप में दौलत राम केसरी, तपेश्वर केशरी, केशव भगत, केदार महतो, डॉक्टर त्रिवेणीनाथ साहू, संरक्षक बंधन महतो, मधुसुदन साहू, शंकर चौधरी, शशिभूषण भगत, प्रेमसागर केशरी, रामजीवन केसरी, लक्ष्मी नारायण केसरी, प्रेमसागर महतो, परमानन्द साहू, प्रभात महतो विनय केशरी, उपाध्यक्ष नगडी मुखिया जय गोपाल उरांव, दीपक केसरी, मंत्री लक्ष्मीनारायण केशरी, भोला महतो और दिपक केशरी आदि को बनाया गया है। इसके अलावा झुलन प्रभारी गणेश महतो, राजेश महतो, शंभु महतो, रवि महतो, देवकुलिस महतो, तिलवा महतो, शंकर महतो, कार्यकारिणी सदस्य कुलेश्वर महतो, बसंत सोनी, उमापाठक, अनन्त पाठक, शिवशंकर केशरी, बसंत चौधरी आदि को बनाया गया है।

## अवैध खनन और भंडारण के खिलाफ कार्रवाई

# 29.5 हजार घनफीट बालू जब्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** 21 मई 2025 को गुमला थाना क्षेत्र के कोयल नदी के निकट, मौजा कोयंजारा, पंचायत कसीरा में अवैध बालू खनन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु जिला टास्क फोर्स (खनन) द्वारा औचक जांच एवं छापामारी की गयी। यह कार्रवाई वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला की अध्यक्षता में जिला खनन पदाधिकारी, खान निरीक्षक एवं सशस्त्र पुलिस बल की उपस्थिति में की गयी। जांच के क्रम में कोयंजारा क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 23000 घनफीट एवं समीपवर्ती क्षेत्र में लगभग 6500 घनफीट बालू अवैध रूप से भंडारित पाया गया। अवैध बालू को 22 मई को जब्त करते हुए मुखिया प्रतिनिधि को सुरक्षार्थ सुपुर्द किया गया। उक्त स्थल पर वन क्षेत्र अंतर्गत एक ट्रैक्टर भी जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा जब्त किया गया है, जिसके विरुद्ध वन अधिनियम एवं अन्य सुसंगत विधिक प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध कठोर एवं निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

# हिरादह धाम मंदिर से राधा कृष्ण की प्रतिमा की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रायडीह।** प्रखंड के हिरादह धाम मंदिर से अज्ञात चोरों के द्वारा प्राण प्रतिष्ठित राधा कृष्ण की मूर्ति की चोरी कर ली गयी है स्थानीय लोगों के द्वारा सुरसांग थाना प्रभारी मुकेश प्रसाद टुडू को सूचना दी गयी। जिसके बाद थाना प्रभारी दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गये। चोरी की घटना का पता उस समय चला जब हिरादह धाम मंदिर के पुजारी केदारनाथ मिश्र के द्वारा सोमवार की दोपहर 12 बजे राजभोग लगाने के बाद मंदिर का फाटक बंद किया गया था। संध्या 4 बजे जब दोपहर भोग लगाने के लिए मंदिर का फाटक खोला गया तो उस समय राधा कृष्ण की मूर्ति नहीं थी। इस घटना की जानकारी



उन्होंने तत्काल ही हीरा दह धाम समिति के पदाधिकारी को दिया। सूचना पाते ही ग्रामीण आक्रोशित हो उठे। वहीं मामले की जांच कर दोषियों को पकड़ने और कड़ी कार्रवाई की मांग की थी।

मामले को लेकर थाना प्रभारी मुकेश प्रसाद टुडू ने बताया कुछ लोगों ने एक पागल को मूर्ति का वस्त्र सर में बांधे देखा था। संभावना व्यक्ति जा रही है पागल व्यक्ति ही मूर्ति उठा ले गया होगा हालांकि ग्रामीण और पुलिस अपने स्तर से मूर्ति को ढूंढने में लगे हैं।

## भरनो और सिसई थाना प्रभारी का तबादला

**गुमला (आजाद सिपाही)।** भरनो थाना प्रभारी कंचन प्रजापति का हुआ तबादला, भेजे गये पुलिस केंद्र गुमला। कृष्णा कुमार को बनाया गया भरनो का नया थाना प्रभारी। जबकि सिसई के थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह को हटाकर भेजा गया पुलिस केंद्र गुमला एवं तरुण कुमार को सिसई का नया थाना प्रभारी बनाया गया है।

## प्रेम प्रसंग में नाबालिग लड़की ने यूरिया खाया

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासी 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा ने प्रेम प्रसंग में बुधवार की रात 8 बजे यूरिया व डीएपी खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। स्थिति खराब होते देख परिजन तत्काल उसे सदर अस्पताल लेकर आये जहां उसका इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक किशोरी का किसी लड़के से प्रेम प्रसंग चल रहा है। वह हमेशा मोबाइल फोन से लड़के से बात करते रहती है।

## गुमला चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने थाना प्रभारी से की मुलाकात, नशे के रोकथाम पर चर्चा



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह के अध्यक्षता में चैंबर का एक प्रतिनिधि मंडल गुमला सदर थाना के नये थाना प्रभारी महेंद्र करमाली से उनके कार्यालय में औपचारिक मुलाकात किये और पुष्प गुच्छ देकर गुमला में उनका स्वागत किया। सर्वप्रथम चैंबर सचिव बबलू वर्मा ने सभी पदाधिकारी और सदस्यों का परिचय कराया तत्पश्चात अध्यक्ष राजेश सिंह ने गुमला नगर के समस्याओं से संबंधित कई बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा किये। विशेष रूप से गुमला में चोरी की घटना ट्रैफिक और युवाओं में बढ़ते नशा का चलन और इसके रोकने के उपाय पर हर तरह से चर्चा हुई। अध्यक्ष ने चैंबर, जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के समन्वय बनाकर अपने कार्यशाली के बारे में अवगत कराया। थाना प्रभारी ने विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए हर तरह का सहयोग करने का आश्वासन दिया और बहुत जल्द आम व्यापारियों के साथ एक आम बैठक करने पर सहमति बनी। मौके पर चैंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, उपाध्यक्ष राजेश लोहानी, सचिव बबलू वर्मा सह सचिव प्रणय साहू, पीआरओ प्रतीक अग्रवाल, मीडिया प्रभारी इम्तियाज मिनी, पूर्व अध्यक्ष सरजू प्रसाद, हिमांशु केसरी, दिनेश अग्रवाल कार्यकारणी के दिलीप गुप्ता, अनिकेत कुमार आदि उपस्थित थे ।

## सांसद के प्रयास से सरगांव में लगा ट्रांसफार्मर



**गुमला (आजाद सिपाही)।** वर्ष 2021-2022 में सरगांव, पंचायत बामदा, चैनपुर में ट्रांसफार्मर लगा मात्र तीन दिन तक ही यहां लोग रोशनी को देख पायें फिर बिजली पोल और तार देखें। परंतु पिछले दिनों इस बात पर सुखदेव भगत को आवेदन दिया। सांसद सुखदेव भगत एवं सांसद प्रतिनिधि राजनी तिग्गा के अथक प्रयास से सरगांव में ट्रांसफार्मर लगा। ग्रामीणों ने सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा का स्वागत मांदर एवं नगाड़ा बजाकर किया। ग्रामीणों ने बताया कि बच्चों को पढ़ाई की समस्या हो रही थी। रात्रि में अंधेरा रहता था। बिजली के अभाव में लोग रवि फसल की खेती नहीं कर पा रहे थे। मौके पर सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, अनिरुद्ध चौबे, समन्वयक बिरसा हरित चेतना अभियान वन प्रमंडल रूपेश कुमार सनी, सदस्य जिला निगरानी समिति जय सिंह, सुभाष महतो, सहाबीर उरांव लालसाय, मुकेश उरांव, सोमरा, नंदकिशोर उरांव, सूरज, बसिया, जगन्नाथ आदि उपस्थित हुए।

# गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज ने अपने प्लेसमेंट रिकॉर्ड को उजागर किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज में 22 मई को अपने सेमिनार हॉल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित किया गया। कॉलेज के सेमिनार हॉल में आयोजित इस इस प्रेस वातार्लप का नेतृत्व गुमला पॉलिटेक्निक के निदेशक अभिजीत कुमार और शासी निकाय की सदस्या रेणुका यशस्वी ने किया। प्राचार्य डॉ शिबा नारायण साहू भी प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए। प्रेस कॉन्फ्रेंस का प्राथमिक उद्देश्य वर्ष 2024-25 में छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट तथा शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए पाठ्यक्रमों, प्रवेश मानदंडों, संकाय क्रेडेंशियल्स और गुमला पॉलिटेक्निक द्वारा अपने छात्रों को प्रदान किये जाने वाले व्यापक शैक्षिक अनुभव के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करता है। निदेशक




अभिजीत कुमार ने पिछले कुछ शैक्षणिक सत्रों में गुमला पॉलिटेक्निक के उत्कृष्ट प्लेसमेंट रिकॉर्ड पर प्रकाश डाला। बताया कि विभिन्न शाखाओं मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, सिविल, ऑटोमोबाइल और माइनिंग के छात्रों ने टाटा स्टील, आदित्य बिरला, अडानी सोलर, टाटा पावर, कमिंस इंडिया लिमिटेड जैसी प्रसिद्ध कंपनियों में पद हासिल किये हैं, जो संस्थान द्वारा प्रदान की जाने वाली शिक्षा और प्रशिक्षण के उच्च मानक को दर्शाता है। शैक्षणिक सत्र 2019-22, 2020–23 और 2021-24 के प्लेसमेंट आंकड़े विशेष रूप से प्रभावशाली रहे हैं, जिसमें छात्रों ने अपने-अपने क्षेत्रों में अग्रणी कंपनियों में प्लेसमेंट हासिल किया है। शासी निकाय की सदस्या रेणुका यशस्वी ने उत्कृष्टता के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता और उद्योग की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए पाठ्यक्रम को अद्यतन करने के निरंतर प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें विश्वास है कि यहां प्रदान किये गये ज्ञान और कौशल हमारे छात्रों को उनके चुने हुए करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने में सक्षम बनायेंगे।

## कोतरीझरिया में सड़क हादसे में युवक की मौत

**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी थाना क्षेत्र के परसा ग्राम स्थित कोतरीझरिया नामक स्थान पर हुए एक भीषण सड़क हादसे में 30 वर्षीय रोहित रॉय (पिता अरुण रॉय) की मौत हो गयी। रोहित वर्तमान में एमएलए रोड, चैनपुर में रह रहे थे और मूल रूप से कस्तूरबा कॉलोनी, बाजार समिति थाना बहादुरपुर, जिला पटना के निवासी थे। यह दुर्घटना बुधवार शाम करीब 7 बजे की बतायी जा रही है। जब रोहित अपनी बाइक से डुमरी से अपना साइड जहां जारडा में उनका काम चल रहा था की ओर जा रहे थे। आशंका जतायी जा रही है कि उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गड्ढे में जा गिरी, जिसके परिणामस्वरूप घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। सुबह होने पर जब गांव के ग्रामीणों ने दुर्घटनास्थल पर रोहित का शव देखा, तो उन्होंने तत्काल जारी थाना को सूचित किया।

# समर कैंप में डीसी ने बच्चों से की बातचीत



आजाद सिपाही संवाददाता

**कामडारा।** कामडारा राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोराहाटोली संकुल संसाधन केंद्र में संकुल के सभी बच्चों के समर कैंप का आयोजन अजीम प्रेमजी फाउंडेशन और शिक्षा विभाग के द्वारा किया गया। इस दो दिवसीय समर कैंप में संकुल की सभी छोटे-बड़े बच्चों ने भाग लिया। कैंप में बच्चों को संख्यात्मक और अक्षर ज्ञान का बोध खेल के द्वारा कराया गया। इस आयोजन में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन शिक्षा विभाग के सीआरपी एवं मोरहाटोली उच्च विद्यालय संकुल के सभी शिक्षक मौजूद थे, जो बच्चों की देखरेख एवं उन्हें विभिन्न प्रकार के खेल खिलाने में सहयोग कर रहे थे। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी भी इस समय कैंप के पहले दिन कैंप में पहुंचे और बच्चों से उन्होंने बातचीत की। कैंप के संबंध में बच्चों से उन्होंने विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे बच्चों के द्वारा उपायुक्त की उपस्थिति में कविता पाठ भी किया गया। मौके पर बीपीओ चंद्रशेखर शाहदेव सीआरपी वीणा कुमारी, एसडीओ, सीओ, बीडीओ और अजीम प्रेम जी फाउंडेशन की गार्गी प्रीति औ अन्य मेंबर्स उपस्थित थे।

## झामुमो नेता मो उमर फारूक ने ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** विधायक जीग्गा सुसारण होरो के पहल पर डब्ल्यूटीपी पीएचडी सिसई में 100 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिसका उद्घाटन झामुमो नेता मोहम्मद उमर फारूक अंसारी ने फीता काट कर किया। पूरे सिसई में लगभग 15 दिन से पानी सप्लाई बंद थी जिससे ग्रामीण काफी परेशान थे जिसकी सूचना झामुमो नेता मोहम्मद उमर फारूक अंसारी ने स्थानीय विधायक जिग्गा सुसारण होरो को दी। विधायक के पहल पर ट्रांसफार्मर का व्यवस्था कराया गया। जिससे ग्रामीण बहुत खुश हैं। मौके पर प्रकाश उरांव, जुल्फान अंसारी, अली नवाज साहब, गुलफाम अंसारी, सादिक अंसारी, मकीन अंसारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## कार्तिक उरांव कॉलेज में एनुअल ट्रेनिंग कैंप का आयोजन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** 46 झारखंड बटालियन एनसीसी के द्वारा 20 मई से 29 मई तक कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला में एनुअल ट्रेनिंग कैंप (एटीसी) का आयोजन किया गया है। इस कैंप में गुमला, लोहरदगा एवं सिमडेगा के 494 आर्मी विंग कैडेट भाग ले रहे हैं। कैंप के दौरान कैडेटों को ऑब्सटेकल ट्रेनिंग, वेपन ट्रेनिंग, फायरिंग, मैप रीडिंग, ड्रिल, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, सामाजिक कार्य, आत्मरक्षा आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 46 झारखंड बटालियन एनसीसी गुमला कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल पीबी शर्मा ने बताया कि इस कैंप से कैडेट्स को लाइफ स्किल सीखने और अपनी प्रतिभा को विकसित करने का मौका मिलेगा। कैडेट इस कैंप से लाभान्वित हो रहे है और इसका फायदा भी उन्हें आने वाले जीवन में मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस तरह के कैंप के आयोजन से एनसीसी कैडेटों में देशभक्ति की भावना व राष्ट्र के लिए सेवाभाव पैदा होता है एवं आत्मविश्वास भी बढ़ता है। कैंप का आयोजन 46 झारखंड बटालियन एनसीसी द्वारा एनसीसी ग्रुप हेडक्वार्टर, रांची के तत्वावधान में युवा विकास और राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है ताकि कैडेट्स में देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा मिले। कैंप को सफल बनाने में सूबेदार मेजर मुआका, सूबेदार श्याम सुंदर, सूबेदार गुरजीत सिंह, सूबेदार रिमचिम दोरजी, सूबेदार भोला प्रसाद शर्मा, नायब सुबेदार मनोज कुमार समेत सभी जेसीओ, एनसीओ महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## करम ढलान बांसडीह के पास ऑटो पलटने से आठ घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के बांसडीह करम ढलान के समीप ऑटो के पलटने से ऑटो में सवार आठ लोग घायल हो गये। सात घायलों का स्थानीय स्तर पर इलाज किया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल सिमडेगा निवासी 48 वर्षीय अकनी देवी को सदर अस्पताल बुधवार की रात 9 बजे लाया गया। जानकारी के मुताबिक एक ऑटो में सवार होकर सभी गुमला शहर के एक निजी अस्पताल एक महिला का इलाज कराने ऑटो से आ रहे थे, तभी करम ढलान बांसडीह के पास एक साइकिल सवार को बचाने के क्रम में ऑटो सड़क पर ही पलट गया। ऑटो में सबसे पीछे बैठी अकनी देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी। उसके सिर और शरीर के कई हिस्से में काफी चोट लगी है। अन्य लोगों को भी हल्की चोट लगी महिला रायडीह प्रखंड के सिप रिंगा गांव अपनी बीमार बहन से मिलने आयी थी।

# घाघरा में 67 टीबी मरीजों के बीच पोषण-रागी लड्डू किट का वितरण


आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** पीएम निक्षय योजना के तहत घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को इलाजरत 67 टीबी मरीजों के लिए हिंडालको सीएसआर के सहयोग से न्यूट्रीशन फूड पैकेट एवं रागी लड्डू के पैकेट का वितरण किया गया। घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में उपस्थित टीबी मरीज एवं उनके परिजनों के बीच चिकित्सक डॉ रोहित कुमार ने टीबी बीमारी के लक्षण के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने बताया कि 15 दिनों से अधिक दिनों तक खांसी होना, खांसते खून आना, कमजोरी और भूख नहीं लगना आदि विभिन्न टीबी के लक्षण अगर दिखे तो समीप के स्वास्थ्य केंद्र एवं स्वास्थ्य कर्मियों से मिलकर अपना बलगम




जरूर जांच कराने की सलाह दी। जांच की सुविधा घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी उपलब्ध है। उन्होंने ठीक हुए मरीजों से भी बात की एवं उनके द्वारा अपनाया जाने वाले परहेज और दवाइयां का प्रयोग एवं टीबी मुक्त होने पर बधाई दी। उन्होंने हिंडालको सीएसआर टीम को भी टीबी मरीजों को सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि टीबी के मरीज सभी के सहयोग से ही ठीक हो रहे हैं और घाघरा प्रखंड को जल्द से जल्द हमें मिलकर टीबी मुक्त करना है। इसके लिए स्वास्थ्य कर्मियों का सलाह जरूर माने। मौके पर हिंडालको सीएसआर की ओर से अभय भारती ने भी योग प्राणायाम के तरीके अपनाने, खान-पान में परहेज करने हिंडालको सीएसआर से दिए जा रहे पोषण आहार का किट समुचित उपयोग करने, लड्डू नियमित रूप से खाने एवं नशा पान से दूर रहने की सलाह दी। मौके पर घाघरा से सरस्वती देवी, महीरूद्दीन खान, कलावती देवी, दीपक लकड़ा, रामेश्वर यादव एवं स्वास्थ्य कर्मी, सहिया दीदी मौजूद रहे।

## जन शिकायत निवारण दिवस में 13 मामले आये




**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड सभागार में चल रहे जन शिकायत निवारण दिवस के अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने लोगों की समस्या सुनी। इस क्रम में ग्रामीणों ने अबुवा आवास, मईया सम्मान योजना और इलेक्ट्रिक, ट्राइसाइकिल, राशनकार्ड से संबंधित समस्या लेकर पहुंचे। बीडीओ यादव बैठा ने बताया कि कई मामले पर ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। उन्होंने कहा कि उपायुक्त गुमला के निर्देशानुसार प्रत्येक गुरुवार को प्रखंड में जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया जाना है ताकि ग्रामीणों को जिला मुख्यालय तक अनावश्यक यात्रा करने की आवश्यकता ना हो और स्थानीय स्तर पर ही समस्याओं का समाधान हो सके। जन शिकायत निवारण दिवस पर कुल 13 मामले आये थे जिसमें से कुछ एक मामलों को छोड़ सभी मामले पर ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। बीडीओ यादव बैठा ने बताया कि उनका प्रयास है कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द किया जाये, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। ग्रामीणों ने जन शिकायत निवारण दिवस के आयोजन पर प्रसन्नता जतायी है। उन्होंने बताया कि इससे उन्हें अपनी समस्याओं का समाधान करने में आसानी हो रही है और उन्हें जिला मुख्यालय तक जाने की आवश्यकता नहीं है। ग्रामीणों ने बीडीओ यादव बैठा को धन्यवाद दिया है और कहा है कि वे आगे भी इसी तरह से ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करते रहेंगे।

## राजस्व शिविर का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का समाधान करना है : सीओ



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** अंचल कार्यालय के द्वारा भू-राजस्व से संबंधित मामलों के निष्पादन के लिए अंचलाधिकारी शेखर वर्मा के नेतृत्व में अति सुंदरवर्ती कुमारी एवं बोरांग गांव में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में उत्तराधिकार, भूमि ऑनलाइन ,दाखिल खारिज, आपसी सहमति एवं बंटवारे के सीमांकन से संबंधित मामले तथा अन्य त्रुटिपूर्ण मामलों के निष्पादन हेतु शिविर में आवेदन प्राप्त किया जा रहा है साथ ही साथ ऑपरेटर की उपस्थिति में लगान की भी वसूली की जा रही है। अंचलाधिकारी ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का समाधान करना है। जिससे आम जनता को भूमि संबंधी समस्याओं का निराकरण अपने राजस्व गांव एवं पंचायत में ही उपलब्ध हो सके। अंचलाधिकारी ने बताया कि राजस्व शिविर का आयोजन प्रखंड के संबंधित विभिन्न गांव में किया जाना है उन्होंने रैयतों से अपील करते हुए कहा कि शिविर में अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन देकर अपनी समस्याओं का समाधान कराये भूमि से संबंधित कागजात भी साथ लाए। शिविर में राजस्व कर्मचारी, हल्का कर्मचारी, अंचल निरीक्षक सुशील कुमार असुर अमिन प्रकाश कुमार सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



14 साल के वैभव सूर्यवंशी को मौका, आयुष म्हात्रे को कप्तानी सौंपी गयी। वैभव और आयुष दोनों ने ही आइपीएल के इस सीजन में शानदार प्रदर्शन किया है।

# इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 टीम का ऐलान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम का ऐलान हो गया है। बीसीसीआइ ने गुरुवार को 16 मेंबर्स स्क्वॉड का ऐलान किया। इस दौरे पर भारतीय टीम 24 जून से 23 जुलाई तक एक वॉर्म-अप, पांच वनडे और दो मल्टी-डे मैच खेलेगी। इस टूर के लिए 17 साल के आयुष म्हात्रे को भारतीय टीम की कमान दी गयी है। वहीं 14 साल के वैभव सूर्यवंशी को भी टीम में जगह मिली है। वैभव और आयुष दोनों ने ही आइपीएल के इस सीजन में शानदार प्रदर्शन किया है।

आयुष और वैभव दोनों का ही यह पहला आइपीएल सीजन है। आयुष ने आइपीएल 2025 के 6



मैचों में 206 रन बनाये। जहां उनका एवरेज 34.33 का है और स्ट्राइक रेट 187.27 का है। वहीं वैभव सूर्यवंशी ने 7 मुकाबलों में 252 रन बनाये और उनका एवरेज 36 तो स्ट्राइक रेट 206.55 दर्ज किया गया। वैभव ने इस दौरान एक शतक और एक अर्धशतक लगाया।

**भारत की इंग्लैंड दौरे के लिए अंडर-19 टीम :** आयुष म्हात्रे (कप्तान), अभिज्ञान कुंडू (उप-कप्तान और विकेटकीपर), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, मौल्यराजसिंह चावड़ा, राहुल कुमार, हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलान पटेल, हेनिल पटेल, युद्धजीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र, मोहम्मद एनान, आदित्य राणा, अनमोलजीत सिंह।

**वैभव ने 5 फर्स्ट क्लास मुकाबले खेले:** वैभव सूर्यवंशी ने बिहार के लिए अबतक 5 फर्स्ट क्लास और 6 लिस्ट-ए मुकाबले खेले हैं। वैभव ने फर्स्ट क्लास मैचों में जहां 100 रन बनाये हैं, तो वहीं लिस्ट में उनके नाम 132 रन दर्ज हैं।

**म्हात्रे ने मुंबई के लिए नौ फर्स्ट क्लास मैच खेले :** चेन्नई सुपर किंग्स ने कप्तान ऋतुराज गायकवाड की जगह मुंबई के 17 साल के ओपनर आयुष को टीम में शामिल किया था। म्हात्रे ने मुंबई के लिए नौ फर्स्ट क्लास मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने दो शतक और एक अर्धशतक बनाया है।

## दूधेश्वरीधाम के पुजारी के पिता का निधन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** दूधेश्वरीधाम गुमला के मुख्य पुजारी भोला दास के वृद्ध पिता बिष्णु दास (96 वर्ष) का निधन बुधवार को रात्रि अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। वह काफी लंबे दिनों से बीमार थे। उनके निधन से उनके पैतृक गांव घटगांव तथा गुमला शहर एवं आस पास के कई गांवों में शोक की लहर है। लोगों ने बताया कि विष्णु दास को जिले तथा सुदूरवर्ती इलाकों के हजारों लोगों ने उन्हें गुरु के रुप में पुजते थे। गुरूमुख हुए थे इसीलिए डुमरडांड स्थित नदी पर उनके दाह संस्कार में काफी संख्या में लोगो की भीड़ जुटी थी। वृद्ध बिष्णु दास अपने जीवन काल में दूधेश्वरीधाम को सजाने और संवारने में अहम भूमिका निभायी थी।

## एके राय के प्रतिमा स्थल पर निरसा एवं सिंदरी विधायकों ने किया पौधरोपण



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कॉमरेड एके राय स्मारक समिति की ओर से निर्माणाधीन एके राय मूर्ति स्थल नूतनडीह केंद्रीय अस्पताल के सामने पौधारोपण किया गया। इसमें निरसा विधायक अरूप चटर्जी और सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो भी शामिल हुए। इस मौके पर हरिप्रसाद पप्पू, काशीनाथ चटर्जी, सत्यनारायण कुमार, सम्राट चौधरी, शेख रहीम, राणा चट्टराज, आरपी महतो, भक्तु महतो, अजय महतो, रामकृष्ण पासवान, विश्वजीत राय, रोहित महतो, कल्याण घोषाल, जयदीप बनर्जी, भूषण महतो, राजन महतो, बीडी गोस्वामी, संदीप चटर्जी, एके झा, एके मिश्रा और लीलामय गोस्वामी आदि शामिल थे।

## पंख एक नयी दिशा एक जून को करायेगा 11 जोड़ों का दहेज रहित सामूहिक विवाह



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धईया आमंत्रण विवाह स्थल में सामाजिक संस्था 'पंख एक नई दिशा' आगामी एक जून को दहेज रहित 11 जोड़ो का सामूहिक विवाह कराएगी। संस्था की अध्यक्ष पिंकी गुप्ता ने बताया कि विवाह में 11 जोड़ों को संस्था के सदस्याओं द्वारा कपड़ा लहंगा, बर्तन, गद्दा, तकिया, पेटी, श्रृंगार का पूरा सामान एवं पलंग सहित अन्य गृहस्थी बसाने का यथा संभव सामग्री भी दी जाएगी। बताया कि बारात टोटो सजा कर बैंड बाजे के साथ निकली जाएगी। इस नेक कार्य को सफल बनाने में सुषमा प्रसाद, नम्रता गुप्ता, गायत्री गुप्ता, सुधा गुप्ता, रेखा गोयल, बबिता सिंह, रंजना सिंह, कल्पना रंजन, नीतू मुस्कान, सुशीला ओझा, पूनम सिंह, मनीष गुप्ता, शशि शेखर गुप्ता आदि का सराहनीय योगदान है। बताया गया कि एक जून को ही कन्यादान के साथ रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया है।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत लाभुकों के बीच पशुओं का हुआ वितरण



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत फुसरो के पशु चिकित्सा कार्यालय में गुरुवार को कई लाभुकों के बीच बकरी-बकरे का वितरण किया गया। यहां बेरमो बीडीओ मुकेश कुमार और पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुजाता मुखर्जी ने संयुक्त रूप से लाभुकों के बीच पशुओ का वितरण किया। बेरमो बीडीओ ने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना परिवारों में अतिरिक्त आय वृद्धि के लिए सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। परिवार में वैकल्पिक आय स्त्रोत का सृजन हो इसी उद्देश्य से योजना को लाभुकों तक पहुंचाया जा रहा है। सरकार ने बकरी, सूअर, बत्तख और मुर्गी पालन जैसी योजनाओं से ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का निर्णय लिया है। वहीं, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुजाता मुखर्जी ने बताया कि योजना के तहत सैकडो परिवारों को लाभ दिया जाना है। इसी के तहत दर्जन भर परिवार को योजना का लाभ दिया गया है। अन्य कई लाभुकों को भी लाभ दिया जाना है। इस मौके पर विजय यादव, प्रदीप राम, प्रकाश करमाली, महताब आलम, मुख्तार आलम, लाभुको में यशोदा देवी, राहुल कुमार महतो, पुष्पा देवी, चुनचुन कुमार, विजय पासवान आदि मौजूद थे।

## एनएसयूआइ ने कतरास महाविद्यालय में की ड्रेस कोड बदलने की मांग की



**कतरास (आजाद सिपाही)।** राज्यपाल-मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में ड्रेस कोड के कारण शामिल होने से वंचित कतरास महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं में भारी आक्रोश है। बतातें चलें कि 20 मई को विश्वविद्यालय में बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें मुख्य रूप से राज्यपाल और मुख्यमंत्री शामिल हुए थे। इसमें विश्विद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को भी समारोह में बुलाया गया था। इस दौरान कतरास महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं भी समारोह में शामिल होने पहुंचे थे, लेकिन ड्रेस कोड के कारण विश्विद्यालय के एक क्लास रूम में जाने के बाद उन्हें समारोह में आने से रोक दिया दिया गया। महाविद्यालय के प्रोफेसर का कहना था कि काला दुप्पटा और काला पजामा होने के कारण छात्रों को रोका गया था। इसी को लेकर छात्रों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि अगले महीने या कुछ दिन बाद विश्वविद्यालय में राष्ट्रपति दौपदी मुर्मू भी आने वाली हैं। उसमें भी उन्हें समय पर बुलाया जाएगा, लेकिन फिर ड्रेस कोड काला पहने के कारण हमें मुख्य समारोह में जाने से रोका जाएगा। हम सभी लोग उक्त कार्यक्रम में शामिल होने चाहते हैं। इसी लिए ड्रेस कोड के नियम में बदलाव किया जाय। वहीं छात्र प्रतिनिधि तारिक अनवर ने कहा कि छात्रों के साथ अन्याय हुआ है। इतने दूर से समय निकाल कर कार्यक्रम स्थल पहुंचे थे। बावजूद इसके छात्राओं को काला दुपट्टा और कला पजामा के कारण रोका गया। अब राष्ट्रपति भी आने वाली है। उसमें अगर सभी छात्रों का ड्रेस कोड होने के कारण फीस समारोह में जाने से रोका जाएगा। इसलिए ड्रेस कोड बदलवाना चाहिए। ड्रेस से काला रंग हटेगा तो सभी प्रकार के समाहोह में जाने की अनुमति मिल सकती है। इस बाबत प्राचार्य से भी बात हुई हैं। उन्होंने आश्वासन दिया है कि इस पर विचार किया जाएगा। मौके पर शाहबाज खान, अमन खान, प्रदीप कुमार, इमरान खान, आकाश सिंह उपस्थित थे।

### विधायक ने 100 मीट्रिक टन क्षमता के गोदाम निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

# लैंपस गोदाम बनने से किसानों को मिलेगा लाभ : राज सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** विधायक राज सिन्हा ने गुरुवार को बरडुभी लैंम्पस लिमिटेड में 100 मीट्रिक टन क्षमता के गोदाम एवं समशिखरा लैंम्पस लिमिटेड में 100 मीट्रिक टन की क्षमता के गोदाम निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने शीलापट्ट अनावरण करते हुए गोदाम निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि गोदाम का उपयोग पूर्ण रूप से लैंपस के नियंत्रण में होगा। जिसमें स्थानीय किसानों के लिए प्रत्येक मौसम में वितरित किये जाने वाला बीज और खाद का उचित भंडारण



गोदाम निर्माण कार्य का शिलान्यास करते विधायक राज सिन्हा।

किया जा सकेगा। किसानों से धान की खरीद होने के बाद गोदाम के अभाव में उचित रखरखाव की व्यवस्था नहीं हो पाती थी। इससे धान के सड़ने की संभावना बनी रहती थी। चावल मिल ऐसे धान का उठाव करने से परहेज करते थे। विभाग एवं खुद उन्होंने इन परेशानियों को दूर करने के लिए सतत प्रयत्नशील रहे। अब बड़े गोदाम में धान रखने का निर्णय लिया गया। विधायक ने कहा कि लैंपस गोदाम बन जाने से क्षेत्र के किसानों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। अब किसानो को धान बेचने के लिए अन्य सुदूर क्षेत्रों में जाना नहीं पड़ेगा। इस मौके पर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सब बरडूभी के मुखिया मनोज सिंह, दुबराजडीह के मुखिया रमेश सिंह, समसिखरा के मुखिया चक्रधर महतो, उप मुखिया अखिलेश सिंह, पूर्व मुखिया संजय महतो, पूर्व मुखिया छोटू दास, मनोज मालाकार, सदानंद बरनवाल, राजीव महतो, राहुल सिंह, संतोष पासवान, राजेश रजक, शिवनंदन पासवान, प्रदीप पासवान, विजय सिंह, रिंटू सिंह, करण सिंह और रमेश सिंह आदि उपस्थित थे।

## गोमिया में भाजपाइयों ने किया रघुवर दास का भव्य स्वागत



**आइइएल (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत गोमिया पोस्ट ऑफिस मोड़ के समीप भापजा गोमिया मंडल अध्यक्ष मोहन कुमार के नेतृत्व में पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का भव्य स्वागत किया। इस दौरान जिला परिषद सदस्य सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र राज, दुलाल प्रसाद, गंदौरी राम, रोहित यादव उपस्थित थे। बताते चलें कि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास सड़क मार्ग से ललपनिया के अय्यर गांव आदिवासी पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे थे। इसी क्रम में गोमिया के विभिन्न जगहों पर उनका बुके एवं शॉल ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मोहन कुमार ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का कार्यकाल झारखंड का ऐतिहासिक कार्यकाल रहा है। इस मौके पर राजकुमार प्रसाद, आशा पासवान, अजय तिवारी, दीपक ठाकुर, ओम किंकर वर्मा, काजल कुमारी, सोनी साहू, दीपक कुमार, राजेंद्र साहू, रामदेव प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## जेएलकेएम की महिला शाखा ने जनता दरबार लगाकर सुनी महिलाओं की समस्याएं

**गोविंदपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत मंडरो ग्राम में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के बैनर तले गुरुवार को जनता दरबार लगाया गया। जिसकी अध्यक्षता महिला जिला अध्यक्ष डिंपल चौबे एवं संचालन पंचायत महामंत्री सीमा राय ने किया। इस अवसर पर सैकड़ों महिलाओ ने अपनी-अपनी समस्याओं से पार्टी जिला अध्यक्ष को अवगत कराया। कुछ समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने दर्जनों समस्याओं का आवेदन जिला कमेटी सौंपा। इस अवसर पर जिला महिला अध्यक्ष डिंपल चौहान ने कहा कि जेएलकेएम 24 घंटे जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए संकल्पित है। भ्रष्टाचार एवं शोषण मुक्त नव झारखंड का निर्माण करना ही हमारा लक्ष्य है। इसे देखते हुए धनबाद जिले में जगह-जगह जनता दरबार का आयोजन कर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। इस मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा के केंद्रीय महामंत्री सद्दाम हुसैन, युवा मोर्चा के केंद्रीय सचिव चंदन महतो, सीमा राय, झुनकी देवी, माला देवी, फुचू देवी, गीता देवी, कौशल्या देवी, अनीता देवी, माया देवी, मोती देवी और झालू देवी आदि उपस्थित थीं।

## पिस्टल-कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** जोगता थाना क्षेत्र से बुधवार की रात पुलिस ने एक आपराधिक साजिश को नाकाम करते हुए शातिर बदमाश को हथियार सहित गिरफ्तार किया है। वरीय पुलिस पदाधिकारी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। सूचना मिली थी कि कुछ बदमाश क्षेत्र में किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। वे लोग बाइक से चक्कर लगा रहे हैं। इसी सूचना के आलोक में पुलिस ने पुराना श्याम बाजार स्थित सीआईएसएफ कैंप के पास वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान एक सफेद रंग की बाइक पर सवार एक संदिग्ध युवक रोका गया। उसकी तलाशी के दौरान पुलिस को उसके पास से एक देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ। युवक की पहचान रोशन कुमार उर्फ रोशन भारती (28) के रूप में हुई है। वह जोगता थाना क्षेत्र के ही सजुआ 10 नंबर मोड़ का रहने वाला है। पूछताछ में रोशन ने अपने अन्य साथियों के बारे में भी जानकारी दी है। जिसके आधार पर पुलिस छापामारी कर रही है। बताया जा रहा कि वारदात को अंजाम देने के लिए वह अपने सहयोगियों के साथ सक्रिय रूप से योजना बना रहा था।

### जागरूकता रथ रवाना, तंबाकू के हानिकारक प्रभावों की देगा जानकारी

# तंबाकू मुक्त स्वस्थ समाज के निर्माण में लोग दें अपना योगदान: उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** डीसी माधवी मिश्रा ने गुरुवार को समाहरणालय परिसर से राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि प्रति वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। तंबाकू मुक्त भविष्य के लिए युवाओं को आगे आना होगा। कहा कि इस वर्ष तंबाकू के सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य खतरों और इसके नियंत्रण के उपायों के बारे में व्यापक जागरूकता फैलाने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। साथ ही कोटपा 2003 के विभिन्न प्रावधानों एवं द प्रोहिबिशन ऑफ इलेक्ट्रॉनिक सिगरेटस एक्ट 2019 (पीइसीए) का प्रभावकारी अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए इस इस



वर्ष की थीम 'तंबाकू दिखावे का दम, इरादों में जहर! आकर्षण के पीछे का खतरनाक सच! है। उन्होंने कहा कि इन जागरूगकता रथों को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भेजा जाएगा। जहां ये ऑडियो और प्रचार सामग्री के माध्यम से आम जनता को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जानकारी देंगे। यह लोगों को तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित करेंगे और उन्हें सहायता प्राप्त करने के लिए उपलब्ध संसाधनों के बारे में भी बताएंगे। डीसी ने जिले के सभी नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने और तंबाकू मुक्त स्वस्थ समाज के निर्माण में अपना योगदान देने की अपील की है। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ चंद्र भानू प्रतापन, जिला नोडल पदाधिकारी, जिला तम्बाकू नियंत्रण कोषांग डॉ मंजू दास, जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीरज यादव, जिला परामर्शी राहुल कुमार, उमा शंकर मंडल, लालदेव रजक और सोशल वर्कर शुभांकर मैत्रा आदि मौजूद थे।

## ड्यूटी के दौरान गिरकर सीसीएल कर्मी घायल

**कथारा(आजाद सिपाही)।** स्वांग गोविन्दपुर फेस टू कोलियरी में काम के दौरान गिरकर 56 वर्षीय सीसीएल कर्मी जागेश्वर यादव घायल हो गये।


**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
**(Govt. of Jharkhand Undertaking)**
JUIDCO Bhawan, Kutchary Road, Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878,
CIN: U45200JH2013SGC001752, e-mail Id-juidcolimited@gmail.com

**NIT No.: JUIDCO/NIT/OB LATEHAR/653**
**Date- 22.05.2025**
**e-Procurement (Tender Notice)**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction of New Nagar Panchayat Office Building at Latehar under Latehar Nagar Panchayat |
| 2 | Mode of Bid Submission | e-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 3 | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 9,73,46,387/- (Rupees Nine Crore Seventy-Three Lakh Forty-Six Thousand Three Hundred and Eighty-Seven) only. |
| 4 | Time of Completion | 11 Months (Including Monsoon & Mobilization Period) |
| 5 | Tender Fee and Bid Security to be submitted online | Tender document fee : Rs 25,000/- (Rupees Twenty-Five Thousand) only Non-Refundable. Bid Security : Rs 9,73,500/- (Rupees Nine Lakh Seventy Three Thousand Five Hundred) only |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 23.05.2025 17:00 Hrs |
| 7 | Last Date/Time of Bid Submission | 13.06.2025 17:00 Hrs |
| 8 | Date/Time of opening of Bid | 14.06.2025 17:30 Hrs |
| 9 | Bid Submission Address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Ltd., JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi, Jharkhand- 834001 |
| 10 | Helpline Number of e-procurement Cell | 0651-2225878 |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd, Ranchi

PR.NO.353204 Urban Development and Housing(25-26):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार।**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:–05/2025–26 (द्वितीय आमंत्रण)**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 29.05.2025 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 30.05.2025 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 30.05.2025 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
   2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
   3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
   कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र.सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Renovation work of ITI Hostel Building at Barwadih in Latehar District. | 30,30,640/- | 61,000/- | 5,000/ | 02 (Two) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार ।

PR.NO.353197 Building(25-26):D



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लातेहार**
समाहरणालय परिसर, दूसरी मंजिल, लातेहार
दूरभाष सं0 : 06565–248083, ई-मेल : ssalatehar@gmail.com

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, रॉंची के पत्रांक GE/08/132/2019-20/2648 दिनांक 12.10.2022 के आलोक में लातेहार जिले के अन्तर्गत प्रखण्डों में संचालित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय तथा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय सरयू में खाद्यान्न, दूध, सब्जी, फल, अण्डा, मांस, मछली, स्टेशनरी, पोशाक, इत्यादि सामग्रियों की आपूर्ति हेतु निबंधित आपूर्तिकर्त्ताओं से सीलबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। प्रत्येक पैकेज के लिए 1000/– रूपये राष्ट्रीयकृत बैंक के DEO-CUM-DPO, SSA LATEHAR के नाम से भुगतेय अप्रतिदेय (NON REFUNDABLE) डिमांडड्रॉफ्ट, आवेदन के साथ समग्र शिक्षा कार्यालय, डी0आर0डी0ए0 बिल्डिंग, द्वितीय तल लातेहार में निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकेगा। निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि 22.05.2025 से 02.06.2025 अपराह्न 05:00 बजे तक है तथा दिनांक 22.05.2025 से 02.06.2025 तक अपराह्न 05:00 बजे तक निविदा समग्र शिक्षा अभियान जिला कार्यालय लातेहार में जमा किया जा सकता है। निविदा खोलने की विद्यालयवार विस्तृत विवरणी निम्नवत् है–

| निविदा से संबंधित विद्यालयों की विवरणी | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|
| कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, गारू (पैकेज–01,02,03,04)<br>कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, बालूमाथ (पैकेज–04)<br>नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय सरयू (पैकेज–01,02,03,04)<br>झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, महुआडांड पैकेज–01,02,03,04<br>झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, हेरहंज पैकेज–04<br>झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, बारियातु पैकेज–04 | निविदा खोलने की तिथि:– 04.06.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे। |

इच्छुक निविदादाता के द्वारा निविदा प्रपत्र को पूर्ण रूपेण भरते हुए निविदा प्रपत्र को दो अलग–अलग सीलबन्द लिफाफे में जमा किया जाना है, जिसमें विद्यालय का नाम, तकनीकी बीड, वित्तीय बीड तथा पैकेज का नाम स्पष्ट रूप से अंकित हो। निविदादाता को प्रत्येक विद्यालय तथा प्रत्येक पैकेज के लिए अलग–अलग निविदा जमा करना होगा।

निविदा में किसी भी प्रकार के सशोधन/रद्द/विभक्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। निविदा से संबंधित सभी सूचना आदि को जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह– जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा अभियान, लातेहार

PR 353227 Human Resource Developement (25-26)_D



**उपायुक्त- सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, हजारीबाग**
**(खनन शाखा)**

**सूचना**

मेसर्स JSMDC से प्राप्त पत्रांक 456, दिनांक 15.04.2025 एवं माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय, रॉंची द्वारा वाद सं0–5927/2024 में दिनांक 24.02.2025 को पारित आदेश के आलोक में एतद् द्वारा हजारीबाग जिलान्तर्गत वैसे सभी सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, (जिनका वार्षिक खपत 10,000 MT तक हो), जो कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के नई कोयला वितरण नीति 2007 के तहत झारखण्ड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड, डोरण्डा रॉंची से कोयला प्राप्त करने के लिये इच्छुक हो, से आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

सभी आवेदक अपने आवेदन के साथ निम्नांकित दस्तावेज संलग्न करते हुये अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें ।

1. Copy of PAN.
2. GSTIN Certificate.
3. Income Tax return of proceeding Assessment Year.
4. Bankers Certificate with attested photo and signature of the applicant.
5. CTO from State Pollution Control Board (JSPCB).
6. Capacity Assessment Certificate issued by MSME, Kokar/Dhanbad.
7. Electricity Bill of last three months/Diesel Bill, if operated by Generator set.
8. Entrepreneurs Memorandum (Udyog/Udyam Aadhar).
9. Audited Financial Statement of last 3 (three) Financial years (in case of old entities).
10. Any of the Government Identity Proof of Proprietor/Partner (as applicable) (Aadhar/Passport/Voter ID etc.)
11. Food & Drug Administration permit (FSSAI License) for food product/edible Oil and similar industries.
12. Copy of Board Resolution/Letter of authorization for authorized signatory, in case of company/partnership firm including LLP.
13. Notarized copy of Partnership Deed/Article of Association (as applicable).
14. EPFO registration details (as applicable)
15. Self Declaration of not having coal linkage from any coal companies.
16. Stock Statement issued by a Chartered Accountant.

ह0/–
उपायुक्त, हजारीबाग।

PR.NO.353169 Mines and Geology(25-26):D

# साइबर क्राइम के आरोपी मेराज की पुलिस हिरासत में हुई मौत, आक्रोश

**परिजनों ने सदर अस्पताल पहुंच कर हंगामा किया**

**सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**देवघर।** बुधवार दोपहर में साइबर क्राइम के आरोप में साइबर थाना एवं स्थानीय थाना की पुलिस ने पालोजोरी थाना क्षेत्र के दुधनी गांव में छापेमारी कर साइबर क्राइम के आरोप में 4 युवकों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने सभी युवकों को साइबर थाना लाकर उसके पास से जप्त मोबाइल सिम कार्ड की जांच पड़ताल कर रही थी। उसी दौरान 35 वर्षीय मेराज अंसारी की अचानक तबियत बिगड़ गई उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां ऑन ड्यूटी डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी उनके परिवार वाले को होने पर सभी लोग सदर अस्पताल पहुंचकर हो हंगामा किया। उसके बड़े भाई ने बताया कि पुलिस की मनमानी से स्थानीय लोग परेशान हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि छापेमारी के दौरान पुलिस ने भाई एवं अन्य युवकों को हिरासत में लिया इस समय से मारपीट करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर लोगों को भी गाली गलौज किया है। उन्होंने पुलिस पर अंगुली उठाते हुए पूछताछ के दौरान पीट पीट कर मार देने का आरोप लगाया है। सबका पोस्टमार्टम होने के बाद सबको पालोजोरी ले जाया गया, जहां पर उग्र ग्रामीण और उनके परिजन के द्वारा सड़क जाम किया गया और जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया इस दौरान सूचना मिली है कि पुलिस और आम जनता में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। इस दौरान पत्थरबाजी की भी घटना की सूचना है। वही पुलिस के द्वारा आंसू गैस के गोले भी छोड़ने की सूचना है फिलहाल स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है हालांकि इस विषय पर पुलिस के किसी तरह के भी कोई अधिकारी बोलने के लिए तैयार नहीं है। परिजन का बार-बार आप है कि पुलिस कस्टडी में मेराज को मार मार कर हत्या कर दिया गया फिलहाल पूरे इलाके में पुलिस की तैनाती की गयी है।

# पुलिस निरीक्षक रेल अंचल ने रेल थाना का किया निरीक्षण

**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** सर्किल रेल पुलिस इंस्पेक्टर जसीडीह सोनेल हांसदा ने गुरुवार को मधुपुर रेल थाना का निरीक्षण किया । उन्होंने मधुपुर जीआरपी थाना में दर्ज विभिन्न मामलों का अवलोकन करते हुए लंबित कांडों का निष्पादन करने का निर्देश दिया । उन्होंने श्रावणी मेला को लेकर ट्रेन में रेल यात्रियों की सुरक्षा पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए । बताया जाता है कि श्रावणी मेला की तैयारी को रेल पुलिस जुट गया है । मेला के दौरान या रेल यात्रियों की सुरक्षा पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी । जेबकतरा, चोर उचक्कों पर अंकुश लगाने के लिए रेल पुलिस रणनीति बनाने में जूट गई हैं। मौके पर रेल थाना प्रभारी कार्तिक महतो, सब-इंस्पेक्टर अरविंद सिंह, एएसआइ दिवाकर चौधरी, अवधेश राय, रवि टुडु आदि उपस्थित थे।

# अवैध आरा मिलों पर वन विभाग की कार्रवाई, निरीक्षण और जब्ती की गयी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**देवघर ।** वन प्रमंडल द्वारा अवैध आरा मिलों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई पलोजोरी और सारठ प्रखंडों में चल रही अवैध लकड़ी कटाई और प्रसंस्करण की रोकथाम हेतु की गई, जिससे अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। गुप्त सूचना के आधार पर वन प्रमंडल पदाधिकारी के निर्देशानुसार वन क्षेत्र पदाधिकारी एस पी सिंह के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। इस टीम ने थाना अंतर्गत ग्राम पांडे मोरियाटो में संचालित अवैध आरा मिल को ध्वस्त किया और वहां मौजूद अवैध लकड़ी के चिरान को जब्त कर मनीगुंडी कार्यालय भेजा गया। तत्पश्चात खगरा थाना अंतर्गत ग्राम करसरायडीह में भी छापा मारा गया, जहां अवैध आरा मिल संचालित पाया गया। यह मिल स्वर्गीय मंसूर मियां के पुत्र सलीम द्वारा संचालित की जा रही थी। मौके से भारी मात्रा में लकड़ी का चिरान बरामद किया गया, जिसे वन परिसर कार्यालय भेजा गया। इस कार्रवाई में वन उपपरिक्षेत्र पदाधिकारी आशुतोष, प्रकाश राणा, मंदार सोरेन, धीरज कुमार, विकास कुमार, अजय कुमार, नितेश रंजन, संजीव कुमार व प्रमोद राणा भी शामिल रहे। वन विभाग ने यह स्पष्ट किया कि जिले भर में चल रहे अवैध आरा मिलों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

पीएम सूर्य घर - मुफ्त बिजली योजना
आवश्यकता
प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में काम करने हेतु झारखंड एवं बिहार के प्रत्येक प्रखंड एवं जिला स्तर पर लड़के लड़कियों की आवश्यकता है। मानदेय 30000 से 40000 प्रति माह। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें:-
0651-4601783, 08809307388
Mettaz Services, Ashok Nagar, Road No 1, D-104

MEENA GENERAL HOSPITAL
(A Unit of Meena Hospital Pvt.Ltd.)
SPECIALTIES: Anesthesiology. Critical Care. Dental. Internal Medicine. Lab & Radiology. Obstetrics & Gynecology. Ophthalmology. Pediatrics & Neonatology. Urology. General Surgery. Orthopedics & Trauma. Physiotherapy.
Ambulance Facilities
Ghujadih, G.T.Road, Near Kulgo Toll Plaza, P.s.- Dumri, Giridih, (Jh.) 8969984705

Saddam 7645010000
H.Q. MOTORS
Sale Purchase & Exchange of used Bike & Scooty
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुरानी मोटरसाईकिल एवं स्कुटी की खरीद और बिक्री होती है।
रिपेरिंग और सर्विसिंग होती है।
फाइनेंस उपलब्ध है
Old Hazaribag Road, Near, Mangal Tower, Kanta Toli Ranchi

HEALMAX HOSPITAL
Healing To The Maximum
Visit Now
3rd Floor, Chhat Talab Road, Govindpur, Dhanbad - 828109
(Opposite Police Station, National Highway 2)

Reg. no. JH-20-0100987
BUBU PLAY SCHOOL
ADMISSION OPEN
SESSION 2025-26
AGE GROUP
Play Group - 2 to 3 years
Nursery - 3 to 4 years
L.K.G - 4 to 5 years
U.K.G - 5 to 6 years
ADDRESS
NAGRI - BUKRU (NEAR JATRA MAIDAN) KANKE, RANCHI (JH.) 834006
CONTACT NO. +91-9334814668 +91-9798295759
REGISTER NOW
WEBSITE : bpsranchi.com
EMAIL ID : bubuplayschool2025@gmail.com

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | Nursery | KG - I | KG - II
Tiril Road, Kokar, Ranchi | 9661169815

आँख अस्पताल THIRD EYE CLINIC
अच्छा देखना सबका अधिकार
आंखो का विश्वस्तरीय जाँच नेपाल के सुप्रसिद्ध डॉक्टर के द्वारा
DR. VISHAL CHOUDHARY
MBBS, MS (OPHTHAL) (RIMS RANCHI)
FICO (I) (U.K. LONDON)
Hospital : N.H.-33 Near Madarsha, Irba, Ormanjhi, Ranchi - 7903381944
Branch : Bandhgadi, Dipatoli, Ranchi - Mob.: 9031984410

NEON ENTERPRISES 8210108590 8789361453 8709790158
आधार सुधार
पैन कार्ड, वोटर कार्ड, मजदूर कार्ड, E-STAMP, राशन कार्ड, पैसा निकासी, स्मार्ट कार्ड प्रिंट
अपोइंटमेंट लेकर जाने से: फार्म नहीं भरना पड़ता है, लाईन नहीं लगना पड़ता है, काम जल्दी हो जाता है
फोटो कॉपी, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट फोटो प्रिंट, जाति, आवासीय, आय, जमीन रसीद होल्डिंग, ऑनलाइन फार्म, पीएफ अप्लाई
Digital Print Designing & Advertising
Shop No.110(A) मंगल टावर, कांटाटोली चौक, रांची (झारखंड)

7903636615 8434179089
www.shreebhartiplywood.com
shreebhartiplywood@gmail.com
SHREE BHARAT PLYWOOD
PLYWOOD | LAMINATES | VENEER
OLD H.B ROAD, KOKAR, RANCHI - 834001

EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
PRE-SCHOOL
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG & CLASS 1 TO 5
AGE FROM-1.8 TO 11 YEARS
Heureka, Euphonics, Mathlab, Scientific-Spark, Eurofit, Yogakids, Euro-Music, Mindful+
ENROL NOW 2025-26
Rims Road, Tunki Tola, Kokar Ranchi // Mob:-7903079507 / 8092334348

V अलंकार ज्वेलर्स
सोना चाँदी का थोक भाव में रिटेल विक्रेता
CERTIFIED GEMS
पुराना सोना खरीद बिक्री की जाती है
तिरिल रोड, कोकर
7488705225
7992284114

PROPERTIES DEALER
जमीन, फ्लैट, मकान
खरीदने व बेचने एवं अपनी जमीन में बिल्डर द्वारा फ्लैट बनवाने के लिए
सम्पर्क करें
मो. 8102553784 9308973643
WATER WORLD
बोरिंग के लिए संपर्क करें ।
Lower P.P. Compound Near Gurunanak, School, Ranchi

100% आयुर्वेदिक 100% इलाज
आयुर्वेदिक अपनाएँ खुशहाल जीवन पाएँ ।
शुगर / बी. पी / थाइरोड / जोड़ो में दर्द / खुनी बवासीर / खाँसी / दम्मा / सांस का रोग/T.V. / मोटापा का 100% ईलाज / लकवा साईटिका /पथरी का 100% ईलाज / दाद / खाज / खुजली / बालों का झड़ना सभी प्रकार का ईलाज किया जाता है ।
यहाँ मशीन के द्वारा भी चेकअप किया जाता है ।
जोड़ों का दर्द में 24 से घंटे में रिजल्ट देखें 100%
7296007167
NH.33 अनान्दी, ओरमाँझी, राँची, झारखण्ड

HOTEL RAMA
AC & NON- AC ROOMS
BOOK NOW 7667855282 9693591164
Add.- H.B. Road, Dipatoli, Near Jharkhand Cancer Center, Kokar, Ranchi

RAJU ELECTRICAL
Sales & Service
FAN COOLER, WASHING MACHINE RO WATER, FREEZ, MIXI, IRON, CUTTER MACHINE DRILL MACHINE, GEYSER DTH ALL BRAND
HOUSE WIRING ALL PRODUCT 7979085323
Kokar, Haider Ali Road, Jamun Toli, Kokar, Ranchi

TEXMO
Borewell Submersibles
Single Phase/Three Phase
Domestic/Agricultural/Industrial Pumps
AQUATEX
Agricultural Monoblocks
Open-well Submersibles Pumps
Pressure Boosting Systems
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by
AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer : PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

EXPERIENCE Happy Riding
मात्र ₹ 38,000/- On Road
• बैटरी स्कूटी
• कम लागत
• कम रखरखाव
• लाइसेंस मुक्त
• एक साल की वारंटी
• 60 किलोमीटर रेंज
CONTACT FOR DEALERSHIP
J.K SALES
Pillar No. 83, In Between O.T.C. Ground & Piska More
Ratu Road, Beside M-Bazar, Lakdi Tall, Ranchi
M.- 9386070011

प्रकाशित
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS - XI 2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE
All Subjects Combined in ONE BOOK
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, B. G. STREET, THARPAKHNA RANCHI (JHARKHAND) - 834 001

Breakfast & Lunch on all menu Items in Restaurant.
(A unit of Prayas Hospitalities Pvt. Ltd.)
श्री KRISHNA Pure Veg Restaurant
• Indian • Rajasthani • South Indian • Chinese
2nd Floor Pitambar Estate, Khelgaon Chowk, Ranchi
FREE HOME DELIVERY Time : 10:30 AM to 11.00 P.M
Mob.-9942000940, Ph.- 0651-3139475

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**